महाकविराजशेखर कृत

कर्पूरमञ्जरी

मूल, संस्कृत-छाया, अन्वय, मनोरमा संस्कृत-हिन्दी व्याख्या तथा
विशेष टिप्पणी सहित

व्याख्याकार :
डॉ० सुदर्शनलाल जैन

भारतीय विद्या प्रकाशन
वाराणसी — दिल्ली

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

महाकविराजशेखरकृत

कर्पूरमञ्जरी

[कप्पूरमंजरी]

(मूल, संस्कृत छाया, अन्वय, मनोरमा संस्कृत-हिन्दी व्याख्या, विशेष टिप्पणियाँ)

व्याख्याकार

डॉ० सुदर्शन लाल जैन

एम० ए०, पी-एच० डी० (साहित्य, प्राकृत जैनदर्शन)

संस्कृत विभाग, कला संकाय

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

प्राक्कथन

प्रो० विश्वनाथ भट्टाचार्य

भू० पू० संस्कृत विभागाध्यक्ष

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

भारतीय विद्या प्रकाशन

वाराणसी दिल्ली

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रकाशक :

© भारतीय विद्या प्रकाशन

(१) कचौड़ी गली, वाराणसी—२२१००१

(२) १, यू० बी० जवाहर नगर, बंग्लो रोड, दिल्ली-११०००७

●

संस्करण : प्रथम

सन् : १९८३

मूल्य : २०-००

●

मुद्रक :

सुधीर कुमार चतुर्वेदी

सुदर्शन मुद्रक,

६३/४२, उत्तर बेनिया बाग,

वाराणसी।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्राक्कथन

संस्कृत और प्राकृत भाषाओं का घनिष्ठ साहचर्य प्राचीन संस्कृत साहित्य का अनुपम वैशिष्ट्य रहा है उसका सर्वोत्तम निदर्शन कवि-समीक्षक राजशेखर की कृतियों में उपलब्ध होता है। अलङ्कार-शास्त्रियों ने, विशेषकर ध्वनिवादी आचार्यों ने संस्कृत के समान्तराल प्राकृत पद्यों के उद्धरण प्रस्तुत किये हैं। इससे यह निर्विवाद सिद्ध होता है कि प्राकृत और संस्कृत एक दूसरे के परिपूरक हैं। कवि राजशेखर युगपत् संस्कृत और प्राकृत के अधिकारी विद्वान् तथा कुशल कवि के रूप में संस्कृत-साहित्य में विख्यात हैं।

यह सर्वविदित है कि राजशेखर साहित्य के पारंगत समीक्षक होने के साथ-साथ कुशल कवि भी हैं। कारयित्री और भावयित्री के रूप में प्रतिभा का जो विभाजन उन्हें इष्ट है, वे स्वयं इन दोनों प्रतिभाओं के यौगपद्य के उत्कृष्ट निदर्शन हैं। काव्यमीमांसा की विचारप्रौढ़ता और बालरामायण, कर्पूरमञ्जरी आदि नाटचकृतियों की कल्पनाकुशलता राजशेखर की अनुपम प्रतिभा की परिचायक हैं। इस कवि को प्राकृत विशेष प्रिय लगती थी, इसमें कोई सन्देह नहीं है। केवल प्राकृत की मधुरता का उल्लेख मात्र कर वह सन्तुष्ट नहीं होते अपितु प्राकृत में ही नाटचरचना के लिए सन्नद्ध हो जाते हैं। कर्पूरमञ्जरी नाम की उनकी नाटचकृति प्राकृत में उपलब्ध नाटचकृतियों में प्रथमतम और संस्कृत भाषा के निष्णात एक कवि के द्वारा लिखी गई प्राकृतमय रचना के रूप में अद्वितीय है।

सट्टक कोटि में ग्रथित यह नाटचकृति अत्यन्त जनप्रिय है। केवल प्राकृत में रचित होना भी इसकी जनप्रियता का अन्यतम कारण है। भारत के प्रायः सभी विश्वविद्यालयों में इसका पठन-पाठन होता है और प्राकृत के साथ-साथ संस्कृत के विशेषज्ञ विद्वान भी इसकी व्याख्या और समीक्षा करते आये हैं। सट्टक की कथावस्तु के मूल्यांकन के अतिरिक्त इसमें प्रयुक्त प्राकृत के जातिनिरूपण को लेकर भी व्यापक चर्चा हुई है। तान्त्रिकाचार का कविकालिक समाज में कितना बोलवाला था यह भी इस सट्टक में दृष्टिगोचर होता है। यह भी स्पष्ट है कि राजशेखर मूलतः संस्कृताश्रयी कवि हैं और

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

केवल अनुरागवश ही उन्होंने प्राकृत का आश्रय लिया है। संभवतः यही कारण है कि इसमें उपलब्ध श्लोक प्रसिद्ध संस्कृत छन्दों में ग्रथित हैं।

वाल्मीकि, भर्तृमेण्ठ और भवभूति से अपना सीधा सबन्ध जोड़ने वाले राजशेखर को हम यद्यपि उत्तमोत्तम कोटि का कवि नहीं मान सकते हैं फिर भी इतना तो निश्चित है कि वे सिद्धहस्त कवि हैं और स्थान-स्थान पर भावों के सूक्ष्म चित्रण में वे उच्चकोटि का अनायास स्पर्श कर जाते हैं। संस्कृत तथा प्राकृत दोनों में ऐसे अनेक श्लोक हम पाते हैं जो कविदृष्टि की विलक्षण सूक्ष्मता और भावप्रकाशन की निपुणता के द्योतक हैं। समीक्षक प्रायः सफल कवि नहीं होते, कवि भी सार्थक समीक्षक नहीं, पर राजशेखर एक सफल कवि और सार्थक समीक्षक हैं—यह स्मरणीय तथ्य उनकी अद्वितीयता का सबसे बड़ा प्रमाण है।

हमारे सहयोगी प्राध्यापक डा० सुदर्शनलाल जैन ने कर्पूरमञ्जरी का नवीन संस्करण प्रस्तुत किया है। प्रस्तुत संस्करण में विद्वान् संपादक ने अद्यावधि उपलब्ध सभी विद्वानों की विचारधारा का मन्थन कर नवनीत के रूप में अपने विचारों को प्रस्तुत किया है। प्राकृतभाषा का विशेष अध्ययन करने वाले डा० जैन ने इस सट्टक की जिस प्रकार छानवीन की है उसमें कवि और कविकृति के बारे में कोई भी प्रश्न अमीमांसित नहीं हैं। पाठक मात्र, चाहे वह अध्यापक हो या छात्र, इस संस्करण को पढ़ कर एतद्विषयक समस्त सामग्री एकत्र प्राप्त करेंगे और अन्य किसी संस्करण को देखने की आवश्यकता का अनुभव नहीं करेंगे, ऐसा हमारा अनुभव है।

डा० जैन ने श्लोकों का अन्वय प्राकृत में प्रथमतया जोड़ा है। यह स्तुत्य है। पर क्या प्राकृतभाषा में व्याख्या भी नहीं हो सकती थी ? मुझे तो लगता है कि प्राकृत को प्राकृत के माध्यम से पढ़ने-पढ़ाने की भावना रखने वाले विद्वान् संपादक को इस दिशा में भी सोचना उचित है।

डा० जैन का साधुवाद करते हुए हम इस सर्वोपयोगी संस्करण के सर्वत्र समादर की कामना करते हैं।

काशी हिन्दू विश्वविद्यालय/संस्कृत विभाग
१४–११–८३

विद्वानों के अनुगृहीत,
विश्वनाथ भट्टाचार्य

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रस्तावना

कथासार

प्रथम जवनिकान्तर :

[प्रमुख घटनाएँ—(१) वसन्तोत्सव, (२) विदूषक-विचक्षणा में झगड़ा, (३) योगीश्वर भैरवानन्द का आगमन, (४) कर्पूरमञ्जरी की उपस्थिति एवं उसका सौन्दर्य वर्णन, (५) राजा का पूर्वानुराग, (६) कर्पूरमञ्जरी का रानी विभ्रमलेखा के साथ जाना, (७) सन्ध्या वर्णन]

राजा चन्द्रपाल, देवी विभ्रमलेखा, विदूषक और परिजनवर्ग रंगमञ्च पर उपस्थित होते हैं। राजा और देवी वसन्त ऋतु की शोभा का वर्णन करते हुए एक दूसरे को बधाई देते हैं। इसी प्रसङ्ग में वैतालिक भी राजा और देवी को बधाई देते हैं। विदूषक भी अपने को विज्ञ (पण्डित) बतलाते हुए कहता है—'तुम सबमें मैं ही एक 'कालाक्षरिक' (मूर्ख या विद्वान्) हूँ।' इस पर विचक्षणा व्यङ्ग्य करती है और तब दोनों में काफी गाली-गलौज होती है। विदूषक के काव्य की अपेक्षा विचक्षणा के काव्य की जब तारीफ होती है तो विदूषक नाराज होकर चला जाता है परन्तु थोड़ी देर बाद योगीश्वर भैरवानन्द के साथ पुनः प्रवेश करता है। योगीश्वर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए विदूषक के परामर्श से विदर्भ नगर की अद्भुत सुन्दरी राजकुमारी कर्पूरमञ्जरी को स्नानावस्था में सबके समक्ष योगबल से उपस्थित करता है। राजा उसके अनुपम सौन्दर्य पर मुग्ध हो जाता है। कर्पूरमञ्जरी के परिचय से जब पता लगता है कि यह देवी विभ्रमलेखा की मौसी शशिप्रभा और मौसा वल्लभराज की पुत्री है तो देवी बहुत प्रसन्न होती है। देवी के अनुरोध पर योगीश्वर कर्पूरमञ्जरी को देवी के पास रहने के लिए कुछ दिनों को छोड़ देता है। साज-सज्जा करने हेतु देवी उसे अन्तःपुर में ले जाती है। तभी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वैतालिक-गण सन्ध्याकाल होने की सूचना देते हैं और सभी सन्ध्यावन्दना हेतु चले जाते हैं।

द्वितीय जवनिकान्तर :

[प्रमुख घटनाएँ—(१) राजा का विरह-सन्ताप, (२) विचक्षणा-विदूषक का मेल, (३) कर्पूरमञ्जरी की विरह वेदना का सूचक प्रेम-पत्र, (४) कर्पूर-मञ्जरी का शृङ्गार, (५) झूलोत्सव, (६) वृक्षों का दोहद कर्म, (७) कर्पूर-मंजरी द्वारा दोहद कर्म कराए जाने का रहस्योद्घाटन, (८) सन्ध्या वर्णन]

राजा और प्रतिहारी का प्रवेश होता है। राजा कर्पूरमञ्जरी की याद में विह्वल होकर निरन्तर उसके रूपसौन्दर्य का स्मरण करता है। प्रतिहारी राजा का ध्यान हटाना चाहता है परन्तु असफल रहता है। तभी विदूषक और विचक्षणा एक साथ उपस्थित होते हैं। उन दोनों में दोस्ती हो चुकी है। विचक्षणा केतकी दल पर लिखा कर्पूरमञ्जरी का प्रेम-पत्र राजा को देती है। स्वयं विचक्षणा भी राजा के वियोग से दीनहीना कर्पूरमञ्जरी की विरह-दशा का वर्णन करती है। इसी प्रसङ्ग में विदूषक भी राजा के विरह संताप का उद्घाटन करता है। पश्चात् राजा के द्वारा यह पूछने पर कि देवी ने कर्पूर-मञ्जरी को अन्तःपुर में ले जाकर किस प्रकार अलंकृत किया? विचक्षणा उसके प्रत्यङ्ग के शृङ्गार का वर्णन करती है। विदूषक भी सर्वालङ्कारों से अलंकृत उसके सर्वाङ्ग का वर्णन करता है परन्तु राजा उसके गीले सौन्दर्य के ध्यान में ही डूबा रहता है। विदूषक राजा का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करते हुए कहता है—'मैंने उसे सर्वालङ्कारों से अलंकृत बतलाया और तुम उसके गीले-सौन्दर्य में ही मस्त हो। अलङ्कारों से अलंकृत रूप की ओर ध्यान दो।' राजा इस बात पर कहता है कि स्वाभाविक सौन्दर्य ही वास्तविक सौन्दर्य है। साजसज्जा से वह सौन्दर्य ढक जाता है। क्या द्राक्षारस को शर्करा (चीनी) से मीठा बनाया जाता है? विचक्षणा राजा का पक्ष लेती है। विच-क्षणा कर्पूरमञ्जरी की विरहदशा की ओर पुनः संकेत करती है तथा विदू-षक से समझकर 'कार्यशेष' पूरा करने का आग्रह करती है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विदूषक राजा को कार्यशेष बतलाते हुए कहता है--'आज हिन्दोलन-चतुर्थी के दिन महारानी गौरीपूजा के बाद कर्पूरमंजरी को झूला में झुलायेंगी। उस समय आप मरकतकुंज में बैठकर कर्पूरमंजरी को झूलती हुई देखेंगे।' पश्चात् राजा और विदूषक दोनों कदलीगृह में स्थित मरकतकुंज से कर्पूरमंजरी को झूलते हुए देखते हैं। झूले का अद्भुत एवं सुन्दर वर्णन किया जाता है। जैसे ही कर्पूरमंजरी झूले से उतरती है राजा उसकी याद में पुनः विह्वल हो जाता है। विदूषक शिशिरोपचार-सामग्री लेने जाता है। रास्ते में शिशिरोपचार-सामग्री हाथ में लिए हुए विचक्षणा से मुलाकात होती है। वार्तालाप से दोनों को एक दूसरे के दर्शन तथा विरहसंताप का पता लगता है। राजा और कर्पूरमंजरी के विरह संताप के निवारण का कारण ज्ञात होने पर शिशिरोपचार सामग्री को फेंक दिया जाता है। योजनानुसार राजा मरकतकुंज से तमाल वृक्ष की आड़ से देवी के द्वारा आदिष्ट कर्पूरमंजरी को कुरवक, तिलक और अशोक वृक्षों का आलिङ्गनादि के द्वारा दोहद कर्म करते हुए सानुराग देखता है। पश्चात् सन्ध्याकाल हो जाने पर सभी लोग चले जाते हैं।

तृतीय जवनिकान्तर :

[प्रमुख घटनाएँ—(१) राजा का स्वप्नदर्शन एवं विदूषक का प्रतिस्वप्न वर्णन, (२) प्रेम आदि के स्वरूप की चर्चा, (३) कर्पूरमंजरी से राजा का मिलन, (४) चन्द्रोदय वर्णन, (५) देवी को राजा के प्रणय-व्यापार की खबर मिलना, (६) सुरङ्गद्वार से कर्पूरमंजरी का रक्षागृह में गमन]

राजा और विदूषक का प्रवेश होता है। राजा कर्पूरमंजरी के रूप का चिन्तन कर रहा है। विदूषक के पूछने पर राजा स्वप्न में कर्पूरमंजरी के मिलन का उद्घाटन करता है। इस पर विदूषक राजा का ध्यान वहाँ से हटाने के लिए कल्पित प्रतिस्वप्न का वर्णन करता है। विदूषक स्वप्न में देखता है कि वह गंगा जी की धारा में सो रहा है और मेघों ने उसे जल के साथ निगल लिया है; फिर मेघ के गर्भ में स्थित हुआ वह ताम्रपर्णी नदी के

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

संगम-स्थल समुद्र के ऊपर पहुँचता है। वहाँ तेज वर्षा होने पर विदूषक भी समुद्र की मुक्तासीपियों द्वारा ग्रहण कर लिया जाता है। पश्चात् वह सुन्दर और बड़े-बड़े ६४ मोतियों के रूप में बाहर निकाला जाता है जिसे सागरदत्त सेठ मोल लेकर हार बनवाता है। पश्चात् पाञ्चाल देश के राजा श्री वज्रायुध को एक करोड़ मुद्राओं में वह हार बेच देता है। राजा उस हार को रानी के गले में पहिना देता हैं। चाँदनी रात को राजा ने जब रानी का आलिङ्गन किया तो स्तनों के मध्य में हार के दब जाने से विदूषक की निद्रा टूट जाती है। राजा विदूषक के स्वप्न का तात्पर्य समझ जाता है। पश्चात् दोनों में प्रेम, यौवन और सौन्दर्य में अलङ्कारों की स्थिति पर विस्तृत विचार होता है। इसी समय नेपथ्य से कुरङ्गिका कर्पूरमंजरी के विरहसंताप का वर्णन करती है। राजा और विदूषक आगे बढ़ते हैं और कर्पूरमंजरी के पास पहुँच जाते हैं। जब कर्पूरमंजरी स्वागतार्थ उठती है तो राजा उसका हाथ पकड़कर रोकता है। कर्पूरमञ्जरी को पसीने से भीगा देखकर विदूषक वस्त्राञ्चल से हवा करता है जिससे दीपक बुझ जाता हैं। अन्धकार में राजा कर्पूरमञ्जरी का हाथ पकड़े हुए स्पर्श सुख का अनुभव कर ही रहे थे कि नेपथ्य से वैतालिक चन्द्रोदय की सूचना देता है। सभी चन्द्रोदय का वर्णन करते हैं। इधर देवी को राजा और कर्पूरमंजरी के प्रणय-व्यापार की सूचना मिल जाती है परन्तु देवी के आने के पूर्व ही कर्पूरमञ्जरी सुरङ्गद्वार से रक्षागृह में चली जाती है। राजा और विदूषक भी चले जाते हैं।

चतुर्थ जवनिकान्तर :

[**प्रमुख घटनाएँ**—(१) ग्रीष्म वर्णन एवं विरह ताप की तीव्रता, (२) कर्पूरमंजरी का कारावास, (३) वटसावित्री के महोत्सव में चर्चरी आदि विविध नृत्यों का वर्णन, (४) राजा का घनसारमंजरी (कर्पूरमंजरी) से विवाह, (५) चक्रवर्ती पद की प्राप्ति, (६) भरत-वाक्य]

राजा और विदूषक का प्रवेश होता है। राजा ग्रीष्म ऋतु में विरह-संताप से व्याकुल है। विदूषक अपने को ग्रीष्म-संताप और विरहसंताप दोनों

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

से परे बतलाता है, इस पर नेपथ्य से एक शुक विदूषक की चोटी उखाड़ने को कहता है। विदूषक क्रोधित होकर उसे गालियाँ देता है जिससे शुक उड़ जाता है। राजा ग्रीष्म में विरह-संताप से पीड़ित होकर ब्रह्मा को ही क्षुरी के द्वारा खण्डित करने की बात करता है। प्रसङ्गतः ग्रीष्म ऋतु कब सुखद होती है और कब दुःखद होती है ? इसकी भी चर्चा राजा करता है।

राजा के द्वारा कर्पूरमंजरी का हाल पूछने पर विदूषक कहता है कि देवी ने उसे कड़े पहरे वाले कारागार में बन्द कर दिया है। सुरङ्गद्वार भी पत्थरों से बन्द कर दिया गया है। इसी बीच देवी की सखी सारङ्गिका राजा से देवी की ओर से निवेदन करती है—'आज चौथे दिन होने वाले वटसावित्री के महोत्सव को महाराज केलिविमान-प्रासाद पर चढ़कर देखें।' राजा वैसा ही करता है। महोत्सव में नृत्याङ्गनाएँ विविध प्रकार के नृत्य करती हैं। इसी बीच सारङ्गिका पुनः प्रवेश करके देवी का दूसरा निवेदन राजा को सुनाती है—'आज सायंकाल तुम्हारा विवाह करायेंगे।' राजा और विदूषक अचम्भे में पड़ जाते हैं। राजा के द्वारा विस्तार से पूछने पर सारङ्गिका कहती है—'देवी ने गोरी की प्रतिमा बनवाकर योगीराज भैरवानन्द से उसमें प्राण-प्रतिष्ठा कराई थी तथा उनसे स्वयं दीक्षा भी ली थी। देवी ने जब योगीराज से गुरुदक्षिणा लेने का बहुत आग्रह किया तो योगीराज ने गुरु-दक्षिणा में लाट देश के राजा चण्डसेन की पुत्री घनसारमंजरी के साथ राजा का विवाह करने को कहा। साथ ही यह भी कहा कि जो इसके साथ विवाह करेगा वह चक्रवर्ती राजा बनेगा। देवी ने इसे स्वीकार करके मुझे आपके पास सूचनार्थ भेजा है।' यथासमय राजा का विवाह होता है। विवाहोपरान्त देवी को पता चलता है कि कर्पूरमंजरी का ही दूसरा नाम घनसारमंजरी है। भैरवानन्द जब राजा से और प्रिय करने को कहता है तब राजा कहता है कि देवी प्रसन्न हैं, त्रिभुवन सुन्दरी कर्पूरमंजरी का समागम हो गया है और मैं चक्रवर्ती राजा बन गया हूँ; अब और क्या चाहिए ? इसके बाद भरतवाक्य के साथ सभी चले जाते हैं।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चरित्र-चित्रण

पात्र परिचय :

पुरुष पात्र	स्त्री पात्र
राजा (चन्द्रपाल, नायक)	देवी (विभ्रमलेखा, महिषी)
	कर्पूरमंजरी (विदर्भ राजकुमारी, कुंतलाधिप सुता, नायिका)
भैरवानन्द (योगीश्वर)	
विदूषक (कपिंजल ब्राह्मण राजा का मित्र)	
प्रतीहारी (सेवक)	घनसारमञ्जरी (कर्पूरमंजरी का दूसरा नाम, लाटदेश के राजा चण्डसेन की पुत्री)
	विचक्षणा (दासी, कर्पूरमंजरी की सखी)
वैतालिक (रत्नचण्ड और काञ्चनचंड स्तुतिपाठक)	कुरङ्गिका (दासी, कर्पूरमंजरी की सखी)
शुक (पक्षी)	सारङ्गिका (देवी की परिचारिका)
	सुलक्षणा (विचक्षणा की बहिन)

राजा चन्द्रपाल (नायक) :

राजा चन्द्रपाल इस सट्टक का 'धीरललित' नायक है। देवी विभ्रमलेखा के प्रति प्रेमभाव बनाए रहने के कारण इसे 'दक्षिण धीरललित' नायक कहा जा सकता है। धीरललित नायक होने के कारण इसे राज्य की कोई चिन्ता नहीं है और हमेशा ललित कलाओं में आसक्त

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रहता है।[१] सट्टक के प्रारम्भ में देवी विभ्रमलेखा को राजा वसन्त-वर्णन द्वारा वधाई देता है और अन्त में कर्पूरमंजरी के करस्पर्शजन्य सुख के समक्ष स्वर्गसुख को भी नगण्य मानता है। सट्टक के मध्य में भी वह बराबर प्रेम, सौन्दर्य, काव्य आदि विविध कलाओं में आसक्ति रखता है। नृत्य एवं संगीत कला में भी विशेष रुचि है।

प्रेमी हृदय—प्रेमी-हृदय का सच्चा पारखी तो है ही, स्वयं भी प्रेमी-हृदय है। प्रेम के विषय में उसका स्पष्ट विचार है कि स्त्री और पुरुष काम के वशीभूत होकर जब एक दूसरे के अत्यन्त निकट आकर बँध जाते हैं तो उसे 'प्रेम' कहते हैं। प्रेम होने पर छल-कपट नहीं रहता है, आनन्द का प्रवाह प्रवाहित होता रहता है तथा एक दूसरे में खोये-खोये से रहते हैं। प्रेम होने में बाह्य अलंकार कारण नहीं होते हैं, वह तो अनायास यों ही हो जाता है। इसीलिए चक्रवर्ती राजा और सामान्य पुरुष के प्रेम में तिलमात्र का भी अन्तर नहीं पड़ता है।

काव्यकला पारखी—ग्रन्थारम्भ में राजा वसन्त तथा मलयानिल का मधुर चित्रण करता है। मित्र विदूषक और दासी विचक्षणा के काव्य को सुनकर रसानुकूल विचक्षणा के काव्य की सराहना करता है। काव्य कला का सच्चा पारखी होने से वह मित्र विदूषक के नाराज होने की चिन्ता नहीं करता है। विदूषक जब नायक के इस स्वभाव को समझ जाता है तो फिर वह आगे विचक्षणा से प्रतिस्पर्धा नहीं करता है। नायक का कवि-हृदय इतना कलासक्त है कि जब विचक्षणा नायक की प्रेमिका कर्पूरमंजरी का प्रेमपत्र पढ़ती है तथा उसकी मरणासन्न विरहदशा का वर्णन करती है तब भी नायक विचक्षणा की बड़ी बहिन सुलक्षणा के काव्यकला की पहले प्रशंसा करता है—'किं भणीअदि सुकइत्तणे तुह जेट्ठबहिणिआ खुएसा।' इसी प्रकार तृतीय जवनिकान्तर में कर्पूरमंजरी के 'चन्द्रवर्णन' की तारीफ

---

१. निश्चिन्तो धीरललितः कलासक्तः सुखी मृदुः। दश० २.३.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

करता है। पूरे सट्टक में उसका कवि-हृदय उल्लसित होता है। इस तरह वह कभी-कभी अपने इस स्वभाव के कारण अपनी प्रेमिका को ही भूल जाता है। रत्नावली के नायक राजा उदयन की तरह यह अपनी प्रेमिका के प्रति पूर्ण जागरूक नहीं दिखलाई पड़ता है।

प्राकृतिक सौन्दर्य प्रेमी—चाहे वह प्रकृति हो अथवा कुछ और वह हमेशा प्राकृतिक सौन्दर्य में अनुरक्ति रखता है। वसन्त की सुषमा, मलयानिल की बहार, चंद्रमा की चांदनी आदि प्राकृतिक वस्तुएँ उसे जितनी प्रिय हैं उतना ही रमणियों का प्राकृतिक सौन्दर्य भी चित्ताकर्षक है।

अपूर्व सुन्दर—इसकी सुन्दरता को देखकर कर्पूरमंजरी प्रथम दर्शन में ही यह जानते हुए कि यह मेरी बहिन का पति है दिल न्यौछावर कर देतीहै। वह इसकी सुन्दरता का वर्णन करते हुए कहती है—**'किं एसो सहसा गअणंगणादो अवइण्णो पुण्णिमाहरिणंको। किं वा तुट्ठेण णीलकंठेण णिअदेहं लंभिदो मणोहओ। किं वा हिअअस्स दुज्जणो णअणाण सज्जणो मं संभावेदि।'** पृ० १६१.

पराक्रमी होकर भी कहीं पराक्रम का प्रदर्शन नहीं करता है—वैतालिकों की स्तुतियों से ज्ञात होता है कि इसने पाण्ड्य, चोल, कुन्तल, कर्नाटक, राढ आदि देशों को जीता था। अन्त में वह कर्पूरमंजरी से सम्बन्ध होने पर चक्रवर्ती राजा भी हो जाता है परन्तु कहीं भी वह पराक्रम का प्रदर्शन करते नहीं पाया जाता है। उसके चक्रवर्तित्व होने का कार्य भैरवानन्द के अधीन दिखलाई पड़ता है। राजा स्वयं भी देवी के अधीन रहता है। देवी के आदेश से वह घनसारमंजरी से शादी करने के लिए तैयार हो जाता है। उसका अपना कहीं स्वतन्त्र अस्तित्व दिखलाई नहीं पड़ता है। विदूषक उसका नर्मसचिव है जिससे वह अपने दिल की बात बेखटक कह देता है। कर्पूरमंजरी से मिलाने में विदूषक का बहुत बड़ा हाथ है।

इस तरह प्रकृत सट्टक का नायक दक्षिण प्रकृति का धीरललित नायक है। अपनी प्रेयसी कर्पूरमंजरी के वियोग में वह सदा दुःखी रहता है और उसकी प्राप्ति हो जाने पर परमानन्द की अनुभूति करता है। कविप्रतिभा, सौन्दर्यप्रेम,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कलासक्ति आदि गुण उसमें विद्यमान हैं। विवाहोपरांत उसके उदारहृदय का भी परिचय मिलता है जब वह विदूषक को सौ गाँव दक्षिणा में दे देता है। देवी की आज्ञा उसे सर्वोपरि है। प्रेयसी को देवी द्वारा कारागार में बंद कर देने पर यह कुछ भी नहीं करता है। कोमल-प्रकृति तथा परिजनों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार वाला है। प्रभुता का मद नहीं है। कर्पूरमंजरी से प्रेम करते हुए भी वह देवी को बहुत प्रेम करता है।

कर्पूरमञ्जरी (नायिका) :

इस सट्टक की नायिका कर्पूरमंजरी है जो नायिका भेदों में 'मुग्धानायिका है।[१] यह कुन्तल देश के राजा वल्लभराज की पुत्री है। इसकी मां का नाम शशिप्रभा है जो देवी विभ्रमलेखा की मौसी है। भैरवानन्द इसे अपनी योगशक्ति से स्नानावस्था में ही राजा चन्द्रपाल के राजदरबार में उपस्थित करता है। यह अद्भुत सुंदरी है। झूलनोत्सव पर इसका अपूर्व सौन्दर्य वर्णित किया गया है। पूरे सट्टक में इसके लावण्य की ही चर्चा प्रमुख रूप से की गई है। इसके सौन्दर्य को राजा द्वितीय जवनिकान्तर में निम्न रूप में प्रकट करता है-

मंजिट्ठी ओट्ठमुद्दा णवघडणसुवण्णुज्जला अंगलट्ठी,
दिट्ठी बालेंदुलेहाधवलिमजइणी कुन्तला कज्जलाहा।
इत्थं वण्णाण रेहा विहरइ हरिणीचंचलच्छीअ एसा,
कंदप्पो जीअदप्पी जुअजणजअणे पुण्णलक्खो विभाई ॥२.४१॥

इसके अपूर्व सौन्दर्य पर राजा प्रथम दर्शन में ही मुग्ध हो जाता है। यह भी राजा को प्रथम दर्शन में ही प्रेम करने लगती है। राजा उसकी बहिन का पति है फिर भी वह राजा से प्रणय व्यापार बढ़ाती है तथा सखी विचक्षणा के हाथ एक प्रेमपत्र भी भेजती है। यह कवि हृदय है और सुन्दर कविता भी करती है। चंद्र वर्णन के प्रसङ्ग में राजा इसकी कविता की बड़ी तारीफ करता है। नायिका के नाम पर ही प्रकृत सट्टक का नामकरण किया

---

१. मुग्धा नववयः कामा रतौ वामा मृदुः क्रुधि। दश० २.१६.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गया है। यह बराबर भैरवानन्द की कठपुतली की तरह नाचती रहती है। स्वयं में कोई क्रियाशीलता नहीं है।

चरित्र-विकास की दृष्टि से इसका चरित्र विकसित नहीं हो सका है क्योंकि पूरे सट्टक में यह आठ-दस वाक्य ही बोलती है।[१] अभिनय पक्ष एकदम शून्य है। लज्जा स्वभाव वाली होकर भी प्रेम में आगे कदम बढ़ाने में हिचकती नहीं है। यह ढाई माह राजा के घर रह जाती है और विवाह कर लेती है परन्तु इसे अपने माता-पिता आदि परिजनों का कहीं ख्याल ही नहीं आता है। यह पूरे सट्टक में मूक पशु की तरह क्रियाशून्य एवं विचारशून्य सी रहती है। देवी इसे मौसी की लड़की होने से बेहद प्यार करती है और खूब शृङ्गार करती है। दोहदादि के कार्य में भी वह इसे नियुक्त करती है। परन्तु देवी को जब पता लगता है कि यह मेरे पति से छुपकर प्रेम करती है तो कड़े पहरे वाले कारागार में बन्द कर देती है। घनसारमंजरी को देखकर कर्पूरमंजरी का भ्रम होने पर वह दो बार कारागार में जाकर निरीक्षण करती है। राजा के साथ कर्पूरमंजरी का विवाह होने पर देवी प्रसन्न है अथवा नहीं यह तो स्पष्ट नहीं है परन्तु एक पाठ के अनुसार राजा के इस कथन 'देवी रोसकसाअमाणसवई णो होइ सावत्तए' से लगता है कि देवी अप्रसन्न नहीं है। पति के चक्रवर्तित्व-लाभ को दृष्टि में रखकर भी वह अप्रसन्न नहीं होगी अन्यथा स्वयं तदर्थं घनसारमंजरी से विवाह न कराती। विचक्षणा से इसकी तारामैत्री हो गई है और वह राजा से प्रणयव्यापार

---

१. प्रथम अङ्क (पृ० ६३, ७४-७६) में परिचयात्मक कुछ शब्द बोलती है। द्वितीय अंक में (पृ० १४६, १५६) दो छोटे-छोटे वाक्य बोलती है उसका प्रेमपत्र विचक्षणा पढ़ती है पृ० ६६,। तृतीय अंक में (पृ० १८८) नेपथ्य से एक वाक्य और एक पद्य कहती है। एक पद्य कुरंगिका पढ़ती है जिसमें चंद्रमा का वर्णन रहता है (पृ० २०६)। इसी अंक में नायिका राजा को देखकर उसके सौन्दर्य का वर्णन करती है (पृ० १६१)। चतुर्थ अंक में (पृ० २४५) कुल दो शब्द बोलती है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

बढ़ाने में सहयोग करती है। राजा से विरह उसे एकदम असह्य है। इसका चित्रण विचक्षणा ने इस प्रकार किया है—

तिस्सा तावपरिक्खणाअ णिहिओ हत्थो थणुत्थंगओ
दाहुड्डामरिओ सहीहिं वहुसो हेलाअ कड्ढिज्जइ।
किं तेणावि इमं णिसामअ गिरं संतोसिणि तासिणि
हत्थच्छत्तणिवारिदेंदु किरणा बोलेइ सा जामिणीं ॥२.२६॥

देवी (विभ्रमलेखा) :

विभ्रमलेखा राजा चंद्रपाल की प्रधान महिषी है। इसका उल्लेख पूरे सट्टक में 'देवी' के नाम से किया गया है, सिर्फ चतुर्थ जवनिकान्तर में विवाह प्रकरण में इसे 'राज्ञी' करके कहा गया है। यह दक्षिणाधिप नरेन्द्र की कन्या है। नायिका भेदों में स्वकीया मध्या नायिका इसे कहा जा सकता है। मध्या नायिका की कामपिपासा अधिक होती है जिससे वह प्रणयालाप में अधिक लज्जा का अनुभव नहीं करती है।[1] वसन्तवर्णन के सन्दर्भ में उसकी निम्न उक्ति से उसे कथंचित् मध्यानायिका सिद्ध किया जा सकता है—

माणं मुंचध देह वल्लहजणे दिट्ठि तरंगुत्तरं
तारुण्णं दिअहाइ पंच दह वा पीणत्थणुत्थंभणं।
इत्थं कोइलमंजुसिंजिअमिसा देवस्स पंचेसुणो
दिण्णा चेत्तमहूसवेण भुअणं आण व्व सव्वंकसा ॥१.१८॥

रानी होने पर भी अपने परिजनों से उसका प्रेम भाव है। वसन्तोत्सव के संदर्भ में वह विचक्षणा की कविता सुनने में अभिरुचि लेती है। विदूषक के नाराज होकर चले जाने पर दुःखी होती है। कर्पूरमंजरी जो उसकी मौसेरी बहिन है, बड़ा प्रेम करती है और उसे खूब अलंकृत करती है। झूलनोत्सव पर उसे झूला में बैठाकर झुलवाती है। यह अवश्य है कि कर्पूर-

---

१. मध्योद्यद्यौवनानङ्गा मोहान्तसुरतक्षमा। दश० २.१६.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मंजरी के अपराधी होने पर उसे कड़ी सजा देने में भी हिचकिचाती नहीं है। राजा के प्रति उसका प्रेम अगाध है। अतएव राजा के प्रणयव्यापार में अपराधी होने पर भी उसे वटसावित्री महोत्सव में आमन्त्रित करती है। चक्रवर्ती पद प्राप्ति हेतु घनसारमंजरी से विवाह रचाकर सपत्नी लाने में भी पीछे नहीं हटती है। सरल स्वभावी होने से अपराधी राजा पर क्रोधादि का प्रदर्शन कहीं नहीं करती है।

धार्मिक विश्वासों से युक्त होने के कारण गौरीपूजा आदि धार्मिक कृत्यों में बराबर भाग लेती है। गौरी की प्रतिमास्थापन कराने पर भैरवानन्द को दक्षिणा देने में सपत्नी लाना स्वीकार कर लेती है। विवाह के अवसर पर घनसारमंजरी और कर्पूरमंजरी में सादृश्य देखकर बारबार कर्पूरमंजरी को देखने के बहाने से स्वयं कारागार में जाती है। इस तरह भैरवानन्द पर विश्वास भी करती है और आशंका भी।

कविहृदय तथा संगीत प्रेम भी उसमें परिलक्षित होता है। श्री हर्ष की रत्नावली की वासवदत्ता की तरह इसका चरित्र अधिक उन्नत नहीं हो सका है।

भैरवानन्द (योगीश्वर) :

अद्भुत सिद्धियों वाला प्रसिद्ध योगीश्वर है। 'इसका नाम सुनते ही देवी कहती है 'किं सो, जो जणवअणादो अच्चब्भुदसिद्धी सुणीअदि' (पृ० ५३)। यह सामान्य योगियों से भिन्न आचार-विचार वाला है। इसके स्वयं के कथनानुसार यह मंत्र, तंत्र, वेद विद्या, यागादिकर्म, ध्यान आदि कुछ भी नहीं जानता है। मदिरा पान, मांस भक्षण और स्त्रीसंभोग जैसे कार्यों को करने में धर्म मानता है। अपने आपको शिव का उपासक और कौलधर्मानुयायी बतलाता है। अद्भुत सिद्धियों वाला होने से-इसकी प्रसिद्धि एवं सम्मान है। वह अपनी अद्भुत शक्ति से राजा के परिजनों के मध्य स्नानावस्था में सट्टक की नायिका कर्पूरमञ्जरी को लाकर उपस्थित कर देता है। रानी के अनुरोध से उसे वहीं कुछ दिनों के लिए छोड़ भी देता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रारम्भ में भैरवानन्द दम्भी और दुराचारी जैसे रूप में उपस्थित होता है। उसका दम्भ है कि—

दंसेमि तं पि ससिणं वसुहावइण्णं
थंभेमि तस्स वि रविस्स रहं णहद्धे।
आणेमि जक्खसुरसिद्धगणंगणाओ।
तं णत्थि भूमिज्वलए मह जं ण सद्धं ॥१.२५॥

वह राजा का अभीष्ट सिद्ध करने के लिए देवी से छल भी करता है और लाट देश की कन्या घनसारमंजरी के बहाने कर्पूरमञ्जरी से राजा का विवाह करा देता है। इस कार्य में वह देवी से बराबर छलपूर्ण व्यवहार करता है जबकि देवी उसकी अन्धभक्त है। संभवतः वह राजा को चक्रवर्ती बनाने के लिए देवी से थोड़ा छल करता है। यही कारण है कि देवी भैरवानन्द से नाराज नहीं होती है।

इस तरह भैरवानन्द का स्वयं का चरित्र जैसा भी हो वह प्रकृत सट्टक का प्राण है। बिना इसके सहयोग के राजा का कर्पूरमञ्जरी से अनुराग और विवाह संभव नहीं था। यह प्रणयबन्धन ही इस सट्टक का केन्द्र-बिन्दु है। इस सन्दर्भ में एक बात और चिन्तनीय है कि भैरवानन्द जैसा कि ऊपर से दिखलाई पड़ता है वैसा कहीं दृष्टिगोचर नहीं होता है। देवी उससे गौरी की प्राणप्रतिष्ठा करवाती है, उससे दीक्षा लेती है तथा गुरुदक्षिणा लेने को बाध्य करती है। परन्तु भैरवानन्द अपने लिए दक्षिणा नहीं मांगता है, राजा और देवी के मंगल के लिए ही कर्पूरमञ्जरी का राजा से विवाह दक्षिणा के रूप में मांगता है। अतः अन्त में कहता है 'किं दे पुणो अ पिअं कुणोमि,.(पृ० २५८) आपका और क्या प्रिय करूँ। इससे लगता है कि वह योगीश्वर राजा को चक्रवर्ती बनाने की कामना से आया हुआ एक सिद्ध पुरुष है। दम्भादि का प्रदर्शन उसकी एक कलामात्र है। इसकी वेशभूषा आदि के बारे में कोई उल्लेख नहीं मिलता है। रत्नावली के यौगन्धरायण की धुंधली अनुकृति इसमें देखी जा सकती है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विदूषक (कपिञ्जल ब्राह्मण) :

इस सट्टक में विदूषक का चरित्र अन्य पात्रों की अपेक्षा अधिक उभर कर सामने आया है। यह राजा का प्रिय मित्र है। नायिका के प्रथम साक्षात्कार से लेकर विवाहपर्यन्त राजा के नर्मसचिव (कामतन्त्र-सलाहकार) का भी काम करता है। राजा का कोई भी काम इसके बिना नहीं होता है। इससे कोई भी बात राजा की गोपनीय नहीं है।

कविता करने में यद्यपि यह मूर्ख है फिर भी तीखे व्यङ्गयों को समझने में बड़ा चतुर है। प्रथम जवनिकान्तर में वसन्त वर्णन के प्रसङ्ग में विदूषक अपने को पण्डित बतलाते हुए कहता है 'तुम्हाणं सव्वाणं मज्झे अहं एक्को कालक्खरिओ, जस्स मे ससुरससुरो पंडिअघरेसु पोत्थअभारं वहन्तो आसि।, (पृ० ३७)। विचक्षणा इस मूर्खतापूर्ण पाण्डित्य को सुनकर व्यङ्गय करते हुए कहती है 'तदो आगदं दे अण्णएण पंडिच्चं' विदूषक इस व्यङ्गय को तुरन्त समझ जाता है और विचक्षणा को भद्दी-भद्दी गालियाँ देने लगता है। दोनों में परस्पर गाली-गलौज होती है। यह न केवल नौकर चाकरों को ही कटु शब्द कहता है, राजा और देवी को भी कटु शब्द कहने में नहीं हिचकता है 'ईरिसं राउलं दूरे वंदीअदि जहिं दासी बंभणेण समं पडिप्पद्धां करेदि (पृ० ४९)। इसके बिना राजा और देवी का समय नहीं कटता है।[१] वे उसे मनाना चाहते हैं, वह नाराज होकर चला जाता है परन्तु थोड़ी देर बाद भैरवानन्द के साथ सब बातें भुलाकर आ जाता है और तब ऐसा लगता है मानो कोई झगड़ा न हुआ हो। द्वितीय जवनिकान्तर में विचक्षणा से भी दोस्ती हो जाती है और फिर वह उससे पाण्डित्य में प्रतिस्पर्द्धा नहीं करता है।[२]

---

१. देवी—अज्जउत्त। कीदिसी अंज्ज कविंजलेण विणा गोट्ठी ?
कीदिसी उ णअणंजणेण विणा पसाहणलच्छी। (क० म०, पृ० ५०)

२. 'ता एदाहिं समं पडिप्पद्धां ण करिस्सं' (क० म०, पृ० १०१)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यह भोजन-प्रिय है। इसे विशेषकर कलमकूर चावल प्रिय है। सिन्धुवार के फूल और विचकिल के भी फूल प्रिय हैं। हसाने का काम करना इसका प्रमुख कार्य है; इसीलिए वह कहता है 'अहवा एसा दुट्ठदासी लंबकुचा टप्परकण्णी पडिसीसअं देइअ मह ट्ठाणे उवहसणत्थं करीअदु।' (पृ० ५०)। विचक्षणा इसे सन की गांठ के समान अनुनय-कर्कश कहती है। परन्तु ऐसी वात नहीं है। यह जाति से ब्राह्मण है और राजा के विवाह में पुरोहित का भी काम करता है। देवी इसे श्रोत्रिय ब्राह्मणों में श्रेष्ठ बतलाती है। दक्षिणा स्वीकार करता है तथा राजा आदि को आशीर्वाद भी देता है। इसकी वसुन्धरा नाम की गृहिणी है जिसकी चरणसेवा करने में अपने को सौभाग्यशाली मानता है 'ता अज्जप्पहुदि णिअगेहणीए वसुन्धराणामहेआए बंभणीए चलणसुस्सूसओ भविअ गेहे जेव्व चिट्ठिस्सं' (पृ० ४९)।

यद्यपि स्वयं अच्छी काव्यरचना करने में दक्ष नहीं है परन्तु काव्यकला में रुचि लेता है। द्वितीय जवनिकान्तर में (३३-४०) विदूषक झूलेपर बैठी हुई कर्पूरमञ्जरी के सौन्दर्य का अच्छा वर्णन करता है। इस तरह विदूषक एकत्र अच्छा कवि भी है। सङ्गीत कला की भी जानकारी है। अलङ्कारों से अलङ्कृत स्त्री में इसे सौन्दर्य अधिक परिलक्षित होता है। अतएव बाह्यसौन्दर्य इसे अधिक आकर्षक लगता है। ग्रीष्मवर्णन के प्रसङ्ग में इसका कहना है कि मुझे न तो सूर्यताप सताता है और न कामसंताप ही 'एक्के दाव मम्महबाहणिज्जा। अण्णे दाव सोसणिज्जा। अम्हारिसो उण जणो ण कामस्स बाहणिज्जो ण तावस्स सोसणिज्जो' (पृ० २१५)। राजा का मनोविनोद करने के लिए शीघ्र ही कल्पना पटु भी है। जब राजा कर्पूरमञ्जरी के ध्यान में डूबा रहता है तो कल्पित स्वप्न सुनाकर मनोरंजन करता है। इस तरह सट्टक में विदूषक राजा का नर्मसचिव है जिसकी बुद्धि का राजा भी लोहा मानता है। राजा का सच्चा मित्र भी है। शादी में पौरोहित्य कर्म भी करता है। कहीं मूर्खतापूर्ण और कहीं बुद्धिमत्ता की बातें करता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विचक्षणा (दासी) :

यह देवी की दासी है जो कर्पूरमञ्जरी की सेवा में नियुक्त की गई है। पश्चात् इसकी कर्पूरमञ्जरी से तारा-मैत्री हो जाती है। राजा के साथ कर्पूरमञ्जरी को अभिसार आदि के लिए प्रेरित करने में इसका प्रमुख हाथ है। यही कर्पूरमञ्जरी का प्रेमपत्र राजा के पास ले जाती है। स्वयं भी उसकी विरह दशा का सुन्दर चित्रण करती है। इसकी बड़ी बहिन भी है जिसका नाम सुलक्षणा है। दोनों बहिनें काव्य-निर्माण में बड़ी दक्ष हैं। राजा दोनों की काव्यरचना की बहुत तारीफ करता है।[1] विचक्षणा प्रथम दो जवनिकान्तर में ही दृष्टिगोचर होती है, बाद में उसका कार्य कुरङ्गिका सम्हालती है। चतुर्थ जवनिकान्तर में कर्पूरमञ्जरी के कारागार पहुँचने पर कोई सखी दिखलाई नहीं देती है। यह दम्भी भी है और ब्राह्मण विदूषक से झगड़ा होने पर काफी गाली-गलौज भी करती है परन्तु बाद में मैत्री कर लेती है।

अन्य पात्र :

कर्पूरमञ्जरी में कुछ अन्य गौण पात्रों के भी उल्लेख हैं। जैसे—(१) वैतालिक-रत्नचण्ड और काञ्चनचण्ड ये दोनों सन्ध्यावर्णन के प्रसङ्ग में राजा की स्तुति करते हैं और सन्ध्याकाल की सूचना देते हैं। किसी एक वैतालिक का माणिक्य चंद भी नाम है। इस तरह तीन वैतालिक हैं। (२) कुरङ्गिका—यह कर्पूरमञ्जरी की सखी है और यह तृतीय जवनिकान्तर में दिखलाई पड़ती है। (३) सारङ्गिका—यह राजा का सेवक है, थोड़ी देर के लिए। (४) प्रतिहारी—यह अन्तःपुर का दास है और इसका प्रवेश राजा के साथ द्वितीय जवनिकान्तर में थोड़ी देर के लिए होता है। (५) शुक—यह एक

१. सच्चं विअक्खणा विअक्खणा चदुरत्तणेण उत्तीणं। ता किमण्णं कईणं वि सुकई। (पृ० ४३-४४)। 'कइत्तणेण तुह जेट्ठवहिणिआ खु एसा' (पृ० १००)॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पक्षी है जो सहृदय है। विदूषक से नाराज होकर चला जाता है। (६) सुलक्षणा—यह रंगमंच पर नहीं आती है परन्तु इसका एक पद्य जो कर्पूरमञ्जरी की विरह दशा का निवेदक है, विचक्षणा पढ़ती है।(७) उल्लिखित व्यक्तिवाचक अन्य नाम—शशिप्रभा (देवी विभ्रमलेखा की मौसी, वल्लभराज की पत्नी), वल्लभराज (देवी विभ्रमलेखा के मौसा), सागरदत्त वणिक्, बज्रायुध (पाञ्चालाधिप), चण्डसेन (लाटदेश का राजा, घनसारमंजरी का पिता), राजशेखर (कवि), अवन्तिसुन्दरी (कविपत्नी), निर्भयराज (राजा जिस राज्याश्रय में कवि है), अपराजित (कथाकार)।

कर्पूरमञ्जरी में सौन्दर्य और प्रेम विषयक दृष्टिकोण

कर्पूरमञ्जरी में प्रमुख रूप से राजा के अन्तःपुर की प्रणयलीला का वर्णन है। प्रसङ्गतः सौन्दर्य और प्रेम की विस्तृत चर्चा इसमें आई है। इस संदर्भ में राजा का दृष्टिकोण है कि स्वाभाविक सौन्दर्य ही वास्तविक सौन्दर्य है, इसमें बाह्य अलङ्कारों की कोई आवश्यकता नहीं है। विदूषक का इससे विपरीत दृष्टिकोण है। विदूषक के मत में बाह्य अलङ्कारों से सौन्दर्य में चार चाँद लग जाते हैं अर्थात् वह बाह्य साज-सज्जा को एक आवश्यक सौन्दर्य-विधायक तत्त्व स्वीकार करता है। इस क्रम में विचक्षणा भी राजा के मत की पुष्टि करती है। प्रेम के विषय में राजा का मत है कि यह अनायास ही किसी से हो जाता है इसमें रूपादि कारण नहीं हैं। विदूषक इस सन्दर्भ में केवल प्रश्नकर्ता के रूप में प्रस्तुत किया गया है क्योंकि वह प्रेमरोग से अनभिज्ञ है। ग्रन्थानुसार दोनों विषयों की समीक्षा निम्न प्रकार है—

(क) सौन्दर्य समीक्षा—सौन्दर्य के विषय में सर्वप्रथम द्वितीय जवनिकान्तर में विदूषक राजा से क्रोधपूर्वक कहता है 'मैंने कर्पूरमञ्जरी को सर्वालङ्कार से अलंकृत बतलाया है फिर क्यों आप उसके अलंकारों से अलंकृत रूप का स्मरण न करके उसके अलंकारों से विलुप्त स्नानावस्था के रूप का ध्यान कर रहे हैं ? क्या आपने सुना नहीं है—

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

णिसग्गचंगस्स वि माणुसस्स सोहा समुम्मीलदि भूसणेहिं ।
मणीणं जच्चाणं वि कंचणेण विहूसणे लब्भदि कावि लच्छी ।।२.२५।।

जैसे उत्कृष्ट रत्न सोने से जड़े जाने पर और अधिक शोभा को प्राप्त करता है वैसे ही प्रकृति से सुन्दर भी मनुष्य अलंकारों से अलंकृत होने पर अधिक आकर्षक लगते हैं। इस तरह विदूषक अलंकारों को सौन्दर्यवृद्धि में प्रवृत्तिनिमित्त मानता है तथा अलंकार विहीन प्राकृतिक सौन्दर्य को उतना अच्छा नहीं मानता हैं। इसके उत्तर में राजा का कथन है—

मुद्धाण णाम हिअआइं हरंति हंत
णेवच्छकप्पणगुणेण णिअंबिणीओ ।
छेआ पुणो पअइचंगिमभावणिज्जा
दक्खारसो ण महुरिज्जइ सक्कराए ।।२.२६।।

जैसे प्रकृति से मधुर द्राक्षारस में और अधिक मिठास उत्पन्न करने के लिए चीनी की आवश्यकता नहीं होती है वैसे ही प्रकृति से सुन्दर कामिनियों के सौन्दर्यवृद्धि के लिए अलङ्कारों की आवश्यकता नहीं होती है। बाह्य अलङ्कार तो केवल मूर्खों को आकर्षित करते हैं, विद्वानों को नहीं। इसी सन्दर्भ में राजा की यह भी उक्ति है कि वाह्य अलङ्करण केवल वेश्याओं का लोगों को आकर्षित करने का विलास मात्र है। कुलीनाङ्गनाओं का शृङ्गार तो उनके अपने सुन्दर अङ्ग ही हैं। वे सादी वेषभूषा में भी आकर्षक लगती हैं। युवावस्था में तो अङ्ग-प्रत्यङ्ग का सौष्ठव विना शृङ्गार के ही पर्याप्त है (२.२८)।

उठे हुए स्तन, विशाल आँखें, चन्द्रमा के समान मुख तथा कान्तिमान् शरीर के रहते हुए भी सभी लोग अलङ्कार क्यों धारण करते हैं? इसके उत्तर में विचक्षणा का यह कथन वहुत महत्त्वपूर्ण है कि रूढ़ी (परंपरा) के कारण लोग अलङ्कारों को धारण करते हैं—

को णेवच्छकलाअ कीरदि गुणो जं तं पि सव्वं पिअं ।
सुत्तव्वं सुणु तत्थ कारणमिमं रूढीअ का खण्डणा ।।२.२७।।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तृतीय जवनिकान्तर में राजा प्रेम के कारणों का प्रतिपादन करते हुए कहता है कि बाह्य साज-सज्जा, नृत्य, गीत आदि आकर्षण के प्रति निमित्त कारण नहीं हैं अपितु वह कोई अन्य ही गुण है जिससे कामिनियाँ हृदय में बस जाती हैं (३·१३-१४)।

इस सन्दर्भ में कुछ शंकायें हैं जिनका विचार भी यहाँ अपेक्षित है। जैसे—

(१) द्वितीय जवनिकान्तर में (१२-२२) विचक्षणा जब कर्पूरमंजरी के अलंकरण की बात बतलाती है तो राजा उसके सौन्दर्य की प्रशंसा करता है। इसी प्रकार चतुर्थ जवनिकान्तर में ग्रीष्म वर्णन के प्रसंग में (४.७, ८) रत्नजड़ित करधनी, चंदनविलेपन आदि से अलंकृत रमणी का कामदेव दास बतलाया है। इससे ज्ञात होता है कि राजा भी अलंकारों को सौन्दर्यजनक मानता है। इसका समाधान यह है कि राजा रूढि (परम्परा) को ध्यान में रखकर ऐसा कथन कर रहा है। वस्तुतः जिसमें प्राकृतिक सौन्दर्य नहीं है वह अलंकारों से थोड़ी देर के लिए मूर्खों को जरूर आकृष्ट कर ले परन्तु सुधीजनों के लिए नहीं। राजा जिस भीगे-सौन्दर्य की प्रशंसा करता है जिसमें अलंकार नहीं हैं, उसके समक्ष कोई दूसरा सौन्दर्य नहीं है। यह केवल अनुभव का विषय है।

(२) विदूषक और विचक्षणा में जब झगड़ा होता है तब विदूषक 'गोरंगीए विअ चांदणचच्चा ण चारुत्तणमवलंबेदी' (पृ० ४५) आदि कहता है। इसी प्रकार द्वितीय जवनिकान्तर (२३) में 'जिस्सा दिट्ठी सरल धवला कज्जलं तीअ जोग्गं' इत्यादि कहता है जिससे ज्ञात होता है कि विदूषक प्राकृतिक सुन्दरता के होने पर ही अलङ्कारों को उत्कर्षाधायक मानता है, अन्यथा नहीं। इसका समाधान यह है कि विदूषक ऐसा मानकर भी अलङ्कारों के मोह को बनाए हुए है, जबकि राजा नहीं। यही दोनों के मत में अन्तर है।

इस तरह राजा बाह्य अलङ्कारों में अभिरुचि न लेकर अलङ्कार-विहीन नैसर्गिक सौन्दर्य का पुजारी है, विशेषकर भीगे सौन्दर्य का। जबकि विदूषक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

बाह्य अलंकारों को भी आवश्यक मानता है, उसकी नग्न-सौन्दर्य में अभिरुचि नहीं है। विचक्षणा राजा के मत की ही समर्थक है। वस्तुतः स्वाभाविक सौन्दर्य के अभाव में अलंकार निरर्थक हैं। यदि अलंकारों से स्वाभाविक सौन्दर्य को ढक दिया जायेगा तो सौन्दर्य ही समाप्त हो जायेगा। यही कारण है कि देश-भेद से बाह्य अलंकारों में भिन्नता पायी जाती है।

(ख) 'प्रेम समीक्षा'—तृतीय जवनिकान्तर में विदूषक प्रियतमा के वियोग से दुःखी राजा से पूछता है 'राज्यच्युत राजा, भूखा ब्राह्मण, दम्भी वेश्या युवति एवं विरही ये मनुष्य मन के लड्डुओं से अपने लिए क्यों बहलाते हैं ?' बतलाओ यह किसका प्रभाव है ? इसके उत्तर में राजा कहता है 'प्रेम के कारण'। अब प्रश्न है कि (१) 'प्रेम' का स्वरूप क्या है ?, (२) प्रेम की पहचान क्या है ?, (३) प्रेम होने में कारण क्या है ?, (४) सामान्य व्यक्ति के प्रेम में और सार्वभौम राजा के प्रेम में क्या अन्तर है ?, (५) प्रेम में बाह्य अलंकारों और रूपादि गुणों की क्या स्थिति है ? इत्यादि प्रश्नों के उत्तर निम्न प्रकार हैं—

(१) स्वरूप—एक दूसरे के सम्पर्क में आए हुए स्त्री-पुरुषों के हृदय जब कामदेव के वशीभूत होकर एक-दूसरे से बँध जाते हैं तब उसे विद्वान् लोग प्रेम कहते हैं अर्थात् कामवश नर एवं नारी के हृदयों में उत्पन्न हुआ आकर्षण (राग) ही प्रेम है। (३.१०) ऐसे प्रेम को कामदेव का विलासाडम्बर या इन्द्रजाल कहा गया है।

(२) पहचान—प्रेम होने पर प्रेमी और प्रेमिका के हृदय में छलकपट आदि से रहित सरलता का भाव उत्पन्न हो जाता है जो आलिङ्गन, चुम्बन आदि श्रृंगारिक चेष्टाओं के द्वारा उत्कर्ष को प्राप्त होता रहता है। उसमें बराबर आनन्द का प्रवाह प्रवाहित होता रहता है तथा अन्य सभी भाव तिरोहित हो जाते हैं। इसके प्रभाव से लोग गोपनीय बातों को भी प्रकाशित कर देते हैं (३·१२)। यद्यपि प्रेम दुर्लक्ष्य है फिर भी प्रेमी व्यक्तियों की बाह्य-चेष्टाओं के द्वारा यह सहजरूप से प्रकाशित हो जाता है क्योंकि प्रेमी व्यक्ति

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

की चञ्चल दृष्टियाँ स्वभावतः एक दूसरे को खोजती रहती हैं, मन एक-दूसरे में खोया-खोया सा रहता है तथा एक अनिर्वचनीय आनन्द के रस का प्रवाह प्रवाहित होता रहता है (३·११)। इन्हीं चेष्टाओं से प्रेम को पहचाना जाता है।

(३) प्रेम होने में कारण—विदूषक राजा से पूछता है कि जब आपका देवी के साथ प्रगाढ़ दाम्पत्य प्रेम है तो फिर क्यों आप कर्पूरमंजरी को आँखों में समाये रखना चाहते हैं ? क्या देवी में कर्पूरमंजरी से कम गुण हैं ? इसके उत्तर में राजा का कथन है—

कीए वि संघडइ कस्स वि प्रेम्मगंठी
एमेअ तत्थ ण हु कारणमत्थि रूवं।
चंगत्तणं पुणु महिज्जइ जं तहिं पि
तं दिज्जए पिसुणलोअमुहेसु मुद्दा ॥३.६॥

किसी प्रेमी का किसी युवती से अनायास ही प्रेम हो जाता है। इसमें सौन्दर्य आदि कारण नहीं होते हैं। दुष्टों का मुख बन्द करने के लिए ही सौन्दर्य आदि को कारण बतलाया जाता है। अतः देवी के सर्वगुण-सम्पन्न होने पर भी मेरी दृष्टि कर्पूरमंजरी में समाई हुई है।

विदूषक पुनः पूछता है कि जब सौन्दर्यादि प्रेम के प्रति कारण नहीं हैं तो फिर बाह्य अलंकारों से अलंकरण क्यों किया जाता है ? इस सन्दर्भ में राजा ने दो बातें कही हैं (३.१३-१६)—(क) बाह्य अलंकरण, नृत्य-गीतादि आकर्षण के प्रति कारण नहीं हैं। (ख) स्वाभाविक सौन्दर्य (जैसे तरल नेत्र, चन्द्रवत् मुख, उन्नत स्तन आदि) भी प्रेम के प्रति कारण नहीं है अपितु संसार में प्रेम के प्रति वह कोई अन्य ही कारण है जिससे कामिनियाँ हृदय में बस जाती हैं। वह कारण है 'मनुष्य की अपनी रुचि'। अतः कहा है—

'मिट्ठत्तणे महिअलंमि ण किं पि अण्णं
रुच्चिस्स अत्थि सरिसं पुणु माणुसस्स ॥३.१४॥

इस तरह कामना ही कामनीयता का कारण है। अतः किसी का किसी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

के भी प्रति प्रेम हो सकता है। मनुष्य की रुचि के समक्ष संसार में अन्य कोई भी वस्तु मधुर और आकर्षक नहीं है। इस सन्दर्भ में राजा आगे एक बात और कहता है कि हृदय को हरण करने वाला कामिनियों का यौवन जो कामदेव के छठे बाण के समान है, कामियों की रुचि को जागृत करता है (३. १८-१९) लावण्य से पूर्ण अङ्ग, आकर्ण कांतिमान् नेत्र, पीन-पयोधरों से सुशोभित वक्ष:स्थल, त्रिवलि से अलंकृत मुष्टिग्राह्य कटिभाग और चक्राकार नितम्ब ये यौवनकाल की कामदेव की विजयपताकाएं हैं। अतः कर्पूरमंजरी के यौवन का उत्कट उभार ही मेरी रुचि के प्रति कारण है। इस तरह राजा ने यहाँ दो बातें कहीं हैं—(क) मनुष्य की रुचि और (ख) यौवन का उभार। इनमें मनुष्य की रुचि ही प्रधान है।

(४)**सामान्य व्यक्ति और चक्रवर्ती राजा के प्रेम में अन्तर**—इस सन्दर्भ में राजा का स्पष्ट मत है कि दोनों के प्रेम में तिलमात्र का भी अन्तर नहीं है। यदि दोनों में कुछ भी अन्तर है तो वह है एक की प्रेमिका बाह्य अलंकारों से अलंकृत है और दूसरे की अनलंकृत (३·१५)।

(५) **बाह्य अलङ्कार और रूपादि गुणों की स्थिति**—इसका उत्तर सौन्दर्य-समीक्षा तथा प्रेम के प्रति कारणों का विचार करते समय दिया जा चुका है।

इस तरह यह सिद्ध है कि जवानी में प्रत्यङ्ग में कामदेव रूप प्रजापति सौन्दर्य की सृष्टि करता है जिससे वे आकर्षक लगती हैं, इसमें बाह्य अलंकार गौण हैं। यद्यपि युवावस्था में सभी युवतियों के प्रत्यङ्ग में आकर्षण रहता है परन्तु प्रेम किसी का किसी विशेष के साथ ही होता है; इसमें कारण है—मनुष्य की अपनी रुचि। यदि मनुष्य की अपनी रुचि न हो तो कितनी भी सुन्दर युवती क्यों न हो उससे प्रेम नहीं हो सकता है। अतः राजा और रंक की प्रेमिकाओं के प्रेम में अन्तर नहीं होता है। यहाँ यह ध्यान रखना आवश्यक है कि वासना से प्रेम पृथक् है तथा पत्नी और प्रेमिका दोनों एक नहीं हैं।

सट्टक का स्वरूप, उद्भव और विकास

कवि ने सट्टक के अभिनव-प्रयोग के सन्दर्भ में प्रस्तावना में कहा है—

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सो सट्टओ त्ति भण्णइ दूरं जो णाडिआइं अणुहरइ।
किं पुण पवेसअ-विक्कंभकाइं इह केवलं णत्थि ॥१.६॥

उस दृश्य काव्य-विशेष का नाम सट्टक है जो नाटिका नामक दृश्य-काव्य से मिलता-जुलता है। नाटिका से सट्टक में केवल यह अन्तर होता है कि सट्टक में प्रवेशक और विष्कम्भक नामक दो अर्थोपक्षेप नहीं होते हैं। सट्टक की इस परिभाषा को स्पष्ट रूप से जानने के लिए नाटिका का स्वरूप जानना आवश्यक है। नाटिका के स्वरूप के सम्बन्ध में नाट्यशास्त्रियों ने निम्न विशेषताएँ बतलाई हैं—(१) काल्पनिक कथावस्तु, (२) प्रख्यात धीरललित नायक, (३) प्रगल्भा, राजकुलोत्पन्ना, गम्भीरा तथा मानिनी ज्येष्ठा महिषी देवी, (४) मुग्धा, अद्भुत सुन्दरी, दिव्या या राजकलोत्पन्ना प्राप्या नायिका, (५) शृङ्गार रस का प्राधान्य, (६) कैशिकी वृत्ति के चारों अंग, (७) चार अंक, (८) अन्तःपुर के चतुर्दिक कथावस्तु का विस्तार जिससे नायक और नायिका के परस्पर दर्शन आदि होने से उनमें उत्तरोत्तर प्रेम में वृद्धि; (९) महारानी (देवी) के भय के साथ नूतन (प्राप्या) नायिका की ओर प्रवृत्ति, (१०) महारानी की अनुमति से अन्त में नूतन (प्राप्या) नायिका से समागम।

इन्हीं विशेषताओं को ध्यान मे रखते हुए सट्टक को नाटिका के सदृश बतलाया गया है। साहित्यदर्पणकार श्री विश्वनाथ ने सट्टक का स्वरूप बतलाते हुए कहा है—

सट्टकं प्राकृताशेषपाठ्यं स्यादप्रवेशकम्।
न च विष्कम्भकोप्यत्र प्रचुरश्चाद्भुतो रसः॥ २७६॥
अंका जवनिकाख्याः स्युः स्यादन्यन्नाटिका समम्।

यहाँ सट्टक की तीन अन्य विशेषतायें बतलाई हैं (१) सम्पूर्ण दृव्यकाव्य का प्राकृत भाषा में उपनिबन्धन, (२) अद्भुत रस का प्रचुर प्रयोग तथा (३) अंकों का नाम जवनिका होना।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सट्टक के ये सभी लक्षण कर्पूरमंजरी में पाये जाते हैं। वस्तुतः सट्टक का स्वरूप कर्पूरमंजरी को दृष्टि में रखकर ही लिखा गया है क्योंकि इसके पूर्व ऐसी लिखित रचना नहीं थी, केवल नाटिका थी। कवि राजशेखर का यह अभिनव प्रयोग है। कर्पूरमंजरी की प्रस्तावना से ज्ञात होता है कि इसके स्वरूप का निर्धारण इससे पूर्व ही हो चुका था परन्तु आज उपलब्ध सट्टकों में यही प्रथम है। कालान्तर में लिखे गये सट्टकों में कुछ इस प्रकार हैं—(१) रंभामंजरी (नयचंद्र सूरि १७वीं शताब्दी), (२) चन्द्रलेखा (रुद्रदास १७वीं शताब्दी), विलासवती (मार्कण्डेय १७वीं शताब्दी), शृंगारमंजरी (विश्वेश्वर १८वीं शताब्दी), आनन्दसुन्दरी (घनश्याम १८वीं शताब्दी)।

उद्भव और विकास—सट्टक के स्वरूप को और अधिक स्पष्ट जानने के लिए इसके ऐतिहासिक रूप को जानना आवश्यक है। नाट्यशास्त्र के प्रणेता भरत मुनि ने यद्यपि सट्टक के बारे में कोई उल्लेख नहीं किया है परन्तु नाटिका का संकीर्ण रूपक के रूप में अवश्य उल्लेख किया है। नाटिका के स्वरूप-विवेचन के सन्दर्भ से ज्ञात होता है कि नाटिका के समान अन्य संकीर्ण रूपकों को समझ लेना चाहिए। धनञ्जय ने अपने दशरूपक में तथा धनिक ने दशरूपकवृत्ति में भरत मुनि का अनुकरण करते हुए संकर्ण रूपकों में केवल नाटिका को स्वीकार किया है। आचार्य हेमचन्द्र (१२वीं शताब्दी) ने सर्वप्रथम नाटिका से पृथक् सट्टक का उल्लेख किया है तथा मुख्य रूपक प्रकारों में सट्टक को गिनाया है—**नाटकप्रकरणनाटिकासमवकारेहामृगडिमव्यायोगोत्सृष्टिकाङ्कप्रहसनभाणवीथिसट्टकादि**। रामचंद्र-गुणचंद्र (१३वीं शता०) ने नाटिका के साथ प्रकरणिका को मुख्य रूपक प्रकारों में गिनाया है, सट्टक को नहीं। आचार्य विश्वनाथ (१४वीं शता०) ने साहित्यदर्पण में नाटिका और सट्टक को उपरूपकों की श्रेणी में रक्खा है। शारदातनय (११७५-१२५० ई०) ने भी भावरासक में बीस उपरूपकों की श्रेणी में सट्टक को रक्खा है। उन्होंने सट्टक को नृत्यभेदात्मक, कैशिकी एवं भारती वृत्यात्मक, रौद्र रस से हींन, सन्धियों से रहित, अंक के स्थान पर जवनिका या

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जवनिकान्तर के प्रयोग से युक्त, छादन-स्खलन-भ्रांति-निह्नव से रहित बतलाया है।

इस इतिहास-क्रम को देखने से ज्ञात होता है कि पहले सट्टक का दृश्य-काव्यों में परिगणन नहीं था। कालान्तर में उसे रूपक एवं उपरूपक की कोटि में स्थान दिया गया। संभवतः राजशेखर ने सर्वप्रथम सट्टक को साहित्यिक रूप प्रदान किया है, इनके पूर्व सट्टक थे तो अवश्य परन्तु उनका साहित्यिक रूप स्पष्ट नहीं था। इस बात की पुष्टि कर्पूरमंजरी की भूमिका एवं आगे प्रतिपादित सट्टक शब्द की निष्पत्ति से होती है। श्रीगदित, डोम्ब्री आदि पहले नृत्य के प्रकार थे। सट्टक भी इसी कोटि का रहा होगा। कालान्तर में जिनके साहित्यिक रूप स्पष्ट हो गये उन्हें रूपक या उपरूपक की श्रेणी में सम्मिलित कर लिया गया।

डॉ० ए० एन० उपाध्ये ने द्रविण शब्द 'आट्ट' से सट्टक की उत्पत्ति मानी है। आट्ट का अर्थ है—'नाच' (Dance or Play)। जैसे हल्लीसक आदि का पूर्वरूप लोकनृत्यात्मक था उसी तरह सट्टक का भी पूर्वरूप लोकनृत्यात्मक या हावभावप्रदर्शनात्मक या तमाशा (Folk Dance) रूप था। प्रो० एन० जी० सुरु ने सट् या सट्ट (To show or Display) से सट्टक (सट्—साटक—सट्टक) की उत्पत्ति मानी है। सट्ट में ण्वुल् प्रत्यय जोड़ने पर सट्टक बनता है।

इस विवेचन से स्पष्ट है कि सट्टक का प्रारम्भिक रूप तमाशा था जिसमें नृत्यादि का प्राधान्य था। कर्पूरमंजरी में अब भी नृत्य का समावेश है। ग्रन्थ की प्रस्तावना में भी 'सट्टअं णच्चिदव्वं (सट्टकं नर्तितव्यं नाटयितव्यं वा)' का प्रयोग किया गया है। इस तरह नृत्ययुक्त नाटकीय प्रदर्शन ही सट्टक का प्रारम्भिक रूप रहा होगा। बाद में नाटिका से सम्बन्ध जुड़ने पर इसका साहित्यिक महत्त्व बढ़ गया होगा। यदि हम सट्टक को नाटिका का ग्राम्य रूप कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। पूर्ण नाट्यविधा न होने से इसमें चरित्र-चित्रण का पूर्णतया विकास नहीं होता है। शृङ्गारिक चेष्टाओं का

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

खुलकर प्रयोग होता है, स्त्रीपात्रों का प्राधान्य होता है, नायिका के नाम पर सट्टक का नामकरण होता है, अन्त में आश्चर्यजनक दृश्यों की योजना की जाती है, इसी तरह कुछ अन्य विशेषतायें भी पाई जाती हैं। 'भाषा प्राकृत होना चाहिए अथवा नहीं' इसका परवर्ती नाट्यग्रंथों में तो उल्लेख मिलता है परन्तु राजशेखर के द्वारा भाषा के सम्बन्ध में दिये गये वक्तव्यों (१.७,८) से स्पष्ट है कि ऐसा कोई नियम नहीं था। रंभामंजरी सट्टक में प्राकृत-संस्कृत दोनों का प्रयोग है। नाटिका का ग्राम्यरूप होने से सट्टक का लोकभाषा में रचित होना स्वाभाविक है। यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि इसके अभिनय में प्रेरक कोई राजा न होकर स्वयं कविपत्नी हैं।

समीक्षाः

शृाङ्गारिक चेष्टाओं के प्राधान्य, नाटकीय संविधान और कथानक की शिथिलता को लेकर प्रायः कर्पूरमञ्जरी की आलोचना की जाती है। जैसे—

(१) चरित्र-चित्रण की दृष्टि से देवी में वासवदत्ता जैसी महानुभावता एवं ईर्ष्याभाव का विकास नहीं है। नायिका के चरित्रविकास का नामोनिशान नहीं है। वह पांच सात वाक्यों से अधिक नहीं बोलती है। वह भैरवानन्द की कठपुतली जैसी है। भैरवानन्द में मंत्री यौगन्धरायण का अस्पष्ट प्रतिविम्ब है। राजा में उदयन जैसा प्रेमी-हृदय नहीं है; वह एक प्रेमी की अपेक्षा कविता-प्रेमी अधिक है। विचक्षणा जब कर्पूरमंजरी की मरणासन्न विरह-दशा का वर्णन करती है तो राजा का हृदय राजा उदयन की तरह व्यग्र नहीं होता है अपितु कविता की प्रशंसा करता है।

(२) कथानक कई स्थानों में अपर्याप्त है। जैसे—स्नानगृह से नायिका के अचानक गायब हो जाने पर भी उसके माता पिता को कोई चिंता नहीं होती है। शादी के समय में भी न तो उनकी उपस्थिति और न स्वीकृति है। नायिका को भी कुछ होश नहीं है और वह एक सपत्नीक राजा को दिल दे देती है। वह अपनी बहिन से विश्वासघात करती है। नायिका के कठोर बन्धन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

का हेतु नहीं बतलाया गया है, जबकि देवी ने राजा के साथ उसे एक बार भी नहीं देखा है। इस तरह अनेक स्थानों पर कथानक उखड़ा-उखड़ा सा है जिससे उसमें गप्पप्रधानता लगती है। विश्वसनीयता का अभाव होने से औत्सुक्य भी तिरोहित हो जाता है। अन्तिम फलप्राप्ति प्रभावोत्पादक नहीं है। अनावश्यक विस्तार से कहीं-कहीं रसाभिव्यक्ति व्यवधानपूर्वक होती है। अनावश्यक विस्तृत कवित्व के प्रदर्शन से ऐसा लगता है जैसे कोई काव्य-पाठ या काव्य-प्रतियोगिता हो रही हो।

(३) कथोपकथन में भी कहीं-कहीं असंगति है। जैसे—विदूषक जो कान्तारंजनयोग्य साधारण कविता करता है वह द्वितीय जवनिकान्तर में दोलावर्णन के प्रसङ्ग में विस्तारपूर्वक सुन्दर वर्णन करता है जो विदूषक जैसे व्यक्ति से संभव नहीं है। तृतीय जवनिकान्तर में कुछ प्रतियों में प्रेम की परिभाषा के संदर्भ में 'अंतोनिविट्ठ' (३ १२) आदि श्लोक विदूषक नहीं कह सकता है क्योंकि वह प्रेम के रहस्य से अनभिज्ञ है। द्वितीय जवनिकान्तर में राजा कर्पूरमञ्जरी के अलंकृत रूप के वर्णन में 'कंचणमअवालिआरूवं' कहता है जो अनुचित है क्योंकि जिस युवा कर्पूरमंजरी में राजा की राग-दृष्टि है, उसे बालिका कहना अनुचित है। प्र० ज० में विदूषक और विचक्षणा की लड़ाई में नाटकीय अभिनय का अभाव है। उसमें चातुर्यपूर्ण उक्तियों का ही प्राधान्य है। विदूषक के स्वप्नवर्णन में 'ततस्ततः' का लम्बा प्रदर्शन है। दूसरे जवनिकान्तर के बाद विचक्षणा एकदम अदृश्य हो जाती है जिसका कोई कारण नहीं है। उसके स्थान पर कुरङ्गिका को क्यों लाया गया है, अस्पष्ट है।

(४) शृङ्गार के भद्दे प्रदर्शन से उसकी व्यङ्ग्यता समाप्त हो गई है।

इस तरह कुछ दोष प्रकृत सट्टक के फिल्मीकथानक पर लगाये जाते हैं। इन आलोचनाओं का प्रमुख आधार है—रत्नावली नाटिका। 'A Lily is not to be condemned because it is not a Rose' लिली फूल को इसलिए बेकार नहीं माना जा सकता है कि वह गुलाब नहीं है। कर्पूरमञ्जरी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

एक सट्टक है, नाटिका नहीं । अतः नाटिका से तुलना करके इसकी समालोचना उचित नहीं है । यह नाटिका का अनुकरण मात्र है । सट्टक का उद्देश्य प्रचलित लोकनृत्यादि के माध्यम से प्रेम का प्रदर्शन करना है । इसमें जनसामान्य का मनोरंजन प्रधान होता है । इस दृष्टि से प्रकृत सट्टक में प्रचुर सामग्री वर्तमान है । जैसे—विचक्षणा-विदूषक की गाली-गलौज, स्वप्न वर्णन, झूला वर्णन, नृत्य, भैरवानन्द का चमत्कार आदि । प्रो० सुरु ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया है । उनका कहना है कि १०वीं शताब्दी के सट्टक में लोगों का जादू-टोने आदि में विश्वास था, अतः उस काल की दृष्टि से कथानक पर्याप्त मनोरंजन का जनक हैं । यद्यपि कुछ असंगतियाँ हैं फिर भी हंसी के नाटक में उच्च समालोचना को स्थान नहीं दिया जा सकता है । अभिनव नाट्यविधा की दृष्टि से कर्पूरमञ्जरी का महत्त्व सर्वविदित तो है ही, धार्मिक, ऐतिहासिक, सामाजिक आदि कई दृष्टियों से भी यह महत्त्वपूर्ण है ।

प्रकृति-चित्रण :

कर्पूरमंजरी में मुख्यरूप से अन्तःपुर की प्रणयलीला का चित्रण होने से यद्यपि प्रकृतिवर्णन का उन्मुक्त वातावरण नहीं है फिर भी प्रेम-व्यापार में उद्दीपन विभाव के रूप में उसका पर्याप्त चित्रण हुआ है । प्रकृत सट्टक में वसन्त ऋतु, ग्रीष्म ऋतु, चन्द्रोदय, सूर्यास्त, सन्ध्या तथा उपवन के वृक्षों के विकास का चित्रण हुआ है । महाकवि राजशेखर एक प्रकृतिप्रेमी कवि हैं जिससे इन्होंने अपनी कल्पना शक्ति से इस दृश्य काव्य को कहीं-कहीं प्रकृति-चित्रण काव्य सा वना दिया है । ऋतुओं में वसन्त और ग्रीष्म ऋतु का वर्णन है । जैसे—

वसन्त वर्णन—उद्दीपन विभाव के रूप में सट्टक का प्रारम्भ वसन्त वर्णन से ही होता है । राजा और देवी वसन्त वर्णन द्वारा ही एक दूसरे को वधाई देते हैं । वैतालिकद्वय, विचक्षणा, विदूषक सभी वसन्त वर्णन में कुछ न कुछ अवश्य कहते हैं । विचक्षणा वसन्त के आरम्भिक दिनों में ही मलयपवन की प्रौढ़ता का हेतु वतलाते हुए कहती है कि विरहिणियों के निःश्वासों के मलय-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पवन में मिल जाने से दरिद्रता को प्राप्त भी मलयपवन में जवानी आ गई है—

> जे लंकागिरिमेहलाहिं खलिदा संभोअखिण्णोरई-
> फारुप्फुल्लफणावलीकवलणे पत्ता दरिद्दत्तणं।
> ते एण्हि मलआणिला विरहिणीणीसाससंपक्किणो
> जाआ झत्ति सिसुत्तणे वि वहला तारुण्णपुण्णा इव ॥१.२०॥

वसन्त-मलयपवन का किन-किन देश की रमणियों पर क्या प्रभाव पड़ता है इसका सजीव चित्रण प्रथम वैतालिक की गाथा 'पंडीणं० (१.१५)' में दर्शनीय है। इसी प्रकार द्वितीय वैतालिक कहता है कि महाराष्ट्र की कुङ्कुम से अनुरक्त रमणियों के कपोलों के सदृश चम्पा का फूल खिल गया है। थोड़े मथे गए दूध की तरह सुन्दर मल्लिका लता विकसित हो गई है। मूल भाग में काला और अग्रभाग में भौरे के रसपानार्थ बैठने से पलाश का फूल ऐसा मालूम पड़ रहा है मानो दोनों भागों से भौरों द्वारा रसपान किया जा रहा है। जैसे—जादं कुंकुमपंकलीढ० (१.१६)।

कवि वसन्त-शोभा से इतना आकृष्ट है कि राजा के मुख से देवी को आँखें फाड़-फाड़कर देखने के लिए उत्साहित करता है—ता विब्भमपअट्टावअं तरट्टीणं, णट्टावअं मलअमारुदंदोलिदलदाणच्चणीणं, चारुप्पवंचिदपंचसं कलकंठिकंठेसु, कंदलिदकंदप्पकोअंडदंडखंडिदकंडचंडिमं, सिणिद्धबंधवं वसुन्धरापुरंधीए, पसारिदप्पसदिप्पमाणेहिं अच्छीहिं महूसवं जधिच्छं पेक्खदु देवी' (पृ० ३२-३३)।

चैत्रमास के वसन्त को सर्वाधिक कामोद्दीपक बतलाते हुए कवि ने देवी के मुख से स्पष्टरूप से सुरत का आमन्त्रण कहलवाया है—माणं मुंचध० (१.१८)। वसन्त में दिन बड़े क्यों होने लगे हैं? इस विषय में देवी की ही निम्न युक्ति कितनी सटीक मालूम पड़ती है—

> गाअंतगोवअवहूपअपेंखिआसु
> दोलासु विब्भमवईसु णिविट्ठदिट्ठी।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जं जाइ खंजिअतुरंगरहो दिणेसो
तेण व्व होंति दिअहा अइदीहदीहा ॥१.२१॥

इस तरह वसन्त वर्णन प्रकृत सट्टक में बड़ा ही सजीव, दूरगामी और उद्दीपन विभाव के रूप में चित्रित हुआ है।

ग्रीष्म वर्णन—ग्रीष्म ऋतु स्वयं दाहजनक तो होती ही है, यदि प्रियजन का वियोग हो तो वह कामियों को और भी अधिक संतापदायिनी हो जाती है। इस सन्दर्भ में राजा का कथन है—

इह कुसुमसरेक्कगोअराणं इदमुहअं पि हु दूसहं ति मण्णे।
जरढरइकरालिओ अ कालो सह अ जणेण पियेण विप्पलंभो ॥४.२॥

यही ग्रीष्म ऋतु जब प्रियजन से संयुक्त होती है तो कामीजनों के लिए सहजशीतल हो जाती है (४.६) तथा ग्रीष्म के बड़े भी दिन सहज ही गुजर जाते हैं। प्रियजन का वियोग होने पर दिन मासोपम हो जाते हैं—पच्चंगं णवरूव ...... मासोवमा वासरो (४.९)। प्रचण्डताप से युक्त दिनों के लम्बे और रात्रियों के अल्पस्थायी होने से कामिजन बहुत दुःखी होते हैं। अगर उनका वश चले तो इस नियम के बनाने वाले को छुरा की धार से ही काट दें। राजा कहता है—'णिसा तलिणवित्थरा......खुरसिहाहिं खंडिज्जइ (४.३)। परन्तु विदूषक जैसे सामान्य व्यक्तियों के लिए गर्मी के दिन सन्तापदायक नहीं होते हैं—'अम्हारिसो उण जणो ण कामस्स बाहणिज्जो ण तावस्स सोसणिज्जो।' (पृ० २१५)। ऐसे व्यक्तियों के लिए ये दिन कल्याण-कारी भी होते हैं क्योंकि इन दिनों आम, पान, सुपाड़ी, चन्दन आदि की बहार रहती है—पाण्डुच्छवि ......भद्दं णिदाहदिअहाण वअस्स होउ (४.५)।

राजा की दृष्टि में इन गर्मी के दिनों में त्राण तभी है जब पास में प्रिय-जन हो, सुरा हो तथा स्नान विलेपन आदि हों (४.४,५)। इस तरह गर्मी की सन्तापदायकता तथा सुख-प्रदायकता का वर्णन व्यक्तिभेद तथा स्थितिभेद से किया गया है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चन्द्रोदय—समस्त संस्कृत साहित्य में प्रायः चन्द्रोदय को कामोद्दीपक के रूप में चित्रित किया गया है। मानिनियों का मान चन्द्रोदय होने पर चक्की में पीसे जाने की तरह चूर्ण-विचूर्ण हो जाता है, जिससे मदन का गर्व बढ़ जाता है। कुरङ्गिका कहती है—

> **ससहररईअमरट्टो माणिणिमाणघरट्टो।**
> **णवचंपअकोअंडो मअणो जअइ पअंडो ॥३.३०॥**

यह चन्द्रमा दिशारूपी वधुओं का आभूषण है, आकाशरूपी सरोवर का हंस है और सुरतक्रीडारूपी लता का मूल है (३.२९)। चन्द्रमा के मण्डल में विद्यमान कलंक वस्तुतः कलंक नहीं है वह तो हाथी दांत के बने पिंजड़े में स्थित केलि-कोकिल है (३.३१)। जब आकाश में चन्द्रकिरणें पुंजीभूत हो जाती हैं तो वे बिना कुंकुम और चन्दन के सभी दिशारूपी वधुओं का मण्डन हो जाती हैं, कंगन और कुंडल के बिना ही भुवनमण्डली का आभूषण बन जाती हैं, सोसण और मोहण के अभाव में भी कामदेव का आयुध लगती हैं (३.२६)। इसी प्रकार जब चारों ओर घनीभूत अन्धकार छाया हुआ हो और पूर्वदिशा से चन्द्रमा का उदय हो रहा हो तो मुचकुन्द फूल के समान सुन्दर किरणों को बरसाता हुआ चन्द्रमा कैसे सम्पूर्ण बिम्बत्व को प्रात हो जाता है? वैतालिक के शब्दों में—**भूगोले तिमिराणुबंधमलिणे……संपुण्ण-बिंबत्तणं ॥३.२५॥**

चन्दन-सदृश संसार को आह्लादित करने वाली ये चन्द्रमा की किरणें जब जलधारा का अनुकरण करती हुई नभस्तल से पृथ्वीतल पर उतरती हैं तो ऐसा लगता है मानों दिशारूपी सुन्दरियों के मुख को कपूर से लीप दिया गया हो। कन्दर्परूपी जीर्णकन्द मानो अंकुरित होकर त्रिभुवनव्यापी हो गया हो। जैसे—

> **देंता कप्पूरपूरच्छुरणमिव दिसासुंदरीणं मुहेसुं**
> **लण्हं जोण्हं किरंता भुवणजणमणाणंदणं चंदणं व।**

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जुण्णं कंदप्पकंदं तिहुअणकलणाकंदलिल्लं कुणंता
जाआ एणंकपादा सरअजलहरुम्मुक्कधाराणुकारा ॥३.२८॥

इस तरह चन्द्रमा की किरणों को त्रिभुवन के कामीजनों का उद्दीपक बतलाया गया है।

सूर्यास्त एवं संध्या वर्णन—सूर्यास्त का स्वाभाविक चित्रण निम्न वैतालिक की उक्ति में सहोक्तिमूलक अलंकार के साथ दर्शनीय है—

लोआणं लोअणेंहिं सह कमलवणं अद्धणिद्दं कुणंतो
मुंचंतो तिव्वभावं सह अ सरहसं माणिणीमाणसेंहिं।
मंजिट्ठारत्तच्छविकिरणचओ चक्कवाएक्कमित्तो
जाओ अत्थाचलत्थो उवह दिणमणी पिक्कणारिंगपिंगो ॥२.५०॥

मञ्जिष्ठ राग से रंजित सूत्रों की तरह कान्तीवाली किरणों को धारण करने वाला, चक्रवाक पक्षियों का एकमात्र मित्र, पकी हुई नारंगी के सदृश ईषत् लाल और पीला सूर्य लोगों की आँखों के साथ-साथ कमलवन का निमीलन करता हुआ तथा कामिनियों के मान के साथ-साथ अपने तेज को घटाता हुआ अस्ताचल की ओर चला गया है।

इसी भाव को कवि ने प्रकृति का मानवीयकरण करते हुए वैतालिक के मुख से कितने सुन्दर ढङ्ग से प्रस्तुत किया है—

एदं वासरजीवपिण्डसरिसं चंडसुणो मंडलं
को जाणइ कहिं पि संपइ गअं पत्तंमि कालंतरे।
जाआ किं च इअं वि दीहविरहं सोऊण णाहे गए
मुच्छामुद्दिअलोअण व्व णलिणी मीलंतपंकेरुहा ॥ १.३५ ॥

दिन के लिए प्राणों के सदृश सूर्यमण्डल के कहीं चले जाने पर यह नलिनी विरहिणी हो गई है और शोक से मानो आँखों को बन्द करके मूर्च्छित हो गई है। यहाँ उत्प्रेक्षा, समासोक्ति और समाधि अलंकारों का सुन्दर प्रयोग है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उपवन-शोभा—मूलतः उपवन-शोभा का वर्णन इस सट्टक में नहीं है परन्तु कर्पूरमंजरी द्वारा किये गये कुरबक, तिलक और अशोक वृक्षों के दोहद-दान का वर्णन मिलता है (२.४४-४७)। इसके अतिरिक्त तमालवृक्षनिकुंज, मरकतकुंज आदि का उल्लेख मात्र मिलता है (ज० २ पृ० १२३, १४३, १४५, १४७)। बालरामायण में वन-प्रदेश (१.६३) का वर्णन मिलता है।

इस तरह कवि ने प्रकृतिवर्णन को प्रणयलीला के उद्दीपन विभाव के रूप में चित्रित किया है। कवि का प्रकृतिप्रेम इतना अधिक है कि कई पात्रों से अनावश्यक प्रकृति वर्णन करवाता है। प्रकृति वर्णन कल्पनाप्रसूत एवं सूक्ष्मनिरीक्षण से पूर्ण है। उसमें रागात्मकता, रमणीयता एवं चित्रात्मकता है। सजीव यथार्थ दूरगामी भी है।

काव्य-सौन्दर्य—कवि का काव्य प्रेम इतना अधिक है कि वह अपनी विरहिणी प्रियतमा का प्रेमपत्र पाकर भी उसके प्रति उद्विग्न न होकर कविता की प्रशंसा करता है। पदे-पदे काव्य रचना में अधिक रुझान है। काव्य में मनोरम वर्णयोजना और शब्दों के उत्कृष्ट चयन के साथ गेयरूपता, पद-लालित्य एवं अनुप्रास की छटा दर्शनीय है। जैसे झूला झूलती हुई कर्पूरमंजरी के वर्णन प्रसङ्ग में (२.३२) **रणंतमणिणेउरं, झणझणंत, कलक्कणिर्दाकिकणी, विलोलवलआवली, मंजुसिजा, मणमोहणं** आदि। इसी तरह प्रथम जवनिकान्तर (१.२१) में गाती हुई गोपवधुओं के झूले पर सूर्य की दृष्टि लग जाने से उसकी गति मन्थर हो गई है और दिन बड़े हो गए हैं। यहाँ 'गाअंतगोवअ' आदि पदों में ताल और लय के अनुरूप शब्दचित्र मालूम पड़ता है। इस तरह काव्य संगीतमय बन गया है। वर्णन चाहे प्रकृति चित्रण का हो या दोला लीला (२.३०-४०) का या **नायिका-सौन्दर्य चित्रण** (१.२३-२६, २.१,६, १२-२२, ४१) का या वृक्षों का **दोहद-वर्णन** (२.४३-४७) या **चर्चरी नृत्य** (४.९-१७) सर्वत्र कवि के काव्य में मनोरमता है।

भाषा :

राजशेखर ने सम्पूर्ण नाट्य को संस्कृत में न लिखकर सर्वप्रथम प्राकृत

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

में निवद्धकर अभिनव-प्रयोग किया है। इस संदर्भ में उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि संस्कृत-प्रबन्ध कठोर (क्लिष्ट) होते हैं और प्राकृत-प्रबन्ध सकुमार (सरल)। इन दोनों में उतना ही अन्तर है जितना कि पुरुष और महिला में (१.८)। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा है कि भाषा चाहे जो भी हो काव्य में उक्ति-वैचित्र्य का होना आवश्यक है और वह उक्ति-वैचित्र्य संस्कृत के समान प्राकृत में भी पाया जाता है (१.७)।

अव देखना यह है कि कर्पूरमंजरी में महाराष्ट्री आदि किस प्राकृत का प्रयोग किया गया है ? यह तो निश्चित है कि कर्पूरमंजरी में प्राकृत का पूर्ण विकसित रूप मिलता है तथा सामान्यरूप से इसे शौरसेनी प्राकृत में लिखा गया नाट्य माना जाता है। इतना विशेष है कि पद्य भाग में महाराष्ट्री प्राकृत का प्रयोग अधिक हुआ है। कुछ प्रतियों में इसे शौरसेनी का रूप दिया गया है तो कुछ में महाराष्ट्री का। पद्य में महाराष्ट्री का और गद्य में शौरसेनी का प्रयोग दिखाकर आपने स्वयं को 'सर्वभाषाविद्' कहलाने का उपक्रम किया है। शौरसेनी प्राकृत की प्रकति संस्कृत मानी जाती है। तथा अपनी कुछ विशेषताओं के साथ महाराष्ट्री प्राकृत पर ही आश्रित है। शौरसेनी और महाराष्ट्री के उन संस्कृतमूलक शब्दों का भी प्रयोग बहुतायत से किया गया है जिनके रूप दोनों में समान पाये जाते हैं। इनके सट्टक में देशज शब्दों का भी प्रयोग बहुतायत से हुआ है। संस्कृत के तत्सम शब्द प्रचुरता से मिलते हैं। प्रयुक्त सभी शब्द व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध हैं। भाषा को भाव के अनुरूप नवीनता देने की उनमें अद्भुत क्षमता थी। सुभाषित एवं सूक्तियों के प्रयोग से भाषा में प्राञ्जलता है। इसके साथ ही भाषा सरस एवं सरल है। पदलालित्य पदे-पदे विद्यमान है। वैदर्भी, मागधी एवं पाञ्चाली तीनों रीतियों का सम्मिश्रण है।

शौरसेनी प्राकृत की कुछ विशेषताएँ जो इसे महाराष्ट्री प्राकृत से पृथक् करती हैं। जैसे—

(१) त>द (लता>लदा, मारुतिना>मारुदिणा)।

(२) थ>ध विकल्प से 'ह' (तथा>तधा, तहा। कथं>कधं, कहं)।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(३) ह>ध विकल्प से (इह>इध, इह। भवथ>होध, होह)।

(४) भू>भ विकल्प से (भवति>भोदि, होदि, भवदि, हवदि)।

(५) र्य>य्य विकल्प से (कार्यम्>कय्यं, कज्जं। आर्यपुत्र>अय्यउत्तो, अज्जउत्तो)।

(६) स्त्री>इत्थी।

(७) ही ही, णं (ननु), हञ्जे (चेटी के आह्वान में)।

(८) क्रियारूपों में 'ति' को दि, दे (गच्छति = गच्छदि, गच्छदे)।

कर्पूरमंजरी में उपलब्ध निम्न उदाहरणों से उसकी भाषा के विषय में आसानी से निर्णय किया जा सकता है—

(क) तद्भव (शौरसेनी और महाराष्ट्री में समान) शब्द—

शौरसेनी तथा महाराष्ट्री—मुणाल (मृणाल), वेण्ट (वृन्त), मअलांछण (मृगलांछन), जुण्ण (जीर्ण), मुत्ताहल (मुक्ताफल), सिविणअ (स्वप्नक), महूसव (महोत्सव) आदि।

(ख) तद्भव (शौरसेनी और महाराष्ट्री के पृथक्-पृथक्) शब्द—

संस्कृत	शौरसेनी	महाराष्ट्री
अथ	अध	अह
इह	इध	इह
इति	इदि	इह
तथा	तधा	तहा
कथम्	कधं	कहं
ततः	तदो	तओ
भवति-तु	भोदि, भोदु	होइ, होउ
भविष्यति	भविस्सदि	होहिइ
वर्तते	वट्टदि	वट्टइ
तिष्ठति	चिट्ठदि	ठाइ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कथ्यताम्	कधिअदु	कहिज्जउ
दृश्यते	दीसदि	दीसइ
कृतम्	किदं	कअं
भूषिता	भूसिदा	विहूसिआ
प्राकृत	पाउद	पाउअ
संस्कृत	सक्कद	सक्कअ
रति	रदि	रइ
रीति	रीदि	रीइ
दिवस	दिवस	दिअह
लभते	लहदि	लहइ
क्रियताम्	करिअदु	किज्जउ

(ग) देशज शब्द—वच्छोमी, छइल्लं, ढिल्ला, ठक्कुर, भुल्ला, टेंटा-कराले, भमरटेंटा, टप्परकण्णा, छोल्लइ, हलबोली, तसर, रिंछोली, कंदोट्ठ, बक्कर, सिप्पी, कडिल्ल, चंगत्तण, ओलग्गाविअ, हक्कारइ, बोल्लइ, खिडिक्किआ णिप्पट्ट, सिहिण, तरट्टी, सहिंजण, पालित्तिआ, पाडिसिद्धी, वरिल्ल, पक्खाउज्ज, कंडारिऊण आदि।

(घ) तत्सम शब्द—धारा, पंक, दोला, देह, तरु, उत्तंस, उमा, एण, कंकण, कज्जल, कण्ठ, कंद, किरण, कुंकुम, कुण्डल, गण्ड, गंध, चण्ड, दंत, देवी, पंजर, भूगोल, भूमि, माला, मसि, मणि, वसुन्धरा, विवाह, सलिल, हर, हरि, सुर, सुरंग, हुंकार, हार, बाण, बिम्ब, पंचम, कलंक, तुला, तोरण, महिला, कर आदि।

इस तरह कर्पूरमंजरी में प्रयुक्त भाषा में शौरसेनी प्राकृत, महाराष्ट्री प्राकृत तथा देशी शब्दों के प्रचुर प्रयोग मिलते हैं। सर्वभाषा चतुर राजशेखर ने सम्भवतः इसीलिए इस सट्टक को किसी एक प्राकृत में नहीं लिखा है। शौरसेनी के विशेष प्रयोग मिलने से कुछ विद्वान् इसे शौरसेनी प्राकृत में लिखित मानते हैं। वस्तुतः इसमें मिश्रण है शौरसेनी और महाराष्ट्री का।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विभिन्न संस्करणों में अनेक पाठ-भेद मिलते हैं जो सम्भवतः इसे शौरसेनी या महाराष्ट्री रूप देने के प्रयत्न है। जैसे प्रथम पद्य में ही भोदु (शोरसेनी), और होउ (महाराष्ट्री)।

राजशेखर :

राजशेखर में वाल्मीकि, कालिदास आदि की तरह काव्य-प्रतिभा और और भरत, भामह आदि की तरह शास्त्रीय-प्रतिभा का मञ्जुल सामञ्जस्य होने से वे एक कवि और समीक्षक दोनों हैं। संस्कृत साहित्य में उभयमुखी प्रतिभासम्पन्न साहित्यकारों में राजशेखर, हेमचन्द्र, पण्डितराज जगन्नाथ आदि के नाम प्रसिद्ध हैं। राजशेखर ने प्रारम्भिक रचनाओं से अपना कवि-जीवन प्रारम्भ किया और धीरे-धीरे आचार्यत्व के पद को प्राप्त किया, पश्चात् तीनों लोकों में ख्याति अर्जित की थी—

बालकई कइराओ णिब्भअराअस्स तह उवज्झाओ।
इअ जस्स पाएँहि परंपराइ माहप्पमारूढं॥
सो अस्स कई सिरिराअसेहरो तिहुअणं पि धवलेंति।
हरिणंकपाडिसिद्धीअ णिक्कलंका गुणा जस्स ॥क० १.६-१०॥

'बालभारतम्' में कवि ने लिखा है—

आपन्नार्तिहरः पराक्रमधनः सौजन्यवारांनिधि-
स्त्यागी सत्यसुधाप्रवाहशशभृत्कान्तः कवीनां मतः।
वर्ण्यं वा गुणरत्नरोहणगिरेः किं तस्य साक्षादसौ
देवो यस्य महेन्द्रपालनृपतिः शिष्यो रघुग्रामणीः ॥१.११॥

वहीं राजशेखर ने अपने आपको भवभूति का अवतार भी बतलाया है—

बभूव वाल्मीकभव पुरा कविस्ततः प्रपेदे भुवि भर्तृमेण्ठताम्।
स्थितः पुनर्यो भवभूतिरेखया स वर्तते संम्प्रति राजशेखरः ॥१.१२॥

अन्यत्र कहा है कि यदि कानों का रसायन पान करने का, सज्जनों से सम्मत वाणी की रचना करने का, व्युत्पत्ति की चरम सीमा प्राप्त करने का,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रसस्रोत की गहराई जानने का, जीवित वृक्ष का सुस्वादु फल खाने का यदि कौतुक है तो हे भाई ! राजशेखर कवि की सुधास्यन्दिनी सूक्तियों को सुनो—

पातुं श्रोतरसायनं रचयितुं वाचः सतां सम्मता
व्युत्पत्तिं परमामवाप्तुमवधिं लब्धुं रसस्रोतसः
भोक्तुं स्वादुफलं च जीविततरोर्यद्यस्ति ते कौतुकं
तद् भ्रातः शृणु राजशेखरकवेः सूक्तीः सुधास्यन्दिनीः ।।

महान् साहित्यकार, भूगोलज्ञ और भारतीय संस्कृति के व्याख्याता राजशेखर के काल और जन्मस्थान को लेकर विद्वानों में मतैक्य नहीं है । यद्यपि इन्होंने अपने बारे में बहुत कुछ कहा है परन्तु काल और जन्मस्थान के विषय में निश्चित तथ्य नहीं दिए हैं । उपलब्ध सामग्रियों के आधार पर इनके जीवनकाल आदि की रूपरेखा निम्न प्रकार है[1]—

---

१. राजशेखर नाम के ५ अन्य व्यक्ति भी संस्कृत साहित्य में मिलते हैं—

(१) राजशेखर सूरि नामक जैनाचार्य जिन्होंने प्रबन्धकोष की रचना की है । मैक्समूलर ने यायावरीय राजशेखर से इन्हें भ्रमवशात् अभिन्न माना है । इनका समय १३४८ ई० है । (२) गोदावरी के किनारे पेरूर में कोल्लूरिवंशज राजशेखर । इनका दूसरा नाम सोमशेखर था । इनकी ३ रचनायें हैं । साहित्यकल्पद्रुम, शिवशतक और अलङ्कारमकरन्द । समय १८४०ई० है । (३) केरल प्रदेश के राजा राजशेखर (सन् ३२२) । इन्होंने 'मुकुन्दमाला' ग्रन्थ रचा । कुञ्जर कवि ने 'राजशेखरचरित' लिखकर इन्हें 'कुलशेखर' और 'रसिकशेखर' नाम से सम्बोधित किया है । (४) केरल के दूसरे राजा राजशेखर जो माधवाचार्य विरचित 'शंकरदिग्विजय' में उल्लिखित हैं । (५) दक्षिण में जंगेजशेरि के पास तलइन्नगांव में ७५० ई० से ८५० ई० के मध्य; जनश्रुति से प्राप्त कोई राजशेखर राजा ।

हिस्ट्री आफ क्लासिकल संस्कृत लिट्रेचर—एन० कृष्णमाचारी, पृ० ४३२, ५०८, ६२५, ६२६.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

काल

राजशेखर को ७ वीं शताब्दी से लेकर १४ वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध के मध्य मानने वाले विभिन्न विद्वानों के मत निम्न प्रकार हैं—

(१) ७ वीं शताब्दी—श्री ए० बोरो[1]।

(२) ८ वीं शताब्दी—श्री पीटर्सन एवं पं० दुर्गाप्रसाद[2]।

(३) ८ वीं शताब्दी उत्तरार्ध—श्री वी० एस० आप्टे[3]।

(४) ९-१० वीं शताब्दी—डा० स्टेनकोनो, लायमैन, सी० डी० दयाल, आर० ए० शास्त्री, कीलहार्न, एन० जी० सुरु, पी० वी० काणे, मिराशी।

---

१. भवभूति एण्ड हिज प्लेस इन संस्कृत लिट्रेचर, पृ० १७ में 'बभूव वल्मीकभवः कविः पुरा०' (बालरामायण १.१६; बालभारत १.१२) के आधार पर इन्हें भवभूति की मृत्यु के कुछ समय बाद माना है।

२. इन्ट्रोडक्शन टु वल्लभदेवाज सुभाषितावली, पृ० १०१ में पीटर्सन और पं० दुर्गाप्रसाद जी क्षीरस्वामी द्वारा लिखित अमरकोष टीका जिसमें प्रसङ्गतः राजशेखर की विद्धशालभञ्जिका के चार पद्य (१.३, ११, १७, ३.१७) उद्धृत हैं, के आधार पर क्षीरस्वामी के समकालीन मानते हैं। क्षीरस्वामी काश्मीर के राजा जयापीड़ (७५० ई०) के गुरु थे। वस्तुतः इन क्षीरस्वामी ने अमरकोष पर टीका नहीं लिखी थी। अतः यह मत भ्रान्त है।

३. राजशेखर हिज लाइफ एण्ड राइटिंग्स, पृ० १४ में भवभूति के मालती-माधव के 'ये नाम केचिदिह' (१.४४) के आधार पर मानते हैं कि भवभूति ने अपने जीवन काल में प्रतिष्ठा नहीं प्राप्त की थी। उन्हें प्रतिष्ठा प्राप्त करने में १०० वर्ष अवश्य लगा होगा तभी राजशेखर ने अपने लिए उनके साथ जोड़ा है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(५) ११-१२ वीं शताब्दी—डा० विल्सन[1]।

(६) १४ वीं शताब्दी—डा० मैक्समूलर[2]।

इस तरह ७०० वर्षों के मध्य राजशेखर का काल मानने वाले विभिन्न विद्वानों के मतों की अन्तःसाक्ष्य और बहिःसाक्ष्य के आधार पर समीक्षा करने पर निम्न तथ्य प्रस्तुत होते हैं—

(१) धनपाल[3] (१० वीं शताब्दी उत्तरार्द्ध) से लेकर सोमदेव[4] सोड्ढल, अभिनवगुप्त, क्षेमेन्द्र, कुन्तक, मम्मट, वाग्भट, हेमचन्द्र, अरिसिंह, अमरचन्द्र, केशवमिश्र, विश्वनाथ आदि ने किसी न किसी रूप में राजशेखर को उद्धृत किया है।

इससे स्पष्ट है कि राजशेखर का समय धनपाल से परवर्ती नहीं होना

---

१. हिन्दू थियेटर, जिल्द २, पृ० ३६२ में विल्सन ने कर्पूरमञ्जरी के 'चाहुआण कुल०' (1.11) के आधार पर चौहानवंश (राजपूत वंश) के राजा का मन्त्री माना है। पत्नी के आधार पर मन्त्री मानना ठीक नहीं है क्योंकि उन्होंने स्पष्ट शब्दों में अपने को महेन्द्रपाल का गुरु माना है। दूसरी बात यह है कि ये महामन्त्री के पुत्र थे, स्वयं मन्त्री नहीं। बालरामायण—'सूक्तमिदं तेनैव हि महामन्त्रिपुत्रेण' (१.८)। बालभारत (१.६) 'उक्तं हि तेनैव महासुमन्त्रिपुत्रेण'।

२. इण्डिया : ह्वाट कैन इट टीच अस ? पृ० ३२८ में राजशेखर को प्रबन्धकोषकार जैन राजशेखर सूरि से अभिन्न मानकर १३४७ ई० माना है। यह मत भ्रान्त है।

३. धनञ्जय (ई० ९७४-९९४) ने दशरूपक में वीथी के प्रपञ्च नामक अंग के उदाहरण में कर्पूरमञ्जरी के 'रंडा चंडा (1.23) पद्य को उद्धृत किया है तथा अयोग-शृङ्गार की १० अवस्थाओं में से आनन्द अवस्था के उदाहरण में विद्धशालभञ्जिका का 'सुधावद्ध०' पद्य उद्धृत किया है (दश० ४.५४)।

४. सोमदेव ने पूर्ववर्ती कवियों की सूची में लिखा है—'यथा पूर्वभारविभव-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चाहिए। राजशेखर ने भी अपने ग्रन्थों में वाल्मीकि से लेकर कवि उद्भट, आनन्दवर्धन तथा रत्नाकर तक का उल्लेख किया है। रत्नाकर, आनन्दवर्धन के समकालीन (ई० ८५५-८८३) थे।

अतः साहित्यिक अन्तः साक्ष्य के आधार पर राजशेखर का समय ८८३ ई० से ९७५ के मध्य होना चाहिए।

(२) राजशेखर ने अपने ग्रन्थों में स्वयं को अपने आश्रयदाता निर्भयराज (गुर्जर प्रतिहार वंशी) महेन्द्रपाल का गुरु कई बार बतलाया है।[1] झांसी जिले के सियदोनी ग्राम के अन्तिम अभिलेख के अनुसार महेन्द्रपाल का शासनकाल ९०३ ई० से ९०७ ई० था[2]। काठियावाड़ में स्थित जूना के अभिलेख में भी इस राजा की प्रशस्ति है। यह प्रशस्ति ८९३ ई० की है[3]। किञ्च, महेन्द्रपाल के पिता मिहिरभोज की मृत्यु ८८५ ई० में हो चुकी थी। सम्भवतः इसी समय महेन्द्रपाल (ई०८८५) राज्यासीन हुए होंगे और राजशेखर ने साहित्य के क्षेत्र में प्रवेश किया होगा।

(३) 'बालभारत' की प्रस्तावना में राजशेखर ने महेन्द्रपाल के पुत्र

भूति-भर्तृहरि-भर्तृमेण्ठ-गुणाढ्य-व्यास-भासबाण-कालिदास-मयूर-नारायण-कुमार-माघ-राजशेखरादिमहाकविकाव्येषु।' यशस्तिलकचम्पू, ४.२.११३.

१. 'बालकई कइराओ णिब्भअराअस्स तह उवज्झाओ' क० म० १.९; 'रघुकुलतिलको महेन्द्रपालः। सकलकलानिलयः स यस्य शिष्यः'-विद्धशालभञ्जिका' १.६; 'देवो यस्य महेन्द्रपालनृपतिः शिष्यो रघुग्रामणीः, बालभारत १.११ तथा बालरामायण १.१८.

२. एपिग्राफिका इण्डिका, जिल्द १ पृ० १७३.

३. वही, जिल्द ९, पृ० ६ पादटिप्पणी।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

महीपाल के शौर्य का वर्णन किया है।[1] महीपाल के शासनकाल सम्बन्धी दो अभिलेख मिलते हैं—हड्ल ग्राम के भिलेख में ९१४ ई० तथा प्रतापगढ़ के अभिलेख में ९४८ ई० उत्कीर्ण है।[2]

(४) राजशेखर की 'विद्धशालभञ्जिका' त्रिपुरी नरेश युधराजदेव प्रथम के प्रीत्यर्थं लिखी गई थी। युवराजदेव का समय विलहरी ग्राम में प्राप्त शिलालेखानुसार ९१० ई० से ९४८ ई० है।[3]

इस प्रकार ऐतिहासिक तथा साहित्यिक अन्तः तथा बाह्य साक्ष्यों से स्पष्ट है कि राजशेखर का समय ८८५ ई० से ९७५ ई० के मध्य रहा होगा। डा० स्टीनकोनो आदि अधिकांश विद्वान् भी करीब-करीब इसी समय को स्वीकार करते हैं।

जन्मस्थान :

राजशेखर का जन्मस्थान भी अभी विवादास्पद है। इतना तो निश्चित है कि राजशेखर गुर्जर प्रतिहार महेन्द्रपाल और महीपाल के शासन में कान्यकुब्ज ('महोदय' नामान्तर) में रहे तथा कुछ समय तक कलचुरी नरेश युवराजदेव की राजधानी त्रिपुरी में रहे। राजशेखर के पूर्वज महाराष्ट्र के रहने वाले थे जैसाकि उन्होंने स्वयं बालरामायण (१.१३-१४) में कहा है—'तदामुष्यायनस्य महाराष्ट्रचूडामणेरकालजलदस्य चतुर्थोदौर्दुकिः शीलवतो सूनुरुपाध्यायश्रीराजशेखर-इत्यपर्याप्तं बहुमानेन' इससे इतना स्पष्ट है कि इनके

---

१. नमितमुरलमौलिः पाकलो मेकलानां
रणकलितकलिङ्गः केलितट्केरलेन्दोः।
अजनि जितकुलूतः कुन्तलानां कुठारो
हठहृतरमठश्रीः श्रीमहीपालदेवः ॥ बालभारतम् १.७ ॥

२. इंडियन एण्टीक्वेरी, जिल्द १२, पृ० १९३ तथा जिल्द १४ पृ० १२२ पादटिप्पणी।

३. एपिग्राफिका इण्डिका जिल्द १, पृ० २५२, पादटिप्पणी।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रपितामह महाराष्ट्र के प्रतिष्ठित विद्वान् 'अकालजलद' थे।[1] सुरानन्द पितामह थे। दुर्दुक पिता थे तथा शीलवती माता थी। इनके पिता किसी राजा के महामन्त्री थे।[2] पत्नी का नाम अवन्तिसुन्दरी था जो 'चौहान' कुल की शिरोमणि थी। इसी की प्रेरणा से कर्पूरमंजरी का अभिनय किया गया था।[3] संभव है, यह अवन्ति जनपद की हो। यह भी संभव है कि अवन्तिसुन्दरी से राजशेखर ने अनुलोम विवाह किया हो क्योंकि राजशेखर के क्षत्रिय होने का कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है। ये प्रसिद्ध यायावर वंश के थे। यायावर वंश[4] ब्राह्मणों का होता है तथा ये अपने आपको बारम्बार उपाध्याय पद का प्रयोग करते हैं। यायावर वंश कवियों के प्रसव के लिए कल्पतरु के समान था।

जहाँ तक इनके जन्मस्थान का प्रश्न है इस विषय में प्रमुख रूप से दो मत हैं—

(१) मध्यप्रदेश—इस मत के समर्थक हैं—डा० मनमोहन घोष[5] इन्होंने इस सम्बन्ध में दो तर्क दिए हैं—[क] राजशेखर ने काव्यमीमांसा [अध्याय १०] में कहा है कि मध्यदेशीय कविगण सभी भाषाओं में निपुण होते हैं (यो मध्यदेशं निवसति स कविः सर्वभाषानिषण्णाः)। इससे राजशेखर

---

१. सूक्तिमुक्तावली (४.८४) में अकालजलद के विषय में कहा है—'जब सूखे तालाब में मेंढक विलों में मृतप्राय पड़े थे तब अकालजलद ने आकर ऐसी वर्षा की कि वहाँ जंगली हाथियों के झुण्ड गले तक डूबकर जल पी रहे हैं।'

२. 'उक्तं हि तेनैव महासुमन्त्रिपुत्रेण' बालभारत, अंक १ पृ० ३ तथा बालरामायण प्रस्तावना।

३. क० म० १.११.

४. देखें, वैखानस गृह्यसूत्र १.८; बौधायन धर्मसूत्र ३.१.१; याज्ञवल्क्य स्मृति १.१२८.

५. घोष : इन्ट्रोडक्शन टु कर्पूरमंजरी, पृ० ६५-६८.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

का 'सर्वभाषाचतुर' होने का सहज अनुमान होता है। [ख] कन्नौज (महोदय; यह मध्यदेश की राजधानी थी) और पाञ्चाल के प्रति पक्षपात होना[1] मातृभूमि के प्रति स्नेह प्रकट करता है। श्रीरामकुमार आचार्य भी यही मत मानते हैं।[2] इस पक्ष में एक और कारण हो सकता है कि दण्डी-प्रोक्त श्रेष्ठ प्राकृत महाराष्ट्री को क्यों नहीं महत्त्व दिया ?

(२) **महाराष्ट्र या दक्षिण**—इस मत के समर्थक हैं— आप्टे[3], मिराशी[4], स्टेनकोनो[5], लायमैन[6], एस० के० दे[7], कृष्णमाचारी[8], पी० वी० काणे[9] आदि विद्वान्। इस मत के समर्थकों के मुख्य तर्क निम्न हैं—

(क) पूर्वज महाराष्ट्र के थे। (ख) विद्धशालभंजिका की टीका में श्री नारायण दीक्षित ने लिखा है—'बालरामायणे स्वस्य महाराष्ट्रवर्णनात् महाराष्ट्रः कविः। सोऽयं देशी-प्रायस्वदेशजान् प्रयुक्तवान्। योऽस्माकं सुबोधो बहुधास्ति सः।' (ग) काव्यमीमांसा में 'तद्धितप्रिया हि दाक्षिणात्याः' इस महाभाष्य के वाक्य का मात्र स्मरण नहीं कराया है अपितु अपनी रचनाओं में तद्धित रूपों का बहुलता से प्रयोग किया है। (घ) आप्टे महोदय ने कहा

---

१. वेषं नमस्यत महोदयसुन्दरीणाम्' काव्यमीमांसा, अध्याय ३. 'पाञ्चाल-मण्डलभुवां सुभगः कवीनां श्रोत्रे मधु क्षरति किञ्च काव्यपाठः।' देखें बालरामायण १०. ८६-९०.

२. कर्पूरमंजरी, टीका रामकुमार, प्रस्तावना पृ० ११.

३. राजशेखर हिज लाइफ एण्ड राईटिंग्स, पृ० २२.

४. एनल्स आफ द भंडारकार ओरियण्टल इन्स्टीट्यूट, पृ० ३६६.

५. कर्पूरमंजरी (हारवर्ड ओरियण्टल सीरीज) पृ० १८०-१८१.

६. वही।

७. दे : हिस्ट्री आफ क्लासिकल संस्कृत लिट्रेचर, जिल्द १, पृ० ४२५.

८. कृष्णमाचारी : हिस्ट्री आफ क्लासिकल संस्कृत लिट्रेचर पृ० ६२५.

९. काणे : इन्ट्रोडक्शन टु साहित्यदर्पण, पृ० २०७.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

है कि दक्षिण के (रीति-रिवाजों), स्थानों और नदियों (कावेरी, ताम्रपर्णी आदि) से कवि परिचित था। (ङ) क्षेमेन्द्र की औचित्यविचारचर्चा (२७) में एक पद्य राजशेखर का उद्धृत है जो उनके उपलब्ध ग्रन्थों में नहीं मिलता है—

कर्णाटीदसनांकितः सितमहाराष्ट्रीकटाक्षाहतः
प्रोढान्ध्रीस्तनपीडिता प्रणयिनी भ्रूभङ्गवित्रासितः ।
लाटीबाहुभिवेष्टितश्च मलयस्त्रीतर्जनीतर्जितः
सोऽयं सम्प्रति राजशेखरकविर्वाराणसीं वाञ्छति ॥

इससे लगता है कि कवि ने विल्हण की तरह अपना दक्षिण देश छोड़कर उत्तर में कन्नौज का आश्रय लिया हो।

इन सभी प्रमाणों से स्पष्ट है कि राजशेखर का जन्मस्थल दक्षिण रहा होगा परन्तु दक्षिण का कौन सा भूभाग था, कहना कठिन है। डा० श्यामा वर्मा ने अपने 'आचार्य राजशेखर' प्रवन्ध में (पृ० १५) विदर्भ जनपद को जन्मस्थान मानने की युक्तियाँ दी हैं—(१) काव्यमीमांसा में काव्य-पुरुष को विदर्भ देशोत्पन्न माना है, (२) कर्पूरमंजरी सट्टक की नायिका यहीं की थी, (३) भवभूति भी यहीं के थे।

कृतियाँ :

राजशेखर के नाम से आज पाँच कृतियाँ उपलब्ध हैं—(१) बालरामायण (नाटक), (२) बालभारत (नाटक), (३) कर्पूरमंजरी (सट्टक), (४) विद्धशालभजिका (नाटिका) और (५) काव्यमीमांसा (काव्यशास्त्र)। इनके अतिरिक्त आचार्य हेमचन्द्र (१४वीं शताब्दी) ने अपने काव्यानुशासन में इन्हें 'हरविलास' ग्रन्थ का कर्त्ता बतलाया है 'स्वनामांकता यथा राजशेखरस्य हरविलासे।' उन्होंने हरविलास से दो श्लोक भी उद्धृत किए हैं।[1] वृत्तिकार

---

१. आशीर्यथा हरविलासे—
ओमित्येकाक्षरं ब्रह्मश्रुतीनां मुखमक्षरं
प्रसीदतु सतां स्वान्तेष्वेकं त्रिपुरुषीमयम् ।
दुर्जन-सुजन-स्वरूपं यथा—

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

उज्ज्वलदत्त (१३ श०) ने उणादिसूत्रवृत्ति (२.२८) में भी 'हरविलास' का उल्लेख किया है परन्तु राजशेखर का नाम नहीं दिया है।

बालरामायण (१.१२) की प्रस्तावना में लिखा है 'विद्धि नः षट् प्रबन्धान्।' इससे ज्ञात होता है कि इसके पूर्व इन्होंने छः प्रबन्ध लिखे थे। परन्तु वे कौन हैं, ? अज्ञात हैं। डा० झाम्बरे ने षट् प्रबन्धों को छः स्वतन्त्र ग्रन्थ माना है।

काव्यमीमांसा में देश-विभाग का विवेचन करने के बाद लिखा है 'यस्तु जिगीषत्यधिकं पश्यतु मद्भुवनकोषमसौ'। इससे ज्ञात होता है कि उनका 'भुवनकोप' भी एक ग्रन्थ था। इसके सम्बन्ध में डा० मिराशी, डा० एस० के० डे० तथा प्रो० रैनो का कथन है कि यह स्वतन्त्र ग्रन्थ नहीं था अपितु कविरहस्य अधिकरण का अन्तिम अध्याय है। डा० झाम्बरे इसे स्वतन्त्र ग्रन्थ मानते हैं।[1]

श्री एन० कृष्णमाचारी ने राजशेखर को 'अष्टपत्रदलकमल' ग्रन्थ का तथा प्रो० रैनो ने 'रत्नमंजरी' नाटिका का भी कर्ता बतलया है।[2]

इस तरह राजशेखर के नाम से कुल मिलाकर १४ रचनाओं का उल्लेख मिलता है परन्तु सर्वमान्य एवं उपलब्ध पाँच रचनाएँ हैं।

जहाँ तक इनकी इन रचनाओं के रचनाक्रम का प्रश्न है विद्वानों में मतभेद है। मुख्यतः इस विषय में दो पक्ष हैं---(१) कर्पूरमंजरी प्रथम रचना है और बालभारत अन्तिम। इस पक्ष को मानने वाले हैं—वी० एस० आप्टे, डा० स्टेनकोनो, प्रो० रैनो और कीथ। (२) बालरामायण प्रथम रचना है और काव्यमीमांसा अन्तिम। इस पक्ष के मानने वाले हैं—श्री सी० डी० दलाल, डा० मिराशी, डा० श्यामा वर्मा।

इतस्ततो भषन् भूरि न पतेत् पिशुनः शुनः।
अवदाततया किं च न भेदो हंसतः सतः॥
काव्यानुशासन, अ० ८ सू० ६, पृ० ४५६, ४५७।

१. आचार्य राजशेखर, डा० श्यामा वर्मा, पृ० २२, २३.
२. यही।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

डा० श्यामा वर्मा का यह कहना है कि राजशेखर ने बालरामायण और बालभारत में अपने पिता का नामोल्लेख किया है; अतएव पिताजी के जीवन-काल में ये लिखे गये थे।[1] यह तर्क शिथिल प्रतीत होता है। कर्पूरमंजरी की प्रस्तावना में उन्होंने अपने को 'बालकवि से कविराज और फिर निर्भयराज का उपाध्याय बतलाया है' जिससे इनकी प्रौढ़ता प्रतीत होती है। अतएव यह बाद की रचना है। काव्यमीमांसा उसके भी बाद की रचना हो सकती है।

बालरामायण, बालभारत तथा कर्पूरमंजरी की रचना कान्यकुब्ज में तथा विद्धशालभंजिका की रचना त्रिपुरी में की थी। काव्यमीमांसा की रचना डा० मिराशी के अनुसार त्रिपुरी में और डा० दशरथ शर्मा के अनुसार कन्नौज में हुई थी।

ग्रन्थ-योजना एवं आभार-प्रदर्शन

कर्पूरमंजरी विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्राकृत के पाठ्यक्रम के रूप में स्वीकृत है। यद्यपि इसके कई संस्करण प्रकाशित हैं परन्तु संस्कृत एवं हिन्दी के माध्यम से पढ़ने वाले अध्येताओं के लिए एक ऐसे संस्करण की आवश्यकता थी जिसमें संस्कृत एवं हिन्दी व्याख्या के साथ विभिन्न संस्करणों का समन्वय भी हो। अध्येताओं के सुबोधार्थ प्रस्तुत संस्करण के प्रत्येक पेज को पाँच भागों में विभक्त किया गया है—(१) मूल प्राकृत, (२) संस्कृत छाया, (३) गाथाओं का प्राकृत अन्वय एवं संस्कृत व्याख्या, (४) हिन्दी अनुवाद, (५) टिप्पणी। इसके अतिरिक्त विस्तृत प्रस्तावना एवं दो परिशिष्ट हैं। प्रस्तावना में कवि एवं ग्रन्थ से सम्बन्धित विभिन्न विषयों की समीक्षात्मक विवेचना की गई है। सुबोधार्थ संस्कृत-व्याख्या में प्रायः सन्धियाँ नहीं की गई हैं।

पाठ-निर्धारण की दृष्टि से प्रो० कोनो, प्रो० एन० जी० सुरु, डा० मनमोहन घोष तथा निर्णयसागर के संस्करणों को ध्यान में रक्खा गया है। यद्यपि कर्पूरमंजरी के अनेक पाठ मिलते हैं परन्तु इस संस्करण में वे ही पाठ दिए हैं जिनका अर्थ की दृष्टि से महत्त्व है। शौरसेनी एवं महाराष्ट्री प्राकृत

---

१. आचार्य राजशेखर, डा० श्यामा वर्मा, पृ० २४.

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

के भेद पर आश्रित ध्वनि-परिवर्तन वाले पाठों को छोड़ दिया गया है। जो इसमें विशेष रुचि रखते हैं वे प्रो० कोनो एवं डॉ० घोष के संस्करणों को देखें। प्रो० कोनो ने ग्यारह हस्तलिखित (तीन दक्षिण भारतीय, पाँच जैन तथा तीन अन्य) ग्रन्थों के आधार पर तथा डा० घोष ने आठ अन्य हस्तलिखित ग्रन्थों के आधार पर अपने संस्करण तैयार किए हैं। डॉ० घोष के अनुसार [w] से संकेतित (जैन ग्रूप) हस्तलेख सबसे प्राचीन एवं प्रामाणिक है (भूमिका पृ० २६, ४८)। यदि पाठकों के विचार होंगे तो अगले संस्करण में हस्तलिखित ग्रन्थों के आधार पर नवीन संस्करण तैयार करूंगा।

विस्तारभय के कारण मुझे कुछ अंशों को संक्षिप्त करना पड़ा है तथा कुछ को रोक देना पड़ा है। प्राकृत भाषा की जानकारी के लिए मेरी पुस्तक 'प्राकृत-दीपिका' द्रष्टव्य है।

प्रस्तुत पुस्तक के लेखन में मुझे जिन ग्रन्थों एवं विद्वानों का प्रत्यक्ष या परोक्ष सहयोग मिला है, उसके लिए उनका ऋणी हूँ। प्रो० (भू० पू० अध्यक्ष) डॉ० विश्वनाथ भट्टाचार्य, संस्कृत विभाग, बी० एच० यू०, वाराणसी का बहुत आभारी हूँ जिन्होंने महत्त्वपूर्ण प्राक्कथन लिखकर मुझे अनुगृहीत किया। प्रो० एवं साहित्य-विभागाध्यक्ष डॉ० रेवाप्रसाद द्विवेदी प्राच्य विद्या संकाय, बी० एच० यू० का भी विशेष आभारी हूँ जिन्होंने समयाभाव के रहते हुए भी संशोधन में बहुमूल्य योगदान किया, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। डॉ० श्रीनारायण मिश्र, रीडर, संस्कृत विभाग का भी बहुत आभारी हूँ जिन्होंने इसके संशोधन में सहयोग किया है। गुरुवर्य डॉ० वीरेन्द्र कुमार वर्मा, प्रो० एवं अध्यक्ष संस्कृत विभाग के आशीर्वाद का सदैव ऋणी रहूँगा। अपने शोध छात्र श्री धर्मचन्द जैन एवं शोध छात्रा कु० कुमुद श्रीवास्तव के सहयोग के लिए धन्यवाद। अपनी धर्मपत्नी के सहयोग एवं त्याग को इस सन्दर्भ में भुलाया नहीं जा सकता है जिसके नाम पर यह व्याख्या लिखी गई है। अन्त में प्रकाशक श्री कुलदीप जैन एवं मुद्रक-द्वय का भी आभारी हूँ जिन्होंने क्रमशः इसका प्रकाशन एवं मुद्रण किया।

६. २. १९८४ —सुदर्शन लाल जैन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कर्पूरमञ्जरी

('मनोरमा' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेता)

प्रथमं जवनिकान्तरम्

[कर्पूरमञ्जर्याख्यसट्टकारम्भे सूत्रधार आशीरूपां नान्दीं पठति]

भद्दं होउ (भोदु) सरस्सईअ कइणो णंदंतु वासाइणो
अण्णाणं पि परं पअट्टउ वरा वाणी छइल्लप्पिआ ।

संस्कृत छाया

भद्रं भवतु सरस्वत्याः कवयो नन्दन्तु व्यासादयो–
ऽन्येषामपि परं प्रवर्ततां वरा वाणी विदग्धप्रिया ।

अन्वयः—सरस्सईअ भद्दं होउ । वासाइणो कइणो णंदन्तु । अण्णाणं पि छइल्लच्छिपआ वरा वाणी परं पअट्टउ । वच्छोमी तह माअही किं च सा पंचालिआ रीईओ णो (काव्ये) फुरउ । कव्वकुसला चओरा जोण्हं विअ विलिहंतु ॥ १ ॥

संस्कृत व्याख्या—सरस्वत्याः = वाग्देवतायाः 'ब्राह्मी तु भारती भाषा गीर्वाग्वाणी सरस्वती' (अमरकोषः १।६।१), भद्रम्=शुभं कल्याणं वा भवतु 'वाग्देवता सर्वोत्कर्षेण वर्ततामित्यर्थः । व्यासः आदिर्येषां ते व्यासादयः = कृष्णद्वैपायनवाल्मीकिप्रभृतयः कवयः=काव्यप्रणेतारः, नन्दन्तु = आनन्दिताः भवन्तु ।

हिन्दी अनुवाद—सरस्वती देवी का उत्कर्ष हो । व्यास आदि [वाल्मीकि] कवि आनन्दित हों । अन्य कवियों (भास, कालिदास, भवभूति आदि) की भी विद्वज्जनप्रिय श्रेष्ठ वाणी उत्कर्ष को प्राप्त करे (सदा काव्यरूप में

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वच्छोमी तह माअही फुरउ णो सा किं च पंचालिआ
रीईओ (रीदीआ) विलिहंतु कव्वकुसला जोण्हं चओरा विअ ॥ १ ॥

वैदर्भी तथा मागधी स्फुरतु नः सा किञ्च पाञ्चालिका
रीतिका विलिहन्तु काव्यकुशला ज्योत्स्नां चकोरा इव ॥ १ ॥

अन्येषामपि = व्यासवाल्मीकिभिन्नानां भासकालिदासप्रभृतीनां कवीनामपि, विदग्धानां प्रिया विदग्धप्रिया = विबुधानां हृदयहारिणी, वरा = उत्तमा श्रेष्ठा वा, वाणी = भारती, परम् = अतिशयेन उत्कर्षेण वा, प्रवर्तताम् = प्रसरतु । वैदर्भी = विदर्भजनपदे प्रयुक्ता, तथा मागधी = मगधजनपदे प्रयुक्ता, किञ्च = अन्यच्च, सा = प्रसिद्धा, पाञ्चालिका = पञ्चालजनपदे प्रयुक्ता, रीतिका = प्रसादादिगुणान्विता रीतिः, नः = अस्माकं काव्ये सहृदयानां मनस्सु च, स्फुरतु = प्रकटीभवतु । काव्येषु कुशलाः काव्यकुशलाः = काव्यार्थपर्यालोचने चतुराः सहृदया वा, चकोराः = चातकपक्षिणः, ज्योत्स्नामिव = चन्द्रिकामिव रीतित्रयविशिष्टामिमां कर्पूरमञ्जरीम्, विलिहन्तु = आस्वादयन्तु । यथा चातकाः चन्द्रोद्भवां चन्द्रिकाम् आस्वाद्य प्रसन्ना भवन्ति तथैव सहृदया अपि कर्पूरमञ्जरी-नामकसट्टकप्रेक्षणेन अध्ययनेन वा प्रसूतं प्रभूतं रसम् आस्वाद्य आनन्दमग्ना भवन्त्वित्यर्थः । शार्दूलविक्रीडितवृत्तम्, अनुप्रासोपमालङ्कारौ ॥ १ ॥

प्रवृत्त होती रहे)। वैदर्भी मागधी तथा पाञ्चाली रीतियाँ हमारे [काव्य] में स्फुरित हों। काव्य-कुशलजन (काव्यार्थ के पर्यालोचन में निपुण सहृदय) उसी प्रकार [तीनों रीतियों से समन्वित इस रचना का] आस्वादन करें जिस प्रकार चकोर पक्षी चाँदनी का आस्वादन करता है[१] ॥ १ ॥

टिप्पणी—१. डॉ० मनमोहन घोष ने 'कइणो सरस्सईए भद्दं भोदु' ऐसा अन्वय करके अर्थ किया है—'कवि की वांणी का उत्कर्ष हो'। 'सरस्वती' वाणी की अधिष्ठात्री देवी है जो हमेशा भद्ररूपा (मङ्गलरूपा) है, अतः उसकी भद्रता की कामना अनुपयुक्त है। ऐसी स्थिति में 'भद्दं होउ' का अर्थ

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

होगा—'जय हो' या उत्कर्ष हो। वस्तुतः यहाँ सरस्वती की स्तुति से सबके मङ्गल की कामना की गई है। किञ्च, सरस्वती शब्द 'स्त्री रत्न' का भी वाचक होने से प्रकृत सट्टक की नायिका 'कर्पूरमञ्जरी' का भी बोधक है।

मङ्गल—ग्रन्थ की निर्विघ्न परिसमाप्ति के लिए ग्रन्थारम्भ में मङ्गल की परम्परा सज्जनों के द्वारा स्वीकृत है। नाटकादि के प्रयोग में यद्यपि विघ्नों की शान्ति के लिए कुशीलवों के द्वारा पूर्वरङ्ग ('प्रथमं पूर्वरङ्गश्च ततः प्रस्तावनेति च। आरम्भे सर्वनाट्यानामेतत्सामान्यमिष्यते। यन्नाट्यवस्तुनः पूर्वं रङ्गविघ्नोपशान्तये, कुशीलवाः प्रकुर्वन्ति पूर्वरङ्गः स उच्यते') किया जाता है फिर भी भरत-वाक्यानुसार ग्रन्थारम्भ में सूत्रधार के मुख से नान्दी-पाठ (सूत्रधारः पठेन्नान्दीं मध्यमं स्वरमाश्रितः') कराया जाता है। यह नान्दी-पाठ मङ्गलार्थ किया जाता है और इससे काव्यार्थ की भी सूचना दी जाती है। नान्दी का लक्षण है—'आशीर्नमस्क्रियारूपः श्लोकः काव्यार्थसूचकः। नान्दी पदैः द्वादशभिरष्टाभिर्वाप्यलङ्कृता'। डॉ० मनमोहन घोष प्रथम दो गाथायें नान्दी के अन्तर्गत मानते हैं, अन्य विद्वान् चार गाथाओं को। गाथा के प्रारम्भ में 'मगण' आया है जो श्रीसमृद्धिरूप फल का जनक माना गया है—'मो भूमिः श्रियमातनोति'। यहाँ काव्यार्थ की भी सूचना हो रही है। जैसे—'सरस्वती' से स्त्रीरत्न कर्पूरमञ्जरी की ('सरस्वती स्यात्स्त्रीरत्ने नद्यां नद्यन्तरे गवि'); 'व्यास' (विविधं वस्त्वभिनवमासमन्तादस्यति क्षिपति दर्शयितुमिति व्यासः) से भैरवानन्द की; 'वरा वाणी' से कर्पूरमञ्जरी नायिका की; 'माअही' आदि रीतियों से विविध प्रकार के विलासों की; 'चओरा' से नायक की तथा 'विलिहंतु' से रसास्वादन की अभिव्यक्ति हो रही है। 'जोण्हं' पद से शिवजी के मस्तक पर स्थित चन्द्रकला का भी स्मरण होता है। 'सरस्सईअ' और 'भद्दं' पद मङ्गलवाचक हैं। इस तरह यहाँ आशीर्वाद रूप नान्दी है। तुलना कीजिए—'भद्दं होउ सरस्सईअ' (क० म० १.१;) 'भारती कवेर्जयति' (काव्यप्रकाश १.१); 'गुम्फो वाणीनां विजयते' (बाल-रामायण १.१)।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ध्वनि—(क) वस्तु से वस्तु-ध्वनि—वैदर्भी, मागधी (गौडी) और पाञ्चाली ये तीन काव्य की रीतियाँ ('पदसंघटना रीतिरङ्गसंस्थानविशेषवत् । उपकर्त्री रसादीनाम्') हैं। इन तीनों का यहाँ प्रतिनाम उल्लेख करने से ध्वनित होता है कि इस सट्टक में इन तीनों रीतियों का मञ्जुल समावेश है। 'विदग्धप्रिया' इस पद के प्रयोग से ध्वनित होता है कि प्रकृत रचना में विविध प्रकार के गुण, अलङ्कार आदि भरे पड़े हैं। अतः यहाँ वस्तु से वस्तु-ध्वनि है। (ख) अलङ्कार से वस्तु-ध्वनि—चकोर उपमान के द्वारा विवेचन-कर्तृत्व की प्रार्थना व्यङ्ग्य है। अतः यहाँ अलङ्कार से वस्तु-ध्वनि है। (ग) वस्तु से अलङ्कार-ध्वनि—'विदग्धप्रिया' में षष्ठी तत्पुरुष समास करके वाणी का विशेषण बनाने पर अथवा कर्मधारय समास करके वैदर्भी आदि का विशेषण बनाने पर 'कामिनीरूपत्व' व्यञ्जित होता है। अतः यहाँ वस्तु से अलङ्कार-ध्वनि है। (घ) भावध्वनि—सरस्वती विषयक देवरति होने से यहाँ भावध्वनि है। (ङ) शृङ्गार रस—'विदग्धप्रिया' पद से विदर्भदेशोत्पन्न नायिका का बोध तथा वैदर्भी आदि शब्दों से समासोक्ति के द्वारा रीति पर नायिकात्व का आरोप; काव्यकुशल पद के द्वारा नायकत्व का बोध होने से यहाँ शृङ्गार रस भी ध्वनित होता है। (च) 'जोण्हां' में प्रयुक्त एकवचन से लोकोत्तरत्व तथा तृप्तिजनकत्व भी व्यङ्ग्य है।

अलङ्कार—'चओरा विअ' यहाँ उपमा अलङ्कार है—'साधर्म्यमुपमा भेदे' (का० प्र० १०।८७)। 'भद्दं भोदु' आदि में छेकानुप्रास तथा वृत्यनुप्रास भी है—'वर्णसाम्यमनुप्रासः। छेकवृत्तिगतो द्विधा। सोऽनेकस्य सकृत्पूर्वः एकस्याप्यसकृत्परः' (का० प्र० ९।७९)।

छन्द—शार्दूलविक्रीडित छन्द है—'सूर्याश्वैर्मसजस्तताः सगुरवः शार्दूलविक्रीडितम्'।

रीति—यहाँ वैदर्भी रीति है। पदों की संघटना को रीति कहते हैं। रीतियों के लक्षण हैं—(१) वैदर्भी—इसमें प्रायः समासरहित रचना होती है तथा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

माधुर्य के व्यञ्जक सरस एवं सरल पदों का प्रयोग होता है। (२) मागधी—इसमें समास का बाहुल्य रहता है तथा ओज गुण के व्यञ्जक पदों का प्रयोग होता है। इसे गौडी रीति भी कहा जाता है। (३) पाञ्चाली—इसमें पाँच-छः पदों का समास होता है तथा माधुर्य और ओज गुण के व्यञ्जक वर्णों को छोड़कर अवशिष्ट वर्णों से युक्त(प्रसादगुण से युक्त) पदरचना होती है। (४) लाटी—इसमें वैदर्भी और पाञ्चाली रीतियों का मिश्रण रहता है। राजशेखर ने लाटी को पृथक् न मानकर रीतियों के तीन ही भेद गिनाये हैं—'वैदर्भी-गौडीया-पाञ्चाली चेति रीतयस्तिस्रः' (काव्यमीमांसा, ७)। विशेष के लिए देखिए, साहित्यदर्पण का नवम परिच्छेद।

व्याकरण—भद्दं > भद्रम्। यहाँ 'सर्वत्र लवराम्' सूत्र से 'र्' का लोप, 'शेषादेशयोर्द्वित्वमनादौ' से 'द्' का द्वित्व, 'नपुंसके सोर्बिन्दुः' से अनुस्वार होकर भद्रम् से 'भद्दं' रूप बना। 'छइल्ल' और 'वच्छोमी' ये दोनों देशी शब्द हैं। इनकी सिद्धि 'दाढादयो वहुलम्' सूत्र से होती है। 'वच्छोम' (वत्सगुल्म) विदर्भ की राजधानी थी (तत्रास्ति मनोजन्मनो देवस्य क्रीडावासो विदर्भेषु वत्सगुल्मं नाम नगरम्। काव्यमीमांसा, ३)। जोण्हं > ज्योत्स्नाम्। यहाँ ज्योत्स्ना शब्द से 'न्हस्नष्णक्ष्णश्नां ण्ह' सूत्र से 'स्न' को 'ण्ह' आदेश, 'उपरि लोपः' से 'त्' का लोप तथा अधो मनयाम्' से 'य' का लोप हुआ। होदु > भवतु। यह 'भू' धातु लोट् लकार प्रथम पुरुष एक-वचन का रूप है। सामान्य प्राकृत में 'भू' को 'हो' होता है परन्तु शौरसेनी प्राकृत में विकल्प से 'भू' को 'भो' हो जाता है। अतः 'भोदु' पद शौरसेनी प्राकृत का और 'होउ' पद महाराष्ट्री या सामान्य प्राकृत का है। पि > अपि, यह स्वरलोप होकर बना है। चओरा > चकोराः। यहाँ 'कगचजतदपयवां प्रायो लुक्' इस सूत्र के नियमानुसार 'क' का लोप होकर रूप सिद्ध हुआ है। 'विलिहंतु' यह आस्वादनार्थक 'लिह्' धातु के लोट् लकार का रूप है। फुरदु (फुरउ) और पअट्टदु (पअट्टउ) ये रूप शौरसेनी प्राकृत के हैं क्योंकि वहाँ 'त' को 'द' हो जाता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अपि अ—

अकलिअ-परिरंभ-विब्भमाइं अजणिअ-चुंबण-डंबराइं दूरं।
अघडिअ-घण (थण)-ताडणाइं णिच्चं णमह अणंगरईण मोहणाइं ॥२॥

अपि च—

अकलितपरिरम्भविभ्रमाण्यजनितचुम्बनडम्बराणि दूरम्।
अघटितघन (स्तन)-ताडनानि नित्यं नमतानङ्गरत्योर्मोहनानि ॥२॥

अन्वयः—[यूयम्] अकलिअ-परिरंभ-विब्भमाइं अजणिअ-चुंबण-डंबराइं अघडिअ-घण-ताडणाइं अणंगरईण मोहणाइं दूरं [यथास्यात्तथा] णिच्चं णमह ॥२॥

सं० व्याख्या—यूयं = दर्शकाः, न कलितः परिरम्भविभ्रमः = आलिङ्गन-विलासः येषु तानि अकलितपरिरम्भविभ्रमाणि = आलिङ्गनविलासशून्यानि, न जनितः चुम्बने डम्बरः येषु तानि अजनितचुम्बनडम्बराणि = चुम्बनक्रिया-रहितानि, न गणितं घनं ताडनं येषु तानि अगणितघनताडनानि = नखक्षतादि-

---

और भी, [हे सहृदय दर्शकगण ! आप लोग] आलिङ्गन की चेष्टाओं से रहित, चुम्बन के आडम्बर (विस्तार) से रहित तथा [स्तन आदि अङ्गविशेषों के] कठोर ताड़न से रहित (अथवा स्तन-

---

दोष-समीक्षा—'सरस्सईअ = सरस्वत्याः' यहाँ षष्ठ्यन्त प्रयोग करके कवि ने आगे व्यासादि पदों में षष्ठ्यन्त प्रयोग नहीं किया है, अतः 'प्रक्रमभङ्ग' दोष कहा जा सकता है, परन्तु होउ, णंदंतु आदि प्रधान क्रियापदों में सर्वत्र लोट् लकार का प्रयोग होने से यहाँ दोष नहीं है। उपमेय (रीदीओ) और उपमान (जोण्हं) में वचनभेद होने से भिन्न-वचनता दोष होगा, परन्तु उद्वेगजनक न होने से दोष नहीं है। कहा भी है—'न लिङ्गवचने भिन्ने न हीनाधिकतापि वा। उपमादूषणायालं यत्रोद्वेगो न धीमताम्' (काव्यादर्श २।५१)। अपि तु यहाँ ज्योत्स्ना में प्रयुक्त एकवचन से लोकोत्तरत्व तथा तृप्तिजनकत्व व्यङ्ग्य है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(नान्द्यन्ते) स्थापकः—

(नान्द्यन्ते) स्थापकः—

घनप्रहारविवर्जितानि, अनङ्गरत्योः = कामरत्योः, मोहनानि = सुरतानि, दूरम् = अत्यर्थं यथास्यात्तथा, नित्यम् = सततम्, नमत = प्रणमत इत्यर्थः। अत्र सर्वत्र बहुव्रीहि समासः। पुष्पिताग्रावृत्तम्। संभोगश्रृङ्गारः। विभावनालङ्कारः ॥२॥

पीडन की क्रियाओं से रहित) कमदेव और रति की सुरतक्रीड़ाओं को अतिशयरूप से नित्य नमस्कार करें।[1]

(नान्दी[2] पाठ के पश्चात्) स्थापक[3]—

टि०—१. कामदेव अशरीरी है, अतएव उसके साथ रति की आलिङ्गन आदि क्रियायें संभव नहीं हैं। यहाँ काम और रति की सुरत-क्रीड़ाओं से नायक चन्द्रपाल और नायिका कर्पूंरमञ्जरी की सुरत-क्रीड़ाओं की प्रतीति हो रही है। चन्द्रपाल और कर्पूरमञ्जरी के सशरीरी होने से उनमें आलिङ्गन आदि क्रियायें संभव हैं, अतः उस पक्ष में 'अकलिअ' आदि पदों से विपरीत लक्षणा से अतिशयार्थ की प्रतीति होगी। इस तरह यहाँ संभोग श्रृंगार की ध्वनि है। 'णमह' इस पद के प्रयोग से सहृदय दर्शकों का अतिरसिकत्व व्यङ्ग्य है। 'मोहणाइं' इस पद में बहुवचन का प्रयोग होने से उत्तानकरणादि सुरत-क्रियाओं का अतिशय व्यङ्ग्य है। इस पद्य से यह भी सूचित हो रहा है कि प्रकृत सट्टक संभोग श्रृङ्गार रस से आप्लावित है। यहाँ 'विभावना' अलंकार है क्योंकि आलिङ्गन आदि कारणों के अभाव में मोहन-क्रिया को बतलाया गया है—'विभावना विनापि स्यात् कारणं कार्यजन्म चेत्।' पं० वासुदेव टीकाकार ने यहाँ विशेषोक्ति अलङ्कार माना है—'सत्स्वपि परिरम्भादिषु तज्ज्ञानानुत्पत्तेर्विशेषोक्तिः।

२. नान्दी—देवताओं के लिए नमस्कार अथवा सामाजिकों के लिए आशीर्वाद स्वरूप काव्यार्थ की सूचना देते वाले पद्य नान्दी कहलाते हैं।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ससिहंडमंडणाणं छम्मुह (समोह)-णासाणं सुरअण-पिआणं।
गिरिस-गिरिंद-सुआणं संघाडो वो सुहं देउ ॥३॥

शशिखण्डमण्डनयोः षण्मुखन्यासयोः (समोहनाशयोः) सुरगणप्रिययोः।
गिरिशगिरीन्द्रसुतयोः संघटना वः सुखं ददातु ॥३॥

अन्वयः—स्पष्टम् ॥३॥

व्याख्या—शशिनः खण्डः मण्डनं ययोस्तयोः शशिखण्डमण्डनयोः = चन्द्रकलालङ्कृतयोः, षण्मुखस्य न्यासः तयोः षण्मुखन्यासयोः = कार्तिकेय-निक्षेपयोः (समोहनाशयोः इति पाठे सति अस्य पदस्य व्याख्या चतुर्विधा— मोहस्य नाशः मोहनाशः तेन सहितौ तयोः समोहनाशयोः = मोहविनाशकयोः, यद्वा मोहनस्य आशा मोहनाशा तया सहितयोः = अनङ्गाभिलाषव्याप्तयोः, यद्वा मोहने सुरते आशया सहितयोः = संभोगेच्छासहितयोः, यद्वा मोहनस्यासेन क्षेपेण सहितयोः (शिवेन तस्य जितत्वात्), सुरगणानां प्रियौ तयोः सुरगण-प्रिययोः = देवसमुदायप्रिययोः, गिरिशश्च गिरीन्द्रसुता च तयोः गिरिश-गिरीन्द्रसुतयोः = शिवपार्वत्योः, संघटना - समागमः, वः = युष्मभ्यं, सुखम् = आनन्दं, ददातु = वितरतु। आर्यावृत्तम्। व्यतिरेकालङ्कारो व्यङ्ग्यः ॥३॥

चन्द्रकला से सुशोभित, कार्तिकेय का न्यास करने वाले (अथवा—मोह विजयी या संभोगेच्छा से युक्त) तथा देवगणों के प्रिय भगवान् शिव और

इससे देवता लोग प्रसन्न होते हैं, सामाजिकगण आनन्दित होते हैं तथा नाटक की निर्विघ्न परिसमाप्ति होती है—'नन्दयति देवान् इति नान्दी'। नान्दी एक प्रकार का मङ्गलाचरण है—'यन्नाटचवस्तुनः पूर्वं रङ्गविघ्नो-पशान्तये कुशीलवाः प्रकुर्वन्ति पूर्वरङ्गः स उच्यते। प्रत्याहारादिकान्यङ्गान्यस्य भूयांसि यद्यपि। तथाप्यवश्यं कर्तव्यं नान्दी विघ्नोपशान्तये॥ आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते। देवद्विजनृपादीनां तस्मात् नान्दीति संज्ञिता॥ (सा० द०, ६)। यहाँ आठपद की नान्दी है जो मध्यम स्वर में की गई है।

टि०—३. स्थापक—कथावस्तु की स्थापना करने वाला या सूचना देने

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पर्वतराज पुत्री पार्वती का समागम आप लोगों (सहृदयों या दर्शकों) को सुखद हो ॥ ३ ॥[1]

वाला स्थापक कहलाता है—'स च काव्यार्थस्थापनात् सूचनात् स्थापकः' (दशरूपक ३.२ धनिकवृत्ति, पृ० २०६)। यहाँ इतना विशेष है कि कर्पूरमञ्जरी की कुछ प्रतियों में 'स्थापक' के स्थान पर 'सूत्रधार' का भी प्रयोग मिलता है। 'सूत्रधार' रङ्गमञ्च का व्यवस्थापक या नाटकीय कथासूत्र को धारण करने वाला होता है—'नर्तनीयकथासूत्रं प्रथमं येन सूच्यते, रङ्गभूमिं समाक्रम्य सूत्रधारः स उच्यते'। स्थापक और सूत्रधार भिन्न-भिन्न व्यक्ति हैं या एक ही व्यक्ति? दशरूपक (३.२), भा० प्र० (पृ० २२८) तथा सा० द० (६.२६) से ज्ञात होता है कि प्राचीनकाल में ये दो पृथक्-पृथक् व्यक्ति थे। दोनों की आकृति एक समान होती थी। सूत्रधार का काम सबसे पहले रङ्गमञ्च पर आकर केवल पूर्वरङ्ग (अभिनय के पूर्व किया गया मङ्गल आदि) करना होता था पश्चात् उसी वेशभूषा वाला दूसरा नट आकर काव्यार्थ की सूचना करता था जो स्थापक कहलाता था—'पूर्वरङ्गं विधायादौ सूत्रधारे विनिर्गते। प्रविश्य तद्वदपरः काव्यमास्थापयेन्नटः' (दश० ३.२)। कालान्तर में दोनों कामों को एक ही व्यक्ति करने लगा और वेशभूषा आदि के समान होने से दोनों का भेद समाप्त सा हो गया।

१. डॉ० मनमोहन घोष, एन० जी० सुरु आदि विद्वानों ने 'छम्मुहणासाणं' के स्थान पर 'समोहणासाणं' (समोहनाशयोः) पाठ प्रामाणिक माना है। 'समोहनाशयोः' की चार प्रकार से व्याख्या की जा सकती है—(१) मोहने सुरते आशया सहितयोः (संभोगेच्छा से युक्त), (२) मोहस्य नाशेन सहितयोर्वा (मोह-विजयी), (३) जगन्मोहयतीति मोहनोऽनङ्गस्तस्याशेन व्याप्त्या ('असूङ्व्याप्तौ से घञ्) सहितयोर्वा (अनङ्ग से व्याप्त), (४) मोहनस्यासेन क्षेपेण सहितयोर्वा (कामजयी = शिवजी ने काम को भस्म कर दिया था, यह कथा प्रसिद्ध है)। द्वितीय और चतुर्थ व्याख्या से व्यतिरेक अलङ्कार व्यङ्ग्य है क्योंकि स्त्री-समागम होने पर भी कामजयी शिव का

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अवि अ—

ईसारोस-प्पसाअ-प्पणइसु बहुसो सग्गगंगा-जलेहिं
आमूलं पूरिआए तुहिणकरकलारुप्पसिप्पीअ रुद्दो।

अपि च—

ईर्ष्यारोषप्रसादप्रणतिषु बहुशः स्वर्गगङ्गाजलै—
रामूलं पूरितया तुहिनकरकलारूप्यशुक्त्या रुद्रः।

अन्वयः—बहुसो ईसारोसप्पसाअप्पणइसु सग्गगंगाजलेहिं आमूलं पूरिआए तुहिणकरकलारुप्पसिप्पीअ जोण्हामुत्ताहलिल्लं दोहिं णअमउलिणिहित्तग्गहत्थेहिं गिरिसुआपाअपंकेरुहाणं अग्घं सिग्घं देंतो व रुद्दो जअइ ।। ४ ।।

सं० व्या०—शिवशिरसि गङ्गारूपां सपत्नीं स्थितां विलोक्य पार्वती ईर्ष्यया रुष्टा जाता। अतः तां प्रसादयितुं शिवः यतते—बहुशः=पुनः-

और भी, [शिवजी के मस्तक पर स्थित गङ्गा को सौत समझकर] ईर्ष्या के कारण क्रोधयुक्त [पार्वती को] प्रसन्न करने के लिए

अन्यों से अतिशय व्यङ्ग्य है। 'ससिहंडमंडणाणं' से भी व्यतिरेक अलङ्कार व्यङ्ग्य है क्योंकि चन्द्रकला को आभूषण बनाने से यहाँ सामान्य आभूषणों से भिन्नता बतलाई गई है। छम्मुह=कार्तिकेय (कृत्तिकानामपत्यं ढक्)। कार्तिकेय के सम्बन्ध में पुराणों में कथा आती है कि ये शिवजी के पुत्र हैं परन्तु उनके जन्म में किसी स्त्री का प्रत्यक्ष संसर्ग नहीं है। एक बार शिवजी ने अपना वीर्य अग्नि में फेंका जिसे धारण कर सकने में असमर्थ होकर अग्नि ने उस वीर्य को गंगा में छोड़ दिया। इसके बाद वह वीर्य गंगा में स्नान करने गई छः कृत्तिकाओं में संक्रान्त कर दिया गया। परिणामस्वरूप वे सभी गर्भवती हुईं और प्रत्येक ने एक-एक पुत्र को जन्म दिया जिन्हें बाद में जोडकर एक कर दिया गया। फलस्वरूप कार्तिकेय छः सिरों और बारह हाथों वाले हो गये। अतः उन्हें 'षण्मुख' या 'षडानन' कहा जाने लगा। छः मातायें होने से 'षाण्मातुरः' भी हुए। स्कन्द, अग्निभू, गंगापुत्र आदि भी इनके अन्य नाम हैं।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

जोण्हामुत्ताहलिल्लं णअमउलि-णिहित्तग्ग-हत्थेहिं दोहिं
अग्घं सिग्घं व देंतो जअइ गिरिसुआ-पाअ-पंकेरुहाणं ॥ ४ ॥

ज्योत्स्नामुक्ताफलवन्नतमौलिनिहिताग्रहस्ताभ्यां द्वाभ्या—
मर्घ्यं शीघ्रमिव ददज्जयति गिरिसुतापादपङ्केरुहयोः ॥ ४ ॥

पुनः, ईर्ष्याजन्यरोषस्य प्रसादार्थं यद्वा असूयाक्रोधयोः प्रसादार्थं क्रियमाणासु प्रणतिषु=चरणतलपतनेषु, स्वर्गे या गङ्गा तस्या जलैः स्वर्गगङ्गाजलैः=आकाशगङ्गातोयैः, मूलात् आ इति आमूलम्=उपरिभागं यावत्, पूरितया=वर्तमानत्वात्, तुहिनकरस्य=चन्द्रस्य या कला सा एव रूप्यशुक्तिः=रजतशुक्तिः तया तुहिनकरकलारूप्यशुक्त्या, ज्योत्स्ना=चन्द्रिका एव मुक्ताफलं तेन आढ्यं=युक्तम्, अर्घ्यं=पूजाद्रव्यं, नतमौलौ=नम्रीभूतशिरसि, द्वाभ्यां निहिताग्रहस्ताभ्यां निक्षिप्ताग्रकराभ्यां, गिरिसुतायाः=पार्वत्याः, पादपङ्केरुहयोः=चरणकमलयोः, शीघ्रं=त्वरितं, ददत्=वितरत् इव, रुद्रः=शिवः, जयति=सर्वोत्कर्षेण वर्तते। स्रग्धरावृत्तम्। रूपकोत्प्रेक्षालङ्कारौ अर्थश्लेषश्च ॥ ४ ॥

वारम्वार प्रणत होते हुए तथा स्वर्गगङ्गा (आकाश गङ्गा) के जल से लबालब भरी चन्द्रकलारूपी सीप से, जिसमें ज्योत्स्नारूपी मोती चमक रहे हैं, नम्रीभूत हुए अपने मस्तक पर दोनों हाथों की बनाई गई अञ्जलि के द्वारा पार्वती के चरणकमलों में जल्दी-जल्दी अर्घ्य को देते हुए के समान शिवजी (रुद्र) जयवन्त हों ॥ ४ ॥[1]

१. जैसे कोई व्यक्ति अपने अभीष्ट देवता को प्रसन्न करने के लिए अर्घ्यं प्रदान करता है उसी प्रकार शिवजी पार्वती को प्रसन्न करने के लिए अर्घ्य प्रदान कर रहे हैं। इस गाथा में रूपक, उत्प्रेक्षा और आर्थश्लेष अलंकार हैं। 'बहुसो' पद के प्रयोग से पार्वती के अत्यन्त मानिनीस्वभाव की व्यंजना हो रही है। 'सिग्घं' पद से मानवृद्धि का भय व्यङ्ग्य है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(परिक्रम्य नेपथ्याभिमुखमवलोक्य) किं उण णट्टपउत्तो विओ दीसदि अम्हाणं कुसीलवाणं जणो। जदो एक्का पत्तोइदाइं (पत्तोच्चिआइं) सिअआइं उच्चिणेवि। इअरा कुसुमावलीओ गुंफेदि। अण्णा पडिसीसआइं पडिसारेदि। कावि हु वण्णिआओ पट्टए घट्टेदि (वट्टेदि)। एसो

(परिक्रम्य नेपथ्याभिमुखमवलोक्य) किं पुनर्नाट्यप्रवृत्त इव दृश्यतेऽस्माकं कुशीलवानां जनः। यत एका पात्रोचितानि सिचयान्युच्चिनोति। इतरा कुसुमावलीर्गुम्फति। अन्या प्रतिशीर्षकाणि प्रतिसारयति। काऽपि खलु वर्णिकाः पट्टके घट्टयति (वर्तयति)। एष वंशः स्थापितः स्थाने।

(घूमकर और नेपथ्य[1] की ओर देखकर) हमारा नटों (कुशीलवों) का परिजन नाट्य में लगा हुआ सा दिखलाई पड़ रहा है क्योंकि कोई एक नटी पात्रों के लिए उचित वस्त्रों का चयन कर रही है। दूसरी फूलों की माला गूंथ रही है। कोई प्रतिशीर्षकों[2] (पगड़ियों या मुखौटों) को फैला रही है। कोई सिल पर वर्णिका घिस रही है (अथवा चित्रफलक चित्रित

चन्द्रकला का देवी पार्वती के चरणों से सम्बन्ध कराने का उद्देश्य है—'कामोद्दीप्त होकर पार्वती शीघ्र मान का परित्याग कर दे'। शिवकर्तृक प्रणतादि क्रियाओं से नायिका में 'स्वाधीनपतिका' की प्रतीति हो रही है। सिप्पीए > शुक्त्या—'दाढादयो वहुलम्' सूत्र से 'शुक्ति' का 'सिप्पी' आदेश होकर तृतीया एकवचन का रूप बना है। 'मुत्ताहलिल्लं' > मुक्ताफलाढ्यं या मुक्ताफलवत्—यहाँ 'आल्विल्लोल्लालवतेंता मतुपः' से 'मतुप्' अर्थ में 'इल्ल' प्रत्यय हुआ है, पश्चात् 'क' लोप, 'त्' को द्वित्व' तथा 'फ' को 'ह' होकर रूप सिद्ध होगा।

१. नेपथ्य—जहाँ वेशभूषा आदि धारण करने का काम होता है—'नेपथ्यं स्याज्जवनिका रङ्गभूमिप्रसाधनम्'।

२. प्रतिशीर्षक—'अमात्यकञ्चुकिश्रेष्ठिविदूषकपुरोधसाम्। वेष्टनावद्धपट्टानि प्रतिशीर्षकाणि कारयेत' (नाट्यालोचन)।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

बंसो ठाविदो ठाणे। इअं वीणा पडिसारीअदि। इमे तिण्णि वि मिअंगा सज्जीअंति। एस पक्खाउज्जाणं (कंसतालाणं पक्खालणुज्जलाणं) हलवोलो सुणीअदि। एदं घुवागीदं आलवीअदि। ता किं पि कुडुंबं हक्कारिअ पुच्छिस्सं। (नेपथ्याभिमुखमवलोक्य संज्ञापयति)

(प्रविश्य ततः प्रविशति पारिपार्श्विकः)

इयं वीणा प्रतिसार्यते। इमे त्रयोऽपि मृदङ्गाः सज्जयन्ते। एष पक्षातोद्यानां (कांस्यतालानां प्रक्षालनोज्ज्वलानाम्) निनादः (हलवोलः) श्रूयते। एतद् ध्रुवागीतमालप्यते। तत्किमपि कुटुम्बमाकार्य प्रक्ष्यामि। (नेपथ्याभिमुख-मवलोक्य संज्ञापयति)

(प्रविश्य। ततः प्रविशति पारिपार्श्विकः)

किए जा रहे हैं)। यह वेणू (वाँसुरी) वजाई जा रही है। यह वीणा ठीक की जा रही है। ये तीनों मृदङ्ग[1] ठीक किए जा रहे हैं। यह पक्षातोद्यों (खंजड़ी = Timbreal) का शब्द (हलवोल)[2] सुनाई पड़ रहा है (अथवा साफ करने से उज्ज्वल कांस्यतालों – कांसे के बने हुए तालों या झांझों का यह शब्द सुनाई पड़ रहा है)। यह ध्रुवागीत[3] गाया जा रहा है। अतः किसी कुटुम्वी को बुलाकर पूछता हूँ। (नेपथ्य की ओर मुख करके बुलाने का संकेत करता है ;।

(इसके वाद पारिपार्श्विक[4] का प्रवेश होता है)

---

१. मृदङ्ग— ये तीन प्रकार के होते हैं—(१) मायूरी (२) अर्धमायूरी और (३) कर्मरथी।

२. हलवोल—यह देशी शब्द है।

३. ध्रुवागीत—यह ५ प्रकार का होता है—(१) प्रावेशिकी, (२) आक्षेपणी, (३) क्रामिकी, (४) उत्थापिनी और (५) प्रसादिकी।

४. पारिपार्श्विक—स्थापक का अनुचर।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पारिपार्श्विकः—भाणवेदु भावो ।
स्थापकः—(विचिन्त्य) किं उण णट्टपउत्ता विअ दीसध ?
पारिपार्श्विकः—अध इं । सट्टअं णच्चिदव्वं ।
स्थापकः—को उण तस्स कई ?
पारिपार्श्विकः—

भाव कहिज्जउ एअं को भणइ रअणिवल्लहसिहंडो ।
रहुउलचूडामणिणो महिंदवालस्स को अ गुरू ॥ ५ ॥

पारिपार्श्विकः—आज्ञापयतु भावः ।
स्थापकः—(विचिन्त्य) किं पुनर्नाट्यप्रवृत्ता इव दृश्यध्वे ?
पारिपार्श्विकः—अथ किम् । सट्टकं नाटयितव्यम् ।
स्थापकः—कः पुनस्तस्य कविः ?
पारिपार्श्विकः—

भाव कथ्यतामेतत् को भण्यते रजनीवल्लभशिखण्डः ।
रघुकुलचूडामणेर्महेन्द्रपालस्य कश्च गुरुः ॥ ५ ॥

अन्वयः—भाव ! एअं कहिज्जउ—रअणिवल्लहसिहडो को ? अ रहुउल-चूडामणिणो महिंदवालस्य गुरू को ? [स एव अस्य सट्टकस्य कविः] ॥ ५ ॥

१. चम्पा, हल्दी, तप्तसुवर्ण और ताजे केशर की अपेक्षा कर्पूरमञ्जरी का लावण्य अधिक चमकीला है। अतएव चम्पा आदि के उपमानत्व का निराकरण करने से यहाँ 'आक्षेप' अलङ्कार है—प्रतिषेधपुरःसरोक्तिराक्षेपः। उपमा अलङ्कार की ध्वनि होने से अलङ्कार से अलङ्कार ध्वनि भी है। 'उत्तत्तेण' के स्थान पर 'ओल्लोल्लाइ' (आर्द्रार्द्रया) पाठ करने पर भी वही अर्थ निकलेगा क्योंकि सुवर्ण तपाये जाने पर आर्द्र (तरल) हो जाता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रहसवलिअकंठी तीअ दिट्ठी वरिट्ठा
सवणपहणिविट्ठा माणसं मे पविट्ठा ॥ २ ॥

रभसवलितकण्ठी तस्या दृष्टिर्वरिष्ठा
श्रवणपथनिविष्टा मानसं मे प्रविष्टा ॥ २ ॥

अन्वयः—रहसवलिअकंठी तीअ मरगअमणिगुत्था तारा हारलट्ठि व्व, भमरकवलिअंता मालईमालिअ व्व सवणपहणिविट्ठा वरिट्ठा दिट्ठी मे माणसं पविट्ठा ॥२॥

व्याख्या—रभसेन = वेगेन वलितः=परावर्तितः कण्ठो यया सा रभसवलितकण्ठी=सहसाकृष्टध्याना इत्यर्थः, तस्याः=कर्पूरमंजर्याः, मरकतमणिभिः=हरिन्मणिभिः गुम्फिता (जुष्टा)=युक्ता मरकतमणिगुम्फिता, तारा=मनोहरा स्वच्छा, हारयष्टिः=हारलतिका इव, भ्रमरैः=षट्पदैः कवल्यमाना = भक्ष्यमाणा भ्रमरकवल्यमाना (पाठान्तरे—भ्रमरैः कवलितमर्धं यस्याः सा भ्रमरकवलितार्धा) मालतीमालिका इव=मालतीपुष्पस्रगिव, श्रवणयोः = कर्णयोः पन्थाः=मार्गः श्रवणपथः तं निविष्टा = प्रसृता श्रवणपथनिविष्टा= आकर्णकृष्टा, मे = मम, मानसं=अन्तःकरणं, प्रविष्टा = प्रविवेश। कर्पूरमंजर्याः नयने मम मनसि सन्निविष्टे। अहं सततमेव तन्नयने अनुचिन्तयामि विगतान्यकर्त्तव्यः सन्। उपमोत्प्रेक्षे। मालिनीवृत्तम् ॥ २ ॥

और भी—विलासपूर्वक (शब्दानुसार वेगपूर्वक) कण्ठ को घुमाकर देखने वाली उसकी (कर्पूरमञ्जरी की) मरकत मणि से युक्त चमकते हुए हार के समान, भौंरे से भक्षण की जा रही मालती की माला के सदृश, कर्णप्रान्त तक खिची हुई कटाक्षयुक्त सुन्दर दृष्टि मेरे अन्तःकरण में समा गई है ॥ २ ॥[1]

---

१. 'मरगअमणिजुट्ठा' ('''जुष्ठा) पाठ होने पर भी अर्थपरिवर्तन नहीं होगा। 'गुत्था' अथवा 'गुच्छा' पाठ अधिक सुन्दर है। 'भमरकवलिअंता' के स्थान पर 'भमरकवलिअद्धा' भी पाठ मिलता है, तदनुसार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विदूषकः—भो वग्रस्स ! किं तुवं भज्जाजिदो विग्र (पइव्व) किं पि किं पि कुरुकुराग्रंतो चिट्ठसि ?

राजा—वग्रस्स ! पिग्रं सिविणग्रं (सुविणग्रं) दिट्ठं । तं ग्रणुसंधामि ।

विदूषकः—ता कीदिसं ? तं कधेदु पिग्रवग्रस्सो ।

विदूषकः—भो वयस्य ! किं त्वं भार्याजित इव (पतिरिव) किमपि किमपि कुरुकुरायमाणस्तिष्ठसि ?

राजा—वयस्य ! प्रियं स्वप्नं दृष्टम् । तमनुसंदधामि ।

विदूषकः—तत् कीदृशं ? तत् कथयतु प्रियवयस्यः ।

विदूषक—हे मित्र ! पत्नी द्वारा जीत हुए की तरह तुम क्या गुनगुना (कुरकुरा) रहे हो ?

राजा—मित्र, स्वप्न देखा है उसी का अनुसन्धान कर रहा हूँ ।

विदूषक—प्रियमित्र ! वह कैसा है ? उसे कहें ।

अर्थ होगा 'भौंरे के द्वारा जिसका आधा हिस्सा भक्षण कर लिया गया है । इसकी अपेक्षा 'अंता' पाठ अधिक सुन्दर है । 'अंता' की यदि संस्कृत छाया 'अन्तः' की जाए तो अर्थ होगा जिसका मध्यभाग भौंरे के द्वारा खाया जा रहा है । वस्तुतः आँव्र के मध्य में जो गोला है वह मरकतमणि और भ्रमर के सदृश है । यहाँ उपमा और उत्प्रेक्षा अलङ्कार हैं । पं० रामकुमार आचार्य ने 'रहसवलिअकंठी' का अर्थ किया है—'वेग से अथवा प्रसन्नता से दर्शकों के ध्यान को अपनी ओर खींचने वाली 'रभसेन वेगेन हर्षेण वा दर्शकानां कण्ठं ध्यानं स्वाभिमुखमाकर्षन्ती ।' यह चिन्त्य है । प्रथम जवनिकान्तर में (इति त्र्यस्रं वीक्षते) तथा द्वितीय जवनिकान्तर में 'कंठो तिरिच्छिट्ठिओ । २.१' पाठानुसार कर्पूरमञ्जरी का वलितकण्ठ के साथ तिर्यक् वीक्षण सिद्ध है । दर्शकों को आकृष्ट करना उसका फलितार्थ है ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

राजा—

जाणे पंकरुहाणणा सिविणए मं केलिसेज्जागअं
कंदोट्टेण तडत्ति ताडिउमणा हत्थंतरे संठिदा।
ता कोड्डेण मए वि झत्ति धरिया (गहिदा) ढिल्ले वरिल्लंचले
तं मोत्तूण गदं च तीअ सहसा णट्ठा खु णिद्दा वि मे ॥ ३ ॥

राजा—

जाने पङ्करुहानना स्वप्ने मां केलिशय्यागत-
मिन्दीवरेण तटिति ताडितुमाना हस्तान्तरे संस्थिता।
तत्कौतूहलेन मयापि झटिति धृता (गृहीता) शिथिले उत्तरीयाञ्चले
तन्मुक्त्वा गतं च तया सहसा नष्टा खलु निद्रापि मे ॥ ३ ॥

अन्वयः—जाणे, पंकरुहाणणा [सा] सिविणए केलिसेज्जागअं मं कंदोट्ठेण ताडिउमणा तडत्ति हत्थंतरे संठिदा। ता मए वि कोड्डेण झत्ति ढिल्ले वरिल्लंचले धरिआ। तीअ तं मोत्तूण सहसा गदं। मे णिद्दा वि णट्ठा ॥ ३ ॥

राजा—स्मरण करता हूँ कि पङ्कजमुखी (वह कर्पूरमञ्जरी) स्वप्न में [जब मैं] केलिशय्या पर था मुझे नीलकमल से प्रहार करने की इच्छा से शीघ्रता के साथ एक हाथ की दूरी पर (अथवा हाथों के मध्य में) खड़ी हो गई। तब मैंने भी कौतुहल के कारण शीघ्र ही झूलते हुए (अथवा ढीले) वस्त्राञ्चल को पकड़ लिया। वह उसे छुड़ाकर शीघ्र चली गई और मेरी नींद भी खुल गई ॥ ३ ॥[३]

३. कंदोट्ठं (इन्दीवरम्) तथा ढिल्लं (शिथिलम्) ये दोनों देशी शब्द हैं। 'ढिल्लं' से 'ढीला' हिन्दी में बना है। 'वरिल्लंचले ढिल्लं धरिआ' ऐसा अन्वय करने पर अर्थ होगा 'उत्तरीय वस्त्र को ढीले हाथों से पकड़ा' और तब उसके द्वारा वस्त्र की पकड़ को छुड़ाकर भाग जाना आसान होगा। 'पंकेरुहाणणा' में उपमा अलङ्कार है।

११

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विदूषकः—(स्वगतम्) भोदु एवं दाव। (प्रकाशम्) भो वअस्स ! अज्ज मए वि सिविणअं दिट्ठं ।

राजा—(सप्रत्याशम्) ता कहिज्जदु कीदिसं सिविणअं ?

विदूषकः—अज्ज जाणे सिविणए सुरसरिदासोत्ते सुत्तो म्हि ।

विदूषकः—(स्वगतम्) भवतु एवं तावत् । (प्रकाशम्) भो वयस्य ! अद्य मयाऽपि स्वप्नो दृष्टः ।

राजा—(सप्रत्याशम्) तत्कथ्यतां कीदृशः स स्वप्नः ?

विदूषकः—अद्य जाने स्वप्ने सुरसरित्स्रोतसि सुप्तोऽस्मि ।

व्याख्या—जाने=स्मरामि, पङ्के रोहतीति पङ्केरुहः, पङ्केरुह इव आननं यस्याः सा पङ्केरुहानना=कमलमुखी सा कर्पूरमंजरी स्वप्ने=निद्रावस्थायां, केलिशय्यायां गतं केलिशय्यागतं=क्रीडातल्पशायिनं, मां=राजानम्, इन्दीवरेण=नीलकमलेन ताडितुं मनः यस्याः सा ताडितुमनाः ('तुं काममनसोरपि' इति वार्त्तिकेन मकार लोपः)=प्रहर्तुकामा, झटिति=सहसा, हस्तयोः अन्तरे =मध्ये हस्तान्तरे हस्तपरिमाणं अन्तरे=दूरे हस्तान्तरे वा संस्थिता=संन्निषण्णा वर्तमाना, तत्=तदा मया अपि कौतूहलेन=औत्सुक्येन, झटिति=शीघ्रं, शिथिले =लम्बमाने यथा स्यात्तथा वर्तमाने वा उत्तरीयाञ्चले। धृता=गृहीता, वस्त्राञ्चले शिथिलं गृहीता। तया कर्पूरमंजर्या तत् मम वस्त्रग्रहणं मोचयित्वा (मुच् > मोचि+क्त्वा)=पृथक्कृत्य, सहसा=शीघ्रं, गतं=पलायितम् । मे=मम निद्रा अपि नष्टा=त्रुटिता च । 'पङ्केरुहानना' इत्यत्रोपमा । शार्दूलविक्रीडित-वृत्तम् ॥ ३ ॥

विदूषक—[अपने मन में] अच्छा ऐसा किया जाए। [प्रकाश में] हे मित्र ! आज मैंने भी स्वप्न देखा है ।

राजा—[उत्कण्ठा के साथ] तो कहो वह कैसा स्वप्न था ?

विदूषक—स्मरण है कि आज मैं गङ्गा के प्रवाह में सोया हुआ हूँ ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

राजा—तदो तदो ?

विदूषकः—ता हरसिरोवरि दिण्णलीलावग्राए (चलणाए) गंगाए पक्खालिदो म्हि तोएण ।

राजा—तदो तदो ?

विदूषकः—तदो सरअसमअ-वरिसिणा जलहरेण जहिच्छं पीदो म्हि ।

राजा—अच्छरिअं अच्छरिअं, तदो तदो ?

विदूषकः—तदो चित्ता-(सत्ति) णक्खत्तगदे भअवदि मत्तंडे तंबवण्णीणदीसंगमे समुद्दं गदो सो महामेहो । जाणे अहं पि तस्स

राजा—ततस्ततः ?

विदूषकः—तद्धरशिरस उपरि दत्तलीलापदाय (चरणायाः) गङ्गायाः प्रक्षालितोऽस्मि तोयेन ।

राजा—ततस्ततः ?

विदूषकः—ततः शरत्समयवर्षिणा जलधरेण यथेच्छं पीतोऽस्मि ।

राजा—आश्चर्यमाश्चर्यम् । ततस्ततः ।

विदूषकः—ततः चित्रा (स्वाति)-नक्षत्रगते मार्तण्डे ताम्रपर्णीनदीसंगतं समुद्रं गतः सः महामेघः । जानेऽहमपि तस्य गर्भस्थितो गच्छामि ।

राजा—फिर क्या हुआ ?

विदूषक—तब शिवजी के मस्तक पर लील पूर्वक चरण रखने वाली गङ्गा के जल से मैं स्नान (प्रक्षालित) करा दिया गया ।

राजा—फिर क्या हुआ ?

विदूषक—फिर शरत्काल में बरसने वाले मेघ के द्वारा इच्छानुसार पान कर लिया गया ।

राजा—आश्चर्य है । आश्चर्य है । फिर क्या हुआ ?

विदूषक— तब भगवान् सूर्य के चित्रा (स्वाति) नक्षत्र में चले जाने पर

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गब्भट्ठिदो गच्छामि।

राजा—तदो तदो ?

विदूषकः—तदो सो तहिं थूलजलबिंदूहिं वरिसिदुं पउट्टो। अहं च रदणाअरसुत्तिहिं मुत्तासुत्तिणामधेआहिं संपुडं समुप्पडिअ जलबिंदूहिं समं पीदो म्हि। ताणं च दसमासप्पमाणं मोत्ताहलं भविअ गब्भे संठिदो।

राजा—तदो तदो ?

विदूषकः—

तदो चउस्सट्ठिसु सुत्तिसु ट्ठिदो घणंबुबिंदू जिदवंसरोअणो।

राजा—ततस्ततः ?

विदूषकः—ततोऽसौ तत्र स्थूलजलविन्दुभिर्वर्षितुं प्रवृत्तः। अहं च रत्नाकरशुक्तिभिर्मुक्ता- (-शुक्ति) नामधेयाभिः संपुटं समुत्पत्य जलविन्दुभिः समं पीतोऽस्मि। तासां च दशमासप्रमाणं मुक्ताफलं भूत्वा गर्भे स्थितः।

राजा—ततस्ततः ?

विदूषकः—

ततश्चतु षष्टौ शुक्तिषु स्थितो घनाम्बुबिन्दुर्जितवंशरोचनः।

वह महामेघ ताम्रपर्णी नदी के संगमस्थल समुद्र को प्राप्त हो गया। स्मरण पड़ता है कि मैं भी मेघ के गर्भ में चला जा रहा हूँ।

राजा—फिर क्या हुआ ?

विदूषक—इसके बाद वह वहाँ बड़ी-बड़ी बूदों के साथ बरसने लगा; और मैं भी रत्नाकर (समुद्र) की सीपों के द्वारा जिन्हें मुक्तासीप कहा जाता है, आवरण (संपुट) को प्राप्त होकर जल की बूदों के साथ पी लिया गया। पश्चात् दश माषा प्रमाण मोती होकर उनके गर्भ में रहने लगा।

राजा—फिर क्या हुआ ?

विदूषक—इसके बाद चौंसठ सीपों में स्थित वंशरोचन से भी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सुवत्तुलं णित्तलमच्छमुज्जलं कमेण पत्तो णवमोत्तिअत्तणं ॥४॥

राजा—तदो तदो ?

विदूषकः—तदो सो हं अत्ताणं सुत्तीणं गब्भगदं मुत्ताहलत्तणेण मण्णेमि ।

राजा—तदो तदो ?

सुवर्तुलं निस्तलमच्छमुज्ज्वलं क्रमेण प्राप्तो नवमौक्तिकत्वम् ॥ ४ ॥

राजा—ततस्ततः ?

विदूषकः—ततः सोऽहमात्मानं तासां शुक्तीनां गर्भगतं मुक्ताफलत्वेन मन्ये ।

राजा—ततस्ततः ?

अन्वयः—तदो चउस्सट्ठिसु सुत्तिसु ट्ठिदो जिदवंसरोअणो घणंबुबिंदू कमेण सुवत्तुलं णित्तलमच्छमुज्जलं णवमोत्तिअत्तणं पत्तो ॥ ४ ॥

व्याख्या—ततः = तदनन्तरं, चतुषष्टौ=चतुःषष्टिसंख्यासु, शुक्तिषु=मुक्ताशुक्तिषु, स्थितः = वर्तमानः घनाम्बुबिन्दुः=स्थूलजलबिन्दुसदृशः, जितं=तिरस्कृतं वंशरोचनं येन सः जितवंशरोचनः = वंशरोचनादप्युत्कृष्टः अहं=विदूषकः, सुवर्तुल=चक्राकारं, निस्तलं=शुद्धम्, अच्छं = निर्मलम्, उज्ज्वलं=कान्तिमत् नवमौक्तिकत्वं क्रमेण=पर्यायेण क्रमशः, प्राप्तः=अभूवम् । अत्र निस्तलमच्छमुज्ज्वलमिति पदत्रयं मौक्तिकस्य निर्मलतां शुद्धतां कान्तिं च प्रकटयति । पृथगुपादानात् तस्यातिशयिता ध्वन्यते । वंशस्थवृत्तम् ॥ ४ ॥

उत्कृष्ट एवं बड़े जलबिन्दु [के समान मैं] क्रमशः गोल (सुवर्तुल), शुद्ध (निस्तल), निर्मल (अच्छ) और चमकीले (उज्ज्वल) नवीन मोतियों में बदल गया ॥ ४ ॥

राजा—फिर क्या हुआ ?

विदूषक—तब ऐसा लगा कि मैं भी उनके गर्भ में स्थित मोती हूँ ।

राजा—फिर क्या हुआ ?

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विदूषकः—तदो परिणदिकाले समुद्दाओ कड्ढिदाओ ताओ सुत्तिओ फाडिदाओ अ। अहं चदुस्सट्ठिमुत्ताहलत्तणं गदो (०मज्झ) ठिदो। किणिदो (कीदो) अ एक्केण सेट्ठिणा सुवण्णलक्खं देइअ।

राजा—अहो विचित्तदा सिविणअस्स। तदो तदो ?

विदूषकः—तदो तेण आणिअ वेधआरएहिं (वेअडिअं) विद्धाविदा मोत्तिआ। मम वि ईसीसि वेअणा समुप्पण्णा।

राजा—तदो तदो ?

विदूषकः—तदो—

तेणं च मुत्ताहलमंडलेणं एक्केक्कआए दसमासिएणं।

विदूषकः—ततः परिणतिकाले समुद्रात्कर्षितास्ताः शुक्तयः विदारिताश्च। अहं चतुःषष्टिमुक्ताफलत्वं गतः स्थितः। (···फलानां मध्यस्थितः)। क्रीतश्चैकेन श्रेष्ठिना सुवर्णलक्षं दत्त्वा।

राजा—अहो विचित्रता स्वप्नस्य। ततस्ततः ?

विदूषकः—ततस्तेनानीय वेधकारैः (वैकटिकं) वेधितानि मौक्तिकानि। मामपीषद्वेदना समुत्पन्ना।

राजा—ततस्ततः ?

विदूषकः—ततः—

तेन च मुक्ताफलमण्डलेनैकैकतया दशमाषिकेण।

विदूषक—तब परिपक्व हो जाने पर वे सीप समुद्र से निकाली गईं तथा फाड़ी गईं। मैं चौसठ मोतियों के रूप में परिणत हो गया था। पश्चात् एक सेठ ने एक लाख सुवर्ण-मुद्रायें देकर खरीद लिया।

राजा—कैसा विचित्र स्वप्न है ? फिर क्या हुआ ?

विदूषक—तब उसने वेधकारों (जौहरियों) को बुलाकर मोतियों में छेद करवाया। मुझे भी थोड़ी थोड़ी वेदना हुई।

राजा—फिर क्या हुआ ?

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

एक्कावली गंठि (लट्ठि)-कमेण गुच्छा सा संठिदा कोटिसुवण्णमुल्ला।।५

राजा—तदो तदो ?

विदूषकः—तदो तं करंडिआए कदुअ साअरदत्तो णाम वाणिओ गदो पंचालाहिवस्स सिरिवज्जाउहस्स णअरं कण्णउज्जं णाम। तहिं सा विक्किणीदा कोडीए सुवण्णस्स।

एकावली ग्रन्थि (यष्टि)-क्रमेण गुम्फिता सा संस्थिता कोटिसुवर्णमूल्या। ५।।

राजा—ततस्ततः ?

विदूषकः—ततस्तां करण्डिकायां कृत्वा सागरदत्तो नाम वणिक् गतः पाञ्चालाधिपस्य श्रीवज्रायुधस्य नगरं कान्यकुब्जं नाम। तत्र सा विक्रीता कोटया सुवर्णस्य।

अन्वयः—तेण च मुत्ताहलमंडलेणं एक्केक्कदाए दसमासिएणं गंठिकमेण एक्कावली गुच्छा। सा कोटिसुवण्णमुल्ला संठिदा ।। ५ ।।

व्याख्या—तेन (इदं सर्वनामपदं 'श्रेष्ठिना' अर्थे प्रयुक्तं मुक्ताफलस्य-विशेषणार्थेऽपि। 'तेनापि' पाठे सति तु 'श्रेष्ठिना' अर्थे एव प्रयोगोचितः) दश माषाः प्रमाणमस्येति दशमाषिकस्तेन दशमाषिकेण=दशमाषपरिमितेन; मुक्ताफलानां मण्डलानि तेन मुक्ताफलमण्डलेन=चतुःषष्ठिमुक्तासमुदायेन, एकैकतया=प्रत्येकशः, ग्रन्थिक्रमेण=ग्रन्थिसन्धानेन, एकावली=एकसरिका माला, गुम्फिता=रचिता। सा एकावली च कोटिसुवर्णमूल्या संस्थिता= निर्धारिता। इन्द्रवज्रावृत्तम् ।। ५ ।।

विदूषक—तब—

दश माषा परिमाणवाले उन (पाठान्तरानुसार—उस सेठ ने) मोतियों से एक-एक मोती पर गाँठ देने के क्रम से एकावली (एक लड़वाला हार) बनाई गई और उसका मूल्य एक कोटि (करोड़) सुवर्ण-मुद्रायें रखा ।। ५ ।।

राजा—फिर क्या हुआ ?

विदूषक—तब उसे (हार को) करण्डिका (मंजूषा) में रखकर

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

राजा—तदो तदो ?

विदूषकः—तदो अ—

दट्ठूण थोरत्थणतुंगिमाणं एक्कावलीए तह चंगिमाणं ।
सा तेण दिण्णा दइआइ कंठे रज्जंति छेआ समसंगमम्मि ॥६॥

राजा—ततस्ततः ?

विदूषकः—ततश्च—

दृष्ट्वा स्थूलस्तनतुङ्गिमानमेकावल्यास्तथा चङ्गिमानम् ।
सा तेन दत्ता दयितायाः कण्ठे रज्यन्ति छेकाः समसंगमे ॥ ६ ॥

अन्वयः—थोरत्थणतुंगिमाणं तह एक्कावलीए चंगिमाणं दट्ठूण तेण सा दइआइ कंठे दिण्णा, [यतः] छेआ समसंगमम्मि रज्जंति ॥ ६ ॥

व्याख्या—तेन=वज्रायुधेन राज्ञा, स्थूलयोः=पीनयोः स्तनयोः=पयोधरयोः, (तुङ्गस्य भावः तुङ्गिमा + इमनिच्) तुङ्गिमानम्=उन्नतिं स्थूलस्तनतुङ्गिमानं तथा एकावल्याः = हारस्य चङ्गिमानं=लावण्यं दृष्ट्वा = अवलोक्य, सा= एकावली, दयितायाः=स्वप्रियायाः कण्ठे=गलप्रदेशे, दत्ता = स्थापिता । हि= यतः, छेकाः=विदग्धाः, समेन=समानेन सह सङ्गमे समसङ्गमे=तुल्यसङ्गतौ, रज्यन्ति=आनन्दिताः भवन्ति । स्तनयोः सह एकावल्याः संगमः प्रीतिदायकः जातः । अर्थान्तरन्यासः । इन्द्रवज्रावृत्तम् ॥ ६ ॥

सागरदत्त नाम का वणिक् (व्यापारी) पाञ्चाल देश के राजा श्री वज्रायुध के कान्यकुब्ज (कन्नौज) नगर को गया । वहाँ वह (एकावली) एक कोटि सुवर्ण मुद्राओं में बेच दी गई ।

राजा—फिर क्या हुआ ?

विदूषक—तब

स्थूल स्तनों के उभार को तथा एकावली की सुन्दरता को देखकर उसने (श्री वज्रायुध राजा ने) उसे (एकावली को) अपनी पत्नी (रानी) के गले में पहना दिया क्योंकि विदग्ध लोग समान का समान के साथ सङ्गम

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अवि अ—

णहधवलिअजोण्हाणिब्भरे रत्तिमज्झे
कुसुमसरपहारत्तासमीलिआणं ।
णिहुवणपरिरंभे णिब्भरुत्तुंगपीण-
त्थणकलसणिवेसा पीडिओ हं विबुद्धो ।। ७ ।।

अपि च—

नभोधवलितज्योत्स्नानिर्भरे रात्रिमध्ये
कुसुमशरप्रहारोत्त्राससंमीलितयोः ।
निधुवनपरिरम्भे निर्भरोत्तुङ्गपीन-
स्तनकलशनिवेशात् पीडितोऽहं विबुद्धः ।। ७ ।।

अन्वयः—स्पष्टम् ।। ७ ।।

व्याख्या—नभसि = आकाशे धवलितया = प्रकाशितया ज्योत्स्नया =

होने पर (मणिकाञ्चन योग होने पर) प्रसन्न होते हैं ।। ६ ।।[1]

और भी—

रात्रि के मध्यभाग में जब चांदनी के आधिक्य से आकाश धवलवर्ण का हो गया था (अर्थात् आकाश में जब खूब चांदनी छिटकी हुई थी) तो कामदेव के बाणों के प्रहार से भयभीत होकर परस्पर मिले हुए [राजदम्पती की] रतिक्रीड़ा के प्रसङ्ग में आलिङ्गन किए जाने पर अतिशय उन्नत और पीन-पयोधरकलशों के दबाव से पीड़ित हुआ मैं जाग गया ।। ७ ।।

१. उस एकावली को राजा ने जब अपनी रानी के गले में पहना दिया तो रानी के उन्नत उरोजों के साथ एकावली का संगम मणि-काञ्चन के योग की तरह अतिशय सुन्दर हुआ । इससे उन्नत स्तनों तथा एकावली दोनों की अतिशय-सुन्दरता प्रतिध्वनित होती है । 'रज्जंति छेआ समसंगमम्मि' में सामान्य से विशेष समर्थन रूप अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

राजा—(किंचिद्विहस्य विचिन्त्य च)
सिविणअमेणमसच्चं तं दिट्ठं मेणुसंधमाणस्स ।
(सिविणअमिणं ण सच्चं तं पाणसमासमाअमं मुणसि।
पडिसिविणएण तस्स वि णिवारणं तुह अहिप्पाओ ।। ८ ।।

राजा—(किञ्चिद्विहस्य विचिन्त्य च)
स्वप्नमेनमसत्यं तद्दृष्टं ममानुसंदधतः ।
(स्वप्नमिमं (स्वप्नोऽयम्) न सत्यं तं प्राणसमासमागमं मन्यसे)
प्रतिस्वप्नेन तस्यापि निवारणं तवाभिप्रायः ।। ८ ।।

चन्द्रिकया निर्भरात्=निरतिशयं परिपूर्णे (यद्वा ज्योत्स्नानां=कौमुदीनां, निर्भरः=पूर्णविस्तारः ज्योत्स्नानिर्भरः नभसि=आकाशे वहलितः=प्रसृतः ज्योत्स्नानिर्भरः यस्मिन् तस्मिन् नभोवहलितज्योत्स्नानिर्भरे=आकाशप्रसृतचन्द्रिकापूर्णे, एतादृशे) रात्रिमध्ये = अर्धनिशायां, कुसुमशरस्य=कामदेवस्य, प्रहारात् = त्रासेन भयेन सम्मिलितयोः=संगतयोः दंपत्योः तयोः राजदम्पत्योः, निधुवनं= संभोगः तस्मिन् यः परिरम्भः तस्मिन् निधुवनपरिरम्भे=सुरतालिङ्गने, निर्भरमुत्तुङ्गौ तयोः निर्भरोत्तुङ्गयोः=अत्युन्नतयोः पीनयोः=स्थूलयोः स्तनकलशयोः= घटसदृशपयोधरयोः, निवेशात् = सम्पातात्, पीडितः=व्यथितः, अहं=विदूषकः विबुद्धः = जागरितः । राजा अर्धरात्रौ यदा स्वप्रियां रन्तुमारब्धवान् तदा प्रगाढालिङ्गनावसरे तस्याः स्तनयोः मध्ये सम्पातादहं पीडितो जातः जागरितवांश्च । उपमालङ्कारः । मालिनीवृत्तम् ॥ ७ ॥

अन्वयः—तं एणं असच्चं दिट्ठं सिविणअं अणुसंधमाणस्य मे (तं पाणसमासमाअमं इमं सिविणअं ण सच्चं [इति] मुणसि [त्वम्]) पडिसिविणयेण तस्स वि णिवारणं तुह अहिप्पाओ [अस्ति] ।। ८ ।।

राजा—[कुछ हँसकर और विचारकर] तुम्हारे द्वारा देखे गये इस असत्य स्वप्न का अनुसन्धान करते हुए मुझे स्वयं के द्वारा देखे गये स्वप्न का इस प्रतिस्वप्न के द्वारा निवारित करना तुम्हारा उद्देश्य है । [अथवा—

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विदूषकः— भट्ठो ठक्कुरो, छुहाकिलंतो बंभणो, अविणीदहिअआ बालरंडा, विरहिदो अ माणुसो मणोरहमोदएहिं अत्ताणं विडंबेदि। अवि अ, वअस्स ! पुच्छामि कस्स उण एसो पहावो ?

राजा— पेम्मस्स।

विदूषकः—भ्रष्टो राजा, क्षुधाक्लान्तो ब्राह्मणः, अविनीतहृदया बालरण्डा, विरहितश्च मानुषो मनोरथमोदकैरात्मानं विडम्बयति। अपि च, वयस्य ! पृच्छामि कस्य पुनरेष प्रभावः ?

राजा—प्रेम्णः।

व्याख्या—त्वया दृष्टं तम् इमं=पूर्वोक्तम् असत्यं=मिथ्या दृष्टं स्वप्नमनुसन्दधतः=अनुध्यायतः मम प्रतिस्वप्नेन=स्वप्नतुल्यस्वप्नकथनेन, तस्य=मम दृष्टस्य स्वप्नस्य, निवारणं=निराकरणं, तव – विदूषकस्याभिप्रायः अस्तीति। पाठान्तरे तु त्वं चिन्तयसि यत् मम इमं स्वप्नं यस्मिन् प्राणतुल्यप्रियया कर्पूरमंजर्या सह समागमः अभवत्, तं न सत्यं=मिथ्या। त्वया दृष्टः स्वप्नः खलु मिथ्या। मया यः स्वप्नः दृष्टः सः तु सत्य आसीत्। यदा खल्वहं स्वप्नगतां प्राणतुल्यां स्वप्रियां चिन्तयन्नासम् तदा त्वया प्रतिस्वप्नकथनेन मम ध्यानं दूरीकृतम्। मम ध्यानापकर्षणमेव तवाभिप्रायः अस्तीति भावः। आर्यावृत्तम् ॥ ८ ॥

तुम समझते हो कि मेरा यह स्वप्न जिसमें प्राणतुल्य प्रिया से समागम हुआ था, असत्य है। प्रतिस्वप्न के द्वारा मेरे उस स्वप्न का भी निवारण करना तुम्हारा उद्देश्य है।] ॥ ८ ॥[५]

विदूषक—राज्यपतित राजा (ठाकुर), भूख से पीड़ित ब्राह्मण, अविनीत हृदयवाली (अत्यन्त दंभी स्वभाव वाली) वेश्या युवती और विरही मनुष्य ये मन के लड्डुओं से अपना जी बहलाते हैं। (अपने आपको धोका देते हैं)। और भी, मित्र ! पूछता हूँ—यह किसका प्रभाव है ?

५. 'सिविणअमिणं०' यह पाठ एन० जी० सुरु ने माना है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विदूषकः—भो, देवीगदे पणअप्परूढे वि पेम्मे किं णु कप्पूरमंजरिं सव्वंगवित्थारिअलोअणो पिअंतो विअ अवलोएसि (पुलोएसि)? किं तत्तो परिहीअमाणगुणा देवी ?

राजा—मा एवं भण—

कीए (कदा) वि संघडइ कस्स वि पेम्मगंठी
एमेअ तत्थ ण हु कारणमत्थि रूअं।
चंगत्तणं पुणु महिज्जइ जं तहिं पि
तं दिज्जए पिसुणलोअमुहेसु मुद्दा ॥ ६ ॥

विदूषकः—भोः, देवीगते प्रणयप्ररूढेऽपि प्रेम्णि किं नु कर्पूरमञ्जरीं सर्वाङ्गविस्तारितलोचनः पिबन्निवावलोकयसि (प्रलोकयसि)? किं ततोऽपि परिहीयमाणगुणा देवी ?

राजा—मैवं भण—

कयाऽपि (कदापि) संघटते कस्यापि प्रेमग्रन्थि-
रेवमेव तत्र न खलु कारणमस्ति रूपम्।
चङ्गत्वं (सौन्दर्यं) पुनर्मृग्यते यत्तत्रापि
तद्दीयते पिशुनलोकमुखेषु मुद्रा ॥ ६ ॥

अन्वयः—कस्स वि कीए वि पेम्मगंठी एमेअ संघडइ, तत्थ रूअं ण हु कारणमत्थि। तहिं पि जं पुणु चंगत्तणं महिज्जइ तं पिसुणलोअमुहेसु मुद्दा दिज्जए ॥ ६ ॥

राजा—प्रेम का।

विदूषक—देव ! देवी से इतने दिनों का सुदृढ़ प्रेम होने पर भी कर्पूरमञ्जरी के सभी अङ्गों पर आँखें फैलाकर पान करते हुए से उसे क्यों देखते हो ? क्या देवी उससे (कर्पूरमञ्जरी से) कम गुणों वाली है ?

राजा—ऐसा मत कहो—

किसी [पुरुष] का किसी [युवती] के साथ अनायास ही प्रेम हो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विदूषकः—भो वअस्स ! किं पुण एदं पेम्मं पेम्मं ति भणंति ?
राजा—अण्णोण्णमिलिदस्स मिहुणस्स मअरद्धअसासणेण पणअ-

विदूषकः—भोः वयस्य ! किं पुनरेतत् 'प्रेम प्रेमे'ति भणन्ति ?
राजा—अन्योन्यमिलितस्य मिथुनस्य मकरध्वजशासनेन प्रणयप्ररूढहृदय-

व्याख्या—कस्यापि=पुरुषस्य, कयापि=नायिकया सह, कदापि=कस्मिन्नपि काले प्रेमग्रन्थिः=प्रेमानुबन्धः, एवमेव=कारणं विनैव अनायासेनैव, संघटते=भवति, तत्र=प्रेमानुबन्धे, रूपं=सौन्दर्यादिकं कारणं नास्ति=न खलु हेतुरस्ति। तत्रापि=प्रेमानुबन्धनेऽपि प्रेम्णः आभ्यन्तरहेतुकत्वेऽपि यत्पुनः चङ्गत्वं=सौन्दर्यं, मृग्यते=अन्विष्यते, तत् पिशुनानां=कुटिलानां निन्दकानां लोकानां=जनानां, मुखेषु मुद्रा=आवरणं दीयते=क्रियते। दुष्टाः निन्दां मा कुर्युरिति तेषां मुखबन्धनाय सौन्दर्यादिगुणाः कीर्त्यन्ते। प्रेमानुबन्धे बाह्यसौन्दर्यादीनि कारणानि न सन्ति, सः तु स्वभावादेव आभ्यन्तरप्रेरणया यया कया नायिकया सह कदापि संघटते। वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ ९ ॥

जाता है उसमें निश्चय ही रूप कारण नहीं है। फिर भी वहाँ जो सुन्दरता का अन्वेषण किया जाता है वह केवल दुष्ट पुरुषों के मुखों को बन्द करने के लिए है ॥ ९ ॥[१]

विदूषक—हे मित्र ! यह प्रेम किसे कहा जाता है ?

१. 'कीए वि' के स्थान पर 'कया वि' (कदाऽपि) पाठ होने पर अर्थ होगा 'किसी भी समय किसी का (किसी पर) प्रेम यों ही हो जाता है। बाह्य रूपादि उसमें कारण नहीं होते हैं।' उत्तररामचरित में महाकवि भवभूति ने भी ऐसा ही विचार अभिव्यक्त किया है—

व्यतिषजति पदार्थानान्तरः कोऽपि हेतु-
र्न खलु बहिरुपाधीन प्रीतयः संश्रयन्ते।
विकसति हि पतङ्गस्योदये पुण्डरीकं
द्रवति च हिमरश्मावुद्गते चन्द्रकान्तः ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

'परूढहिअअगंठिं पेम्मं ति छइल्ला भणंति ।

विदूषकः—कीदिसो सो ?

राजा—

जस्सि विअप्पघडणाइकलंकमुक्को
अंतो मणम्मि (अत्ताणअस्स) सरलत्तणमेइ भावो ।
एक्केक्कअस्स पसरंतरसप्पवाहो
सिंगारवड्ढिअमणोहवदिण्णसारो ॥ १० ॥

ग्रन्थि प्रेमेति विदग्धा भणन्ति ।

विदूषकः—कीदृशं तत् ?

राजा—

यस्मिन्विकल्पघटनादिकलङ्कमुक्तो-
ऽन्तर्मनसि (आत्मनः) सरलत्वमेति भावः ।
एकैकस्य प्रसरद्रसप्रवाहः
शृङ्गारवर्धितमनोभवदत्तसारः ॥ १० ॥

अन्वयः—जस्सि एक्केक्कअस्स अंतोमणम्मि भावो विअप्पघडणाइ-कलंकमुक्को पसरंतरसप्पवाहो सिंगारवड्ढिअमणोहवदिण्णसारो सरलत्तणं एइ ॥ १० ॥

व्याख्या—यस्मिन्=प्रेम्णि, एकैकस्य=उभयस्य परस्परस्य अन्तर्मनसि=हृदये

राजा—एक दूसरे के सम्पर्क में आये हुए पुरुष और स्त्री के हृदय जो कामदेव के आदेश से एक दूसरे से बंध से जाते हैं उसे ही विदग्ध लोग 'प्रेम' कहते हैं ।

विदूषक—वह कैसा होता है ?

राजा—[प्रेम वह है] जिसमें (प्रेमी और प्रेमिका के) अन्तःकरण में एक दूसरे के प्रति चित्त के भाव सब प्रकार के संदेहों (या कृत्रिमताओं) के कलङ्क से रहित होते हैं; परस्पर आनन्द के रस का प्रवाह प्रवाहित होता है,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विदूषकः—कधं विश्र सो लक्खीअदि ?

राजा—

जाणं सहाअपसरंतसलोलदिट्ठी-
पेरंतलुंठिअमणाण परोप्परेण।

विदूषकः—कथमिव तत् लक्ष्यते ?

राजा—

ययोः स्वभावप्रसरत्सलोलदृष्टि-
पर्यन्तलुण्ठितमनसोः परस्परेण।

(पाठान्तरे—आत्मनः = चित्तस्य) विकल्पानां = संशयादीनां घटनादिभिः कलङ्कैः = दोषैः, मुक्तः=शून्यः परस्परसंबन्धे संदेहादिरहितः भावः = अभिप्रायो भवति। प्रसरन्=वृद्धिं गच्छन्, रसस्य = संभोगानन्दरूपरसस्य, प्रवाहः=स्रोतः संचारः प्रसरद्रसप्रवाहः, शृङ्गारेण = आलिङ्गनादिचेष्टाभिः, वर्धितः=विपुलतां गतः यो मनोभवः=कामः तेन दत्तः सारः=उत्कृष्टत्वं यस्मिन् स शृङ्गारवर्धित-मनोभवदत्तसारः, सरलत्वम् = आर्जवम्, एति=प्राप्नोति। अनेन प्रेम्णि कामस्योत्कृष्टता ध्वन्यते। एवं राज्ञा प्रेमपरिभाषा प्रतिपादिता। वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ १० ॥

जो शृङ्गारिक चेष्टाओं से निरन्तर बढ़ता है तथा सरलता को प्राप्त हो जाता है ॥ १० ॥*

विदूषक—वह कैसे पहचाना जाता है ?

---

७. इस गाथा में प्रेम के विषय में जो कहा गया है उसके अनुसार चार तथ्य सम्मुख आते हैं—(१) परस्पर संदेहादि के न होने से सरलता का भाव जागृत होता है। (२) परस्पर आनन्द के रस में डूबे रहते हैं। (३) आलिङ्गनादि शृाङ्गारिक चेष्टाओं से यह वृद्धि को प्राप्त होता है। (४) काम का यह सर्वस्व है (कामदेव ने ही इसे प्रसारित किया है) अर्थात् इसका उद्गम कामवासना से होता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वड्ढंत (वड्ढंति)-वम्महविइण्ण रसप्पसारो (सरप्पसारा)
ताणं पआसइ लहुं चिअ (विअ) चित्तभावो(भेओ) ॥११॥

वर्धमान-(वर्धन्ते) मन्मथवितीर्णरसप्रसार (शरप्रसारा)-
स्तयोः प्रकाशते लघ्वेव (लघुरिव) चित्तभावः (-भेदः) ॥११॥

अन्वयः—जाणं सहाअपसरंतसलोलदिट्ठी, परोप्परेण पेरंतलुंठिअमणाण वड्ढंतवम्महविइण्णरसप्पसारो ताणं लहुं चिअ चित्तभावो पआसइ ॥ ११ ॥

व्याख्या—ययोः=स्त्रीपुरुषयोः, परस्परेण=अन्योन्येन, स्वभावतः प्रसरन्त्यः=प्रचलन्त्यः, सलोलाः=चञ्चला या दृष्टयः तासां पर्यन्तेषु=अपाङ्गावलोकनेषु सकटाक्षदृष्टिषु, लुण्ठितम्=आतुरं, मनः=चित्तं ययोः तयोः लुण्ठितमनसोः=सतृष्णयोः स्वभावप्रसरत्सुलोलदृष्टिपर्यन्तलुण्ठितमनसोः =सकटाक्षावलोकनाय=सतृष्णचित्तयोः, वर्धमानः=एधमानः असौ मन्मथः=कामदेवः वर्धमानमन्मथस्तेन वितीर्णः=प्रदत्तः रसप्रसारः=रसोद्वेगः बर्धमानमन्मथवितीर्णरसप्रसारः। तयोः=दम्पत्योः, चित्तस्य भावः चित्तभावः=हृदयाभिप्रायः प्रेमाख्यावृत्तिः, लघुः=शीघ्रमेव, प्रकाशते=प्रकटीभवति; तस्मात् प्रेम कथं लक्ष्यत इति न चिन्तनीयम्। वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ ११ ॥

राजा—जिनकी चंचल दृष्टियां स्वभावतः एक दूसरे को खोजती हैं, मन एक दूसरे में खोये-खोये रहते हैं, काम से प्रसृत रस का प्रवाह बढ़ता रहता है उनके चित्त का यह प्रेम-भाव सहज ही प्रकाशित हो जाता है ॥११ ।[१]

१. इस गाथा में प्रेम की पहचान के तीन सहज चिह्न बतलाये गए हैं— (१) चञ्चल नेत्रों से एक दूसरे को खोजना। (२) मन एक दूसरे में खोया खोया रहना। (३) कामरस में डूबे रहना।

'चित्तभावो' के स्थान पर 'चित्तभेओ' (चित्तभेदः) पाठ होने पर अर्थ होगा 'सामान्य लोगों की अपेक्षा उनके चित्त की भिन्नता उनके प्रेमभाव को शीघ्र ही प्रकाशित कर देता है।' 'लुंठिअ' पद से उनकी एकरसता की ध्वनि निकलती है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अवि अ

अंतो णिविट्ठमण (मअण) विब्भमडंबरो जो
सो भण्णए मअणमंडणमेत्थ पेम्मं।
दुल्लक्खअं पि पअडेइ जणो जअम्मि
तं जाणिमो सुबहुलं मअणेंदजालं ॥ १२ ॥

अपि च

अन्तर्निविष्टमनो (मदन)-विभ्रमडम्बरो यः
स भण्यते मदनमण्डनमत्र प्रेम।
दुर्लक्ष्यमपि प्रकटयति जनो जगति
तज्जानीमः सुबहुलं मदनेन्द्रजालम् ॥ १२ ॥

अन्वयः—अंतो णिविट्ठमणविब्भमडंबरो जो सो एत्थ मअणमंडणं पेम्मं भण्णए। दुल्लक्खअं पि जअम्मि जणो पअडेइ। तं सुबहुलं मअणेंदजालं जाणिमो ॥ १२ ॥

व्याख्या—अन्तर्निविष्टस्य=हृदये वर्तमानस्य मनोभवस्य=मदनस्य, प्रियजनं वशीकर्तुं यः विभ्रमडम्बरः=विलासप्रसरः सोऽत्र संसारे मदनस्य=कामस्य मण्डनम्=आभूषणं 'प्रेम' इति भण्यते=ज्ञायते। जगति=संसारे जनः अनेन प्रभावेणैव दुःखेन लक्ष्यं लक्षयितुमशक्यं वा दुर्लक्ष्यमपि=गोपनीयमपि अदृश्यमपि वा प्रकटयति=प्रकाशयति। अतएव अहं तत् सुबहुलं=सुमहत्, मदनस्य इन्द्रजालं=लोकप्रतारिणीं कपटविद्यां जानामि=मन्ये, यद्वा यद्यपि प्रेम्णः आभ्यन्तरभावस्य परिज्ञानं दुष्करं तथापि बाह्यचेष्टादिभिः तदनुमीयते, तस्मात् एषा खलु कामदेवस्य कपटविद्या। वसन्ततिलकावृत्तम् । १२ ॥

विदूषक—अन्तर्मन में मौजूद काम के विलास का जो व्यक्त रूप है उसे यहाँ (संसार में) काम का आभूषण 'प्रेम' कहते हैं। [इसके आभ्यन्तर भाव को जानना] दुर्लक्ष्य (कठिन) होने पर भी [प्रेमी व्यक्ति] संसार में इसे [अपनी बाह्य चेष्टाओं के द्वारा) प्रकट कर देते हैं (अथवा संसार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

किं च, जइ चित्तगदं पेम्मं अणराअं उप्पादेदि ता किं किज्जइ (कज्जं) मंडणाडंबरविडंबणाए ?

राजा—वअस्स ! सच्चं इणं—

किं मेहलावलअसेहरणेउरेहिं
किं चंगिमाअ किमु मंडणडंबरीहिं ।

किञ्च यदि चित्तगतं प्रेमानुरागमुत्पादयति तत्किं क्रियते (कार्यम्) मण्डनाडम्बरविडम्बनया ?

राजा—वयस्य ! सत्यमिदम्—

किं मेखलावलयशेखरनूपुरैः
किं चङ्गिमत्वेन किमु मण्डनाडम्बरैः ।

में मनुष्य इसके प्रभाव से रहस्यों को भी प्रकट कर देते हैं) । अतएव इसे हम कामदेव का विशाल इन्द्रजाल (जादू) समझें ॥ १२ ॥[१]

और भी, यदि चित्तगत प्रेम अनुराग को उत्पन्न करता है तो फिर बाह्य साज-सज्जा का आडम्बर क्यों किया जाता है ?

राजा—मित्र । यह सत्य है—

---

१. निर्णय सागर के संस्करण में इसे राजा का कथन बतलाया है जबकि प्रो० सुरु, पोद्दार, घोष तथा कोनो ने विदूषक का कथन माना है । मेरे विचार से इसे राजा का ही कथन मानना अधिक उचित है । यहाँ प्रेम इन्द्रजाल का रूप देकर उसे सामान्य लोगों की बुद्धि से परे बतलाया है । विदूषक प्रेम के रहस्य को नहीं जानता है यह उसके वक्तव्यों से सिद्ध है । इस श्लोक का भाव मैंने दो प्रकार से व्यक्त किया है । (१) प्रेमाभिभूत व्यक्ति गूढ तथ्यों को भी प्रकट कर देता है । अतः प्रेम को कामदेव का इन्द्रजाल समझना चाहिए । (२) इन्द्रजाल की तरह प्रेम के आन्तरिक भाव को जानना कठिन है । हम उसके केवल बाह्य रूप को देखते हैं ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तं अण्णमत्थि इह किं पि णिअंबिणीणं
जेणं लहंति सुहअत्तणमंजरीओ ॥ १३ ॥

तदन्यदस्तीह किमपि नितम्बिनीनां
येन लभन्ते सुभगत्वमञ्जरीः ॥ १३ ॥

अन्वयः—मेहलावलअसेहरणेउरेहिं किं, चंगिमाअ किं, मडणडंवरीहिं किं, इह तं किं पि अण्णं अत्थि जेणं णिअंबिणीणं सुहअत्तणमंजरीओ लहंति ॥ १३ ॥

व्याख्या—मेखलाश्च=रसनाश्च वलयानि च=कङ्कणानि च शेखराणि=शिरोभूषणानि नूपुराणि च तैः मेखलावलयशेखरनूपुरैः, किं=नास्ति किमपि प्रयोजनम्। चङ्गिमत्वेन=सौन्दर्येण अपि किं=न किमपि सिद्धं भवति तेन। मण्डनानां=शृङ्गारप्रसाधनानाम् आडम्बरः=विलासः तैरपि किं=तैरपि कार्यं न सिध्यति, व्यर्थं इत्यर्थः। इह संसारे येन कारणेन प्रशस्तौ नितम्बौ स्तः यासां ताः नितम्बिन्यः=कामिन्यः सुभगत्वस्य=सौभाग्यस्य मञ्जरीः सौभाग्यमंजरीः लभन्ते=प्राप्नुवन्ति, तत् अन्यत् किमपि मेखलादिभिर्भिन्नं=लोकोत्तरं वस्तु कारणमस्ति। व्यतिरेकागर्भाऽन्यत्वाभिधानमूलातिशयोक्तिः। वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ १३ ॥

मेखला (करधनी), कङ्कन (वलय), शिरोभूषण और नूपुरों से क्या ? सौन्दर्य से क्या ? [बाह्य] साजसज्जा से भी क्या ? इस संसार में वह कुछ अन्य ही है जिससे नितम्बिनियां (कामिनियां) सौभाग्य की मञ्जरी को प्राप्त करती हैं अर्थात् अतिशय आकर्षक लगती हैं ॥ १३ ॥[१]

१. नितम्बिनियों में अतिशय सौभाग्य आभूषणादि के धारण करने से नहीं आता है, अपितु इसका कारण 'तारामैत्री' है। जिसकी जिससे आंख लग जाये उसे उसी में सौन्दर्य दिखलाई देने लगता है। इसी तथ्य को अगले पद्य में राजा कहता है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अवि अ—

किं गेअणट्टविहिणा किमु वारुणीए
धूवेण किं अगुरुणो किमु कुंकुमेण।
मिट्ठत्तणे महिअलम्मि ण किं पि अण्णं
रुच्चिस्स अत्थि सरिसं पुणु माणुसस्स ॥ १४ ॥

अपि च—

किं गेयनृत्यविधिना किमु वारुण्या
धूपेन किमगुरोः किमु कुङ्कुमेन।
मिष्टत्वे महीतले न किमप्यन्यद्
रुचेरस्ति सदृशं पुनर्मानुषस्य ॥ १४ ॥

अन्वयः—गेअणट्टविहिणा किं, वारुणीए किमु, अगुरुणो धूवेण किं; कुंकुमेण किमु, महिअलम्मि माणुसस्स रुच्चिस्स सरिसं मिट्ठत्तणे पुणु किं पि अण्णं ण अत्थि ॥ १४ ॥

व्याख्या—गेयं च नृत्यं च गेयनृत्ये तयोः विधिस्तेन गेयनृत्यविधिना=गाननर्त्तनकलया किं=न किमपि प्रयोजनं सिद्धयति, एवमेव वारुण्या=मदिरया किं=किमपि साध्यं नास्ति। अगुरोः धूपेन किम्? कुङ्कुमेन च किम्? महीतले=पृथिव्यां, मिष्टत्वे=मधुरत्वे, मानुषस्य=पुरुषस्य, रुचेः=कामनायाः सदृशं=तुल्यं किमप्यन्यत् वस्तु नास्ति। कामना एव कमनीयतायाः हेतुरिति; तस्मात् यत्र पुरुषः अनुरक्तो भवति तदेव तस्मै रोचते, तत्र गेयादयः अन्यथासिद्धा एव। वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ १४ ॥

और भी—

गान और नृत्य से क्या? मदिरा से भी क्या? अगुरुस की धूप से क्या? कुङ्कुम से भी क्या? पृथ्वी पर मनुष्य की रुचि के सदृश मधुरता का अन्य कोई कारण नहीं है ॥ १४ ॥[१]

१. कौन स्त्री सुन्दर है अथवा आकर्षक है? इसका निर्णय नाच, गान,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अवि अ—

जा चक्कवट्टिघरिणी जणगेहिणी जा
पेम्मम्मि ताण ण तिलं पि विसेसलंभो ।
जाणे सिरीअ जइ किज्जइ को वि भेओ (भावो)
माणिक्कभूसणणिअंसणकुंकुमेहिं ॥ १५ ॥

अपि च—

या चक्रवर्तिगृहिणी जनगेहिनी वा
प्रेम्णि तयोर्न तिलमपि विशेषलाभः ।
जाने श्रिया यदि क्रियते कोऽपि भेदो (भावो)
माणिक्यभूषणनिवसनकुङ्कुमैः ॥ १५ ॥

अन्वयः—जा चक्कवट्टिघरिणी जा जणगेहिणी ताण पेम्मम्मि तिलं पि विसेसलंभो ण [अस्ति] । जइ को वि भेओ सिरीअ किज्जइ माणिक्कभूषण-णिअंसणकुंकुमेहिं [क्रियते इति] जाणे ॥ १५ ॥

व्याख्या—या=कामिनी, चक्रवर्तिनः राज्ञः गृहिणी=महिषी चक्रवर्ति-गृहिणी या वा जनस्य=सामान्यस्य नरस्य गेहिनी=पत्नी जनगेहिनी=सामान्य-

और भी—

जो चक्रवर्ती (सार्वभौम राजा) की गृहिणी है और जो सामान्य पुरुष की गृहिणी है उन दोनों के प्रेम में तिल भर का भी अन्तर (विशेषता) नहीं है । यदि उन दोनों में कोई अन्तर है तो वह माणिक्य, आभूषण वस्त्र, और कुङ्कुम से उत्पन्न बाह्य सौन्दर्य में है । ऐसा मैं जानता हूँ ॥ १५ ॥[1]

मदिरापान आदि से नहीं होता है । इसमें एक मात्र कारण है पुरुष की रुचि । जिस स्त्री में पुरुष की अभिलाषा हो उसे वही आकर्षक लगेगी चाहे वह फटेहाल ही क्यों न हो । अर्थात् कामना ही कमनीयता का करण है ।

१. जब 'को वि भावो' ऐसा पाठ होगा तो अर्थ होगा 'चक्रवर्ती राजा की

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अवि अ—

कि लोअणेंहि तरलेहिं किमाणणेण
चंदोवमेण सिहिणेहिं (थणएहिं) किमुण्णएहिं ।

अपि च—

किं लोचनैस्तरलैः किमाननेन
चन्द्रोपमेन स्तनैः किमुन्नतैः ।

नरस्य प्रियतमा, तयोः=उभयोः चक्रवर्तिजनगेहिन्योः, प्रेम्णि-अनुरागे, तिल-मात्रमपि=अणुमात्रमपि, विशेषलाभः=भेदो नास्ति। यदि तत्र कोऽपि भेदः श्रिया=लक्ष्म्या क्रियते, स एतावानेव यत् एका चक्रवर्तिगृहिणी माणिक्यादिभिः विभूषिता भवति अन्या जनगेहिनी खलु निवसनानि=वस्त्राणि कुङ्कुमं=तिलक-द्रव्यं तैः विभूषिता भवति अथवा आभूषणादिभिः निरलंकृता भवतीत्यर्थः, जाने=मन्ये अहमिति शेषः। उत्प्रेक्षालङ्कारः। वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ १५ ॥

अन्वयः—तरलेहिं लोअणेहिं किं, चंदोवमेण आणणेण किं, उण्णएहिं थणएहिं किं; इह भूवलए ता किंपि अण्णं णिमित्तं जेण अंगणाउ हिअआहि ण ओसरंति ॥ १६ ॥

और भी चञ्चल नेत्रों से क्या? चन्द्रसदृश मुख से क्या? उन्नत स्तनों से भी क्या? इस संसार में वह कोई दूसरा ही कारण है जिससे अङ्गनायें हृदय से नहीं निकलती हैं ॥ १६ ॥[१]

पत्नी तथा गरीब की पत्नी के प्रेम में कोई अन्तर नहीं है, लक्ष्मी के द्वारा यदि कोई भाव होता है तो वह माणिक्यादि का पहनना ।

१. 'ता किं पि अण्णमिह भूवलए णिमित्तं' पाठ भी मिलता है परन्तु अर्थ में परिवर्तन नहीं होता है। 'सिहिणेहिं' की जगह 'थणएहिं' पाठ मिलता है। 'सिहिण' देशी शब्द है जिसका भी अर्थ 'स्तन' है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ता किं पि अण्णमिह भूवलए णिमित्तं
(अण्णं णिमित्तमिह किं पि तमत्थि मण्णे)
जेणंगणाउ हिअआहि ण ओसरंति ॥ १६ ॥

विदूषकः—एवं णेदं । किं पुण अण्णं पि मे कधेसु, जं कुमारत्तणे माणुसस्स णं मणोज्जं तस्सि पि तारुण्णएण किं पि चंगत्तणं चडदि ।

राजा—

णूणं दुवे इह पआवइणो जअम्मि
जे देहणिम्मवणजोव्वणदाणदक्खा ।

तत्किमप्यन्यदिह भूवलये निमित्तं
(अन्यन्निमित्तमिह किमपि तदस्ति मन्ये)
येनाङ्गना हृदयान्नापसरन्ति ॥ १६ ॥

विदूषकः—एवं न्विदम् । किं पुनरन्यदपि मे कथय, यत्कुमारत्वे मानुषस्य न मनोज्ञमेतस्मिन्नपि तारुण्ये किमपि चङ्गत्वं वर्धते ।

राजा—

नूनं द्वाविह प्रजापती जगति
यौ देहनिर्माणयौवनदानदक्षौ ।

व्याख्या—तरलैः=चञ्चलैः, लोचनैः=नयनैः किं=नास्ति किमपि प्रयोजनम् ? एवमेव चन्द्रः अस्ति उपमा यस्य तेन चन्द्रोपमेन=शशिसदृशेन, आननेन=मुखेन किम् ? उन्नतैः=उच्चैः, स्तनैः=पयोधरैः किम् ? इह भूवलये=पृथिवीमण्डले तत् किमप्यन्यदेव निमित्तं=कारणमस्ति येन कारणेन, अङ्गना=सुन्दर्यः हृदयात्=अन्तःकरणात् न अपसरन्ति=निर्गच्छन्ति यूनामिति शेषः । यूनां हृदयानि कामिन्यः एवमेव वशीकुर्वन्ति, लोचनादिगतं सौन्दर्यं कारणं नास्ति तत्र इत्यर्थः । वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ १६ ॥

विदूषक—यह ऐसा ही है। कुछ और भी मुझे बतलायें—जिस पुरुष [या स्त्री] में कुमारावस्था में मनोज्ञता नहीं है उसकी इस युवावस्था में मनोज्ञता क्यों बढ़ जाती है ?

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

एक्को घडेइ पढमं कुमरीणमंगं
कंडारिऊण (उक्कारिऊण) पअडेइ पुणो दुईओ ॥ १७ ॥

एको घटयति प्रथमं कुमारीणामङ्ग-
मुत्कीर्य प्रकटयति पुनर्द्वितीयः ॥ १७ ॥

अन्वयः—इह जअम्मि णूणं दुवे पआवइणो जे देहणिम्मवणजोव्वणदाणदक्खा [स्तः]। एक्को पढमं कुमरीणं अंगं घडेइ, दुईओ पुणो उक्कारिऊण पअडेइ ॥ १७ ॥

व्याख्या—इह=अस्मिन् जगति=संसारे, नूनं=निश्चयेन द्वौ प्रजापती=द्वौ विधातारौ ब्रह्मा कामदेवश्च स्तः, यौ देहस्य निर्माणं तस्मिन् देहनिमार्णे=शरीररचनायां, यौवनस्य दाने यौवनदाने=तारुण्यसंपादने च दक्षौ=प्रवीणौ देहनिर्माणयौवनदानदक्षौ । अनयोरेकः=ब्रह्मा (विधाता) प्रथमं=आदौ, कुमारीणां=बालानाम् अङ्गं=शरीरं घटयति=रचयति, पुनः=पश्चात्, द्वितीयः=अपरः कामदेवः अङ्गम् उत्कीर्य – उन्मील्य विकास्य वा प्रकटयति=प्रकाशयति मनोज्ञतां जनयति वा। ब्रह्मा केवलं देहं घटयति कामदेवस्तु देहे सौन्दर्यसृष्टिं विदधाति तस्मात् निपुणतरः खलु कामदेवः। इत्थं ब्रह्मणोऽपेक्षया कामस्याधिक्यं व्यज्यते। वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ १७ ॥

राजा—इस संसार में निश्चय ही दो प्रजापति हैं जो [क्रमशः] शरीर-निर्माण में तथा यौवन-प्रदान करने में दक्ष हैं। एक पहले कुमारी के शरीर को बनाता है और दूसरा (कामदेव रूप प्रजापति) उसे उत्कीर्ण (तराश) करके [यौवन के रूप में] प्रकट करता है ॥ १७ ॥[1]

१. 'कंडारिऊण' तथा 'उक्कारिऊण' (उत्+कृ) एक ही अर्थ में प्रयुक्त हैं। इनका अर्थ है—काट छांटकर तराशना। यहां तथा १८ वें पद्य में राजा ने उस कारण का उल्लेख किया है जिसका संकेत १६ वें पद्य में किया था। वह यौवन ही ऐसा कारण है जिससे स्त्रियाँ कामियों के

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तेण अ—
समणिवलअकंचीणेउरा वेसलच्छी
मरगअमणिमाला गोरिआ (गेरिआ) हारलट्ठी।
हिअअहरणमंतं (तंतं) जोव्वणं कामिणीणं
जअइ मअणकंडं छट्ठअं वड्ढअं (लट्ठअं) च ॥ १८ ॥

तेन च—
समणिवलयकाञ्चीनूपुरा वेषलक्ष्मी-
र्मरकतमणिमाला गौरिका (गैरिका) हारयष्टिः।
हृदयहरणमन्त्रं (-तन्त्रं) यौवनं कामिनीनां
जयति मदनकाण्डः षष्ठको बलिष्ठश्च (मनोहरश्च) ॥ १८ ॥

अन्वयः—समणिवलअकंचीणेउरा वेसलच्छी मरगअमणिमाला गोरिआ हारलट्ठी [परित्यजतु]। हिअअहरणमंतं कामिणीणं जोव्वणं [अस्ति]। [तत्] वड्ढअं छट्ठअं मअणकंडं जअइ ॥ १८ ॥

व्याख्या—मणियुक्तानि वलयानि=कङ्कणानि काञ्च्यः=कटिसूत्राणि नूपुराणि चेति तेषां वेषेण=वेषविन्यासेन या लक्ष्मीः=शोभा समणिवलयकाञ्ची-

---

इसीलिए—

मणिमय कङ्गन, करधनी, नूपुर, वेषभूषा, मरकतमणियों की माला और [सोने का] निर्मल हार [इनको छोड़ो]। हृदय को आकृष्ट करने वाला मंत्र तो कामिनियों का यौवन है जो कामदेव का छठवां प्रबल (या कमनीय) बाण है; उसकी जय हो ॥ १८ ॥[१]

हृदयों में निवास करने लगती हैं। यहाँ प्रसिद्ध प्रजापति ब्रह्मा से कामदेव-रूप प्रजापति का उत्कर्ष बतलाया गया है।

१. जगत में कामदेव के पांच बाण प्रसिद्ध हैं और वह पञ्चशर कहलाता है। यहाँ राजा ने कामिनियों के यौवन को कामदेव का छठा बाण

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तधा अ—

अंगं लावण्णपुण्णं सवणपरिसरे लोअणे फारतारे।
वच्छं थोरत्थणिल्लं तिवलिवलइअं मुट्ठिगेज्झं च मज्झं।

तथा च—

अङ्गं लावण्यपूर्णं श्रवणपरिसरे लोचने स्फारतारे
वक्षः स्थूलस्तनं त्रिवलिवलयितं मुष्टिग्राह्यं च मध्यम्।

नूपुरा वेषलक्ष्मीः (पाठान्तरे—रणितानां=शब्दं कुर्वतां वलयानां काञ्चीनां नूपुराणाम् आवासेन या लक्ष्मीः रणितवलयकाञ्चीनूपुरावासलक्ष्मीः) सा तिष्ठतु तुच्छत्वात्। एवमेव मरकतमणीनां माला=हरिन्मणिमाला) सापि तुच्छत्वात् दूरे तिष्ठतु, गौरिका=सुवर्णनिर्मिता गौरवर्णा वा (पाठान्तरे—गैरिका=सुवर्णरचिता) हारयष्टिः = मुक्ताहारलता सापि दूरे तिष्ठतु। हृदयस्य=अन्तःकरणस्य, हरणाय=वशीकर्तुं स्वायत्तीकर्तुं वा मन्त्रः (पाठान्तरे—तन्त्रम्) = मन्त्रतुल्यं कामिनीनां=नितम्बिनीनां यौवनं=मनोहरं तारुण्यं, जयति =सर्वोत्कर्षेण वर्तते। कामिनीनां कामिनीनां यौवनं खलु बलिष्ठः=प्रबलः; षष्ठकः=प्रसिद्धेभ्यः पञ्चभ्यो वाणेभ्यः भिन्नः षष्ठः मदनस्य=कामदेवस्य; काण्डः=शरः अस्ति। मदनस्य खलु पञ्च शराः प्रसिद्धाः तत्र कामिनीनां यौवनं षष्ठः शरः गणितः अत्र। स च सर्वं जगत् वशीकर्तुं मन्त्र इवाचरति। अनेन कामदेवस्य प्रसिद्धाः पञ्च शराः तुच्छा इति ध्वन्यते। मालिनीवृत्तम्॥ १८॥

बतलाया है तथा उसे सर्वश्रेष्ठ भी बतलाया है। श्रेष्ठ होने से 'जअइ' पद का भी प्रयोग किया है। 'जअइ' पद से यहाँ व्यतिरेक अलङ्कार व्यङ्ग्य है। 'लट्ठ' शब्द 'रम्य' अर्थ में देशी है। 'समणिवलअ' के स्थान पर 'रणिअवलअ' (रणितवलय=शब्दकरते हुए कंगन) पाठ भी मिलता है। 'गोरिआ' निर्मलता का सूचक है। 'गेरिआ' गेरु अथवा लालरंग का बोधक है। गैरिकम्' स्वर्ण का भी बोधक है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चक्काग्रारो णिग्रंबो तरुणिमसमए किं णु ग्रण्णेण कज्जं
पंचेहिं चेग्र बाला मग्रणजग्र (रइरमण) महावेजग्रंतीउ होंति ॥१६

चक्राकारो नितम्बस्तरुणिमसमये किं न्वन्येन कार्यं
पञ्चभिरेव बाला मदनजय(रतिरमण)महावैजयन्त्यो भवन्ति ॥१६॥

अन्वयः—तरुणिमसमए अंगं लावण्णपुण्णं, सवणपरिसरे फारतारे लोअणे, थोरत्थणिल्लं वच्छं, तिवलिवलइअं मुट्ठिगेज्झं च मज्झं चक्काआरो णिअंबो [भवन्ति]। [एभिः] पंचहिं चेअ बाला मअणजअमहावेजअंतीउ होंति, किं णु अण्णेण कज्जं ? ॥ १६ ।।

व्याख्या—तरुणिमा=यौवनं तस्य तरुणिम्नः समये=युवावस्थायां, [कामिनीनाम्] लावण्येन पूर्णं लावण्यपूर्णं=कान्तियुक्तम् अङ्गं=शरीरं भवति; श्रवणयोः परिसरे श्रवणपरिसरे=कर्णपर्यन्तमायते, हारतारे (स्फार तारे)=स्वच्छकानीनिके लोचने=नेत्रे भवतः; स्थूलस्तनं=पीनपयोधरयुक्तं वक्षः=उरःप्रदेशोऽस्तिः, त्रिवलिभिः=तिसृभिः रेखाभिः वलयितं=वेष्टितं त्रिवलिवलयितं, मुष्ट्या ग्राह्यं मुष्टिग्राह्यं=मुष्टिमेयं मध्यं=कटिप्रदेशः; चक्र इव आकारो यस्य सः चक्राकारः तौ चक्राकारौ=सुवर्तुलौ नितम्बौ=काञ्चीस्थानम्। एभिः पञ्चभिरेव बालाः=षोडशवर्षीयाः कामिन्यः मदनस्य=कमदेवस्य जये=जगद्विजये महावैजयन्त्यः=महापताकाः मदनजयमहावैजयन्त्यः भवन्ति, अन्येन=एभिर्भिन्नैः आभूषणादिविविधप्रसाधनैः किं=नास्ति किमपि प्रयोजनम्। युवावस्थाजनितया श्रिया एवं कामिन्यः विश्वं वशीकर्तुं प्रभवन्ति तत्र बाह्यप्रसाधनानां कापि आवश्यकता नास्ति। स्रग्धरावृत्तम् ॥ १६ ॥

और भी—

यौवनावस्था में अङ्ग लावण्य से पूर्ण, नेत्र आकर्ण कान्तिमान्, वक्षस्थल स्थूल स्तनों से युक्त मुष्टिग्राह्य मध्यभाग (कटि) त्रिवलि से युक्त और नितम्ब चक्राकार [हो जाते हैं]। इन्हीं पाँचों साधनों के द्वारा बालायें

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(नेपथ्ये)

सहि कुरंगिए ! इमिणा सिसिरोवग्रारेण णलिणि व्व कामं किलिस्सामि ।

विसं व्व बिसकंदली विसहरो व्व हारच्छडा
वग्रस्समिव ग्रत्तणो किरइ तालवेंटाणिलो ।
तहा ग्र करणिग्गग्रं जलइ जंतधाराजलं
ण चंदणमहोसहं हरइ देहदाहं च मे ॥ २० ॥

(नेपथ्ये)

सखि कुरङ्गिके ! अनेन शिशिरोपचारेण नलिनीव कामं क्लाम्यामि ।

विषमिव बिसकन्दली विषधर इव हारच्छटा
वयस्यमिवात्मनः किरति तालवृन्तानिलः ।
तथा च करनिर्गतं ज्वलति यन्त्रधाराजलं
न चन्दनमहौषधं हरति देहदाहं च मे ॥ २० ॥

अन्वयः—बिसकन्दली विसं व्व, हारच्छडा विसहरो व्व, तालवेंटाणिलो अत्तणो वअस्समिव किरइ, तहा अ करणिग्गअं जंतधाराजलं जलइ । चंदण-महोसहं च मे देहदाहं ण हरइ ॥ २० ॥

कामदेव की विजय पताकायें (महावैजयन्ती) हो जाती हैं, फिर अन्य किसी की क्या आवश्यकता है ? ॥ १९ ॥[1]

[नेपथ्य में]

सखि कुरङ्गिके ! इस शिशिरोपचार से कमलिनी की तरह अतिक्लेश का अनुभव कर रही हूँ ।

---

१. यौवनावस्था में कामिनियों के अंगों का विकास हो जाता है और वे आकर्षक लगने लगती हैं । कामिनियों के कामोत्तेजक पाँच अङ्गों को ही यहाँ कामविजय की महापताका बतलाया गया है ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विदूषकः—सुदं पिअवअस्सेण। भरिआ कण्णा पीऊसगंडूसेण। ता किं अज्ज वि उवेक्खीअदि घणघम्मेण किलम्मंती मुणालिआ,

विदूषकः— श्रुतं प्रियवयस्येन। भृतौ कर्णौ पीयूषगण्डूषेण। तत्किमद्याप्युपेक्ष्यते घनघर्मेण क्लाम्यन्ती मृणालिका, गाढक्वथितदुःसहेन सलिलेन सिच्य-

व्याख्या—विषस्य=कमलमृणालस्य, कन्दली विसकन्दली, विषमिव=गरलमिव घातकं प्रतीयते। एवमेव हारस्य छटा हारच्छटा=हारावली, विषं धरतीति विषधरः=सर्प इव पीडयति, तालवृन्तस्य=तालव्यजनस्य अनिलः=वायुः तालवृन्तानिलः, आत्मनः=स्वस्य वयस्यं=मित्रमग्निमिव, किरति=वर्षति, कराभ्यां निर्गतं=निःसृतं करनिर्गतं, यन्त्रधारायाः जलं=नीरं यन्त्रधाराजलं, ज्वलति=संतापयति, चन्दनमेव महौषधं चन्दनमहौषधं=संतापनिवारणाय कृतः महौषधिस्वरूपः चन्दनलेपः, मे=मम कर्पूरमञ्जर्याः, देहस्य=शरीरस्य, दाहं=सन्तापं, न हरति=न शमयति। एवमुपस्थिते तव विरहे एते शीतोपचाराः विरुद्धमाचरन् मामतीव व्यथयन्ति। विरोधोपमालङ्कारौ। पृथ्वी वृत्तम् ॥ २० ॥

यह कमलनाल (मृणाल=विसकन्दली) विष [लता] के समान है, [यह पुष्प] हार विषधर (सर्प) के समान है। तालवृन्त (ताड़ का पंखा) की हवा अग्नि को वर्षा रही है (शब्दानुसार—अपने मित्र अग्नि के समान आग बिखेर रहा है), हाथ से निकलता हुआ यह पिचकारी का जल तप रहा है और महौषधि रूप चन्दन भी मेरे शरीर के सन्ताप को दूर नहीं कर रहा है ॥ २० ॥[१]

विदूषक—प्रिय मित्र ने सुना ? अमृत रस (पीयूष-गण्डूष) से कान भर गये। तो क्या अब भी तीव्र आतप (धूप, विरह-संताप) से मुरझाई हुई

१. विरहावस्था में शीतल पदार्थ भी संतापदायक होते हैं। यहाँ कर्पूरमंजरी के विरहसंताप का वर्णन किया गया है। वायु से अग्नि उद्दीपित होती है; अतः वायु को अग्नि का मित्र कहा गया है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गाढक्कढिअदूसहेण सलिलेण सिंचिज्जंती केलिकुंकुमत्थली (पुत्तलिआ), छम्मासिअमोत्तिआणं तडित्ति फुडंती एक्कावली, गंठिवण्णकेआरिआ लुंठिज्जंती गंधहरिणेहिं। ता सच्चं सिविणअं दे संपण्णं। ता एहि, पविसम्ह। उट्ठिज्जदु (उब्भिज्जदु) मअरद्धअपडाआ। पअट्टदु कंठकुहरम्मि पंचमहुंकाराणां रिंछोली। थक्कंतु बाहप्पवाहा। संथरिज्जंतु णीसासप्पसरा। लहदु लावण्णं पुणण्णवभावं। ता एहि। खिडिक्किआदुआरेण पविसम्ह।

(इति खिडिक्किकोद्घाटनं नाटयन्ति)

माना केलिकुङ्कुमस्थली (-पुत्रिका), षण्मासिकमौक्तिकानां झटिति (तडिति) स्फुटन्त्येकावली, ग्रन्थिपर्णकेदारिका लुण्ठयमाना गन्धहरिणैः। तत्सत्यः ते स्वप्नः संपन्नः। तदेहि प्रविशावः। उत्थाप्यतां (उत्भ्रियतां) मकरध्वजपताका। प्रवर्ततां कण्ठकुहरे पञ्चमहुंकाराणां रचना (पङ्क्तिः)। तिष्ठन्तु बाष्पप्रवाहाः। मन्थरीक्रियन्तां निःश्वासप्रसराः। लभतांलावण्यं पुनर्नवभावम्। तदेहि, खिडिक्किकाद्वारेण प्रविशावः।

मृणालिका (कमलिनी, कर्पूरमञ्जरी) की उपेक्षा की जायेगी ? खूब खौलते हुए दुःसह पानी से सींची जाती हुई क्रीड़ा कुङ्कुमस्थली कब तक उपेक्षित रहेगी ? छः महीने में तैयार हुए मोतियों (अथवा छह मासा प्रमाण मोतियों) की शीघ्र ही टूटती हुई एकावली [कब तक उपेक्षित रहेगी] ? गन्धहरिणों (कस्तूरी मृगों) के द्वारा लूटी जाती हुई ग्रन्थिपर्णों (पुष्प विशेष) की क्यारी (कब तक उपेक्षित रहेगी) ? आपका स्वप्न साकार (सत्य) हो गया। आओ प्रवेश करें। मकरध्वज (कामदेव) की पताका उठाओ। कोयल पञ्चम स्वर से गूंजें (शब्दानुसार-कोयल के कण्ठ-कुहर में पञ्चम राग प्रवृत्त हो)। आसुओं का प्रवाह रुके। निःश्वासों का प्रसार शिथिल (मंथर) हो। लावण्य पुनः नवीनता को प्राप्त करे। आओ खिड़की के मार्ग से प्रवेश करें।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(ततः प्रविशति नायिका कुरङ्गिका च)

नायिका—(ससाध्वसं स्वगतम्) अम्मो, किं एसो सहसा गअ-णंगणादो अवइण्णो पुण्णिमाहरिणंको ? किं वा तुट्ठेण णीलकंठेण णिअदेहं लंभिदो मणोहओ ? किं वा हिअअस्स दुज्जणो णअणाण सज्जणो मं संभावेदि ? (प्रकाशम्) सहि कुरंगिए ! इदं इंदजालं विअ पेक्खामि ।

विदूषकः—(राजानं हस्ते गृहीत्वा) भोदि ! सच्चं इंदजालं संपण्णं ।

(नायिका लज्जते)

(इति खिडिक्किकोद्घाटनं नाटयति)

(ततः प्रविशति नायिका कुरङ्गिका च)

नायिका—(ससाध्वसं स्वगतम्) अम्मो, किमेष सहसा गगनाङ्ग-नादवतीर्णः पूर्णिमाहरिणाङ्कः ? किं वा तुष्टेन नीलकण्ठेन निजदेहं लम्भितो मनोभवः ? किं वा हृदयस्य दुर्जनो नयनानां सज्जनो मां संभावयति ? (प्रकाशम्) सखि कुरङ्गिके ! इदमिन्द्रजालमिव पश्यामि ।

विदूषकः—(राजानं हस्ते गृहीत्वा) भवति ! सत्यमिन्द्रजालं संपन्नम् ।

(नायिका लज्जते)

[खिड़की खोलते हैं । नायिका और कुरङ्गिका का प्रवेश होता है]

नायिका—[उद्वेग के साथ, मन में] अरे ! क्या यह अचानक आकाश-प्राङ्गण से अवतीर्ण पूर्णिमा का चन्द्रमा है ? अथवा सन्तुष्ट हुए नीलकण्ठ (शिवजी) से कामदेव ने अपना शरीर प्राप्त कर लिया है ? अथवा हृदय के लिए दुर्जन (हृदय को चुराने के कारण) और नेत्रों के लिए सज्जन (दर्शनीय होने से) यह पुरुष मेरा सम्मान कर रहा है । [प्रकाश में] सखि कुरङ्गिके ! इन्द्रजाल सा देख रही हूँ ।

विदूषक—[राजा का हाथ पकड़कर] आर्ये ! इन्द्रजाल सच हो गया ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कुरङ्गिका—सहि कप्पूरमंजरि ! अब्भुट्ठाणेण संभावेहि भट्टारअं ।

(नायिका उत्थातुमिच्छति)

राजा—(हस्ते गृहीत्वा)

उट्ठिऊण थणभारभंगुरं मा मिअंकमुहि ! भंज मज्झअं ।
तुज्झ ईदिसणिवेसदंसणे लोअणाण मअणो पसीअदु ।। २१ ।।

कुरङ्गिका—सखि कर्पूरमञ्जरि ! अभ्युत्थानेन संभावय भट्टारकम् ।

(नायिका उत्थातुमिच्छति)

राजा—(हस्ते गृहीत्वा)

उत्थाय स्तनभारभङ्गुरं मा मृगाङ्कमुखि ! भञ्जय मध्यम् ।
तवेदृशनिवेशदर्शने लोचनयोर्मदनः प्रसीदतु ।। २१ ।।

अन्वयः—मिअंकमुहि ! उट्ठिऊण थणभारभंगुरं मज्झअं मा भंज । तुज्झ ईदिसणिवेसदंसणे [मम] लोअणाण मअणो पसीअदु ।। २१ ।।

व्याख्या—मृगस्य अङ्कोऽस्ति यस्मिन् स मृगाङ्कः=चन्द्रः स इव मुखं=वदनं यस्याः सा तत्सम्बुद्धौ हे मृगाङ्कमुखि=चन्द्रानने ! उत्थाय=मम राज्ञः स्वागतार्थमुत्थाय, स्तनयोः=पयोधरयोः भारः स्तनभारस्तेन भङ्गुरं=त्रुटनशीलमा-

---

[नायिका लज्जित होती है]

कुरङ्गिका— सखि कर्पूरमञ्जरि ! उठकर महाराज का सम्मान करो ।

[नायिका उठना चाहती है]

राजा—[हाथ पकड़कर]

हे चन्द्रमुखि ! [मेरे स्वागतार्थ] उठकर स्तनों के भार से टूट रही अपनी कमर को मत तोड़ो । तुम्हें इस रूप में देखने वाली मेरी आखों को कामदेव ही बचाए अथवा मेरे नेत्रों में स्थित मदन प्रसन्न हो ।। २१ ।।[1]

---

१. यहाँ 'मअणो पसीअदु' से ध्वनित होता है कि तुझे मैं इसी रूप में सदा देखता रहूँ यदि कामदेव की कृपा बनी रहे ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अवि अ—

जिस्सा पुरो हरइ णो हरिआललच्छी (हरिदा दलिआ हरिद्दा) रोसाणिअं ण कणअं ण अ चंपआइं।
ताइं सुवण्णकुसुमेहिँ विलोअणाइं
अच्चेमि जेहिँ हरिणच्छि ! तुमं सि दिट्ठा ॥ २२ ॥

अपि च—

यस्याः पुरो हरति न हरितालक्ष्मीः (हरिता दलिता हरिद्रा);
उज्ज्वलीकृतं न कनकं न च चम्पकानि।
ते (तानि) सुवर्णकुसुमैर्विलोचने
अर्चयामि याभ्यां हरिणाक्षि ! त्वमसि दृष्टा ॥२२॥

क्रान्तं वा स्तनभारभङ्गुरं, मध्यं=कटिप्रदेशं, मा भञ्जय=भग्नं न कुरु, मा पीडय इत्यर्थः। तव ईदृशस्य=एतादृशस्य, निवेशस्य=अवस्थायाः दर्शनं तस्माद् ईदृशनिवेशदर्शनात्, आकृष्टयोः मम लोचनयोः=नेत्रयोः, मदनः= कामः मनोरथो वा, प्रसीदतु=मोदतां पूर्णो भवतु रक्षतु वा। त्वामीदृश्याम-वस्थायां विलोक्य मम नेत्रे प्रसादमनुभवत इति। तस्मात् मदनस्य कृपया अहं त्वामग्रेऽपि एवं विलोकनोत्सुकोऽस्मि। अतः स्वागतार्थमुत्थानादिप्रयासो व्यर्थं इति। रथोद्धता वृत्तम् ॥ २१ ॥

अन्वयः—हरिणच्छि ! जिस्सा पुरो हरिआललच्छी णो हरइ, रोसाणिअं कणअं ण, चंपआइं ण अ, तुमं जेहिँ विलोअणाइं दिठ्ठा सि ताइं सुवण्ण-कुसुमेहिँ अच्चेमि ॥ २२ ॥

व्याख्या—हरिणस्य अक्षिणी इवाक्षिणी यस्याः तत्संबुद्धौ हे हरिणाक्षि=

और भी —

हे हरिणाक्षि ! जिसके समक्ष हरिताल (पीली धातु विशेष, पक्षी विशेष) की शोभा कुछ भी नहीं है (शब्दानुसार—आकर्षक नहीं है), चमकता हुआ सोना और चम्पा का फूल भी कुछ नहीं है ऐसी तुम जिन नेत्रों के द्वारा देखी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

विदूषकः—गब्भघरवासेण सेअसलिलसित्तगत्ता संभूदा तत्थभोदी कप्पूरसंजरी। ता इमं सिचअंचलेण वीजजइस्सं दाव। (तथा

विदूषकः—गर्भगृहवासेन स्वेदसलिलसिक्तगात्रा संभूता तत्रभवती कर्पूरमञ्जरी। तदिमां सिचयाञ्चलेन वीजयिष्यामि तावत्। (तथा कुर्वन्)

मृगनयने। यस्याः=तव, पुरः=अग्रतः, हरितालस्य=पीतधातुविशेषस्य, लक्ष्मीः=शोभा, न हरति=न शोभते नाकर्षयति तुच्छत्वादिति (पाठान्तरे–दलिता=चूर्णीकृता हरिद्रापि न हरिता व्यर्थमिति)। एवमेव उज्ज्वलीकृतम्=अग्निना शोधितं, कनकं=सुवर्णमपि न उज्ज्वलं प्रतिभाति चम्पाकानि=चम्पकपुष्पाणि च न शोभन्ते। इत्थंभूता अनुपमसुन्दरी त्वं कर्पूरमञ्जरी, याभ्यां=मल्लोचनाभ्यां दृष्टा=अवलोकिताऽसि ते (तानि) मदीये विलोचने =नयने सुवर्णनिर्मितैः सुवर्णसदृशैर्वा कुसुमैः=पुष्पैः सुवर्णकुसुमैः, अर्चयामि=पूजयामि। मम लोचनाभ्यां साफल्यं जातं दर्शनीयायास्तव दर्शनेन। व्यतिरेकः। वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ २२ ॥

गई हो उनकी मैं स्वर्ण के फूलों से पूजा करता हूँ ॥ २२ ॥[1]

विदूषक—कर्पूरमञ्जरी का शरीर गर्भगृह (अन्तर्गृह) में रहने से

१. इस पद्य से नेत्रों का साफल्य तथा कर्पूरमंजरी का अतिशय सुन्दर होना प्रतिध्वनित होता है। कर्पूरमंजरी के अद्‌भुत सौन्दर्य को प्रत्यक्ष करने में चूंकि नेत्र कारण बने हैं; अतः उनकी पूजनीयता कही गई है। इससे यह भी ध्वनित होता है कि जब नेत्रों की सुवर्ण कुसुमों से पूजा होगी तो कर्पूरमंजरी की पूजा उससे भी कीमती वस्तुओं से होना चाहिए। अतः यहाँ तात्पर्य है, तुम्हें देखकर मेरे नेत्र सफल हो गये क्योंकि जो दर्शनीय था वह उन्होंने देख दिया। 'हरिदा दलिआ हलिद्दा' (हरिता दलिता हरिद्रा) पाठानुसार अर्थ होगा—पीसी गई हल्दी जिसके समक्ष कुछ भी नहीं है (पीली नहीं है)।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कुर्वन्) हा हा, कधं वरिल्लपवणेण णिव्वाणो पदीवो। (विचिन्त्य स्वगतम्) भोदु, लीलुज्जाणं ज्जेव गच्छम्ह। (प्रकाशम्) भो, अंधआरणच्चिदं वट्टदि। ता णिक्कमम्ह सुरंगामुहेण ज्जेव पमदुज्जाणं दाव।

(सर्वे निष्क्रमणं नाटयन्ति)

राजा—(कर्पूरमंजरीं करे गृहीत्वा)

मज्झ हत्थठिदपाणिपल्लवा ईस संचरणचंचुरा (बंधुरा) भव।
जं चिराअ कलहंसमंडली भोदु केलिगमणम्मि दूहवा ॥ २३ ॥

हा हा, कथं वस्त्राञ्चलपवनेन निर्वाणः प्रदीपः ? (विचिन्त्य स्वगतम्) भवतु, लीलोद्यानमेव गच्छामः। (प्रकाशम्) भोः, अन्धकारनृत्यं वर्तते। तन्निष्क्रमामः सुरङ्गामुखेनैव प्रमदोद्यानं तावत्।

(सर्वे निक्रमणं नाटयन्ति)

राजा—(कर्पूरमंजरीं करे गृहीत्वा)

मम हस्तस्थितपाणिपल्लवा ईषत्संचरणबन्धुरा (-चञ्चुरा) भव।
यच्चिराय कलहंसमण्डली भवतु केलिगमने दुर्भगा ॥ २३ ॥

अन्वय.—मज्झ हत्थठिदपाणिपल्लवा ईस संचरणबन्धुरा भव। जं कलहंसमंडली चिराअ केलिगमणम्मि दूहवा भोदु ॥ २३ ॥

पसीने से तर हो गया है। अतएव वस्त्र के छोर से इसे हवा कर दूँ। [वैसा करता हुआ] अरे ! अरे ! यह क्या! वस्त्राञ्चल की हवा से दीपक ही बुझ गया। [विचारकर, मन में] अच्छा, लीलोद्यान में ही चलें। [प्रकट] चारों ओर अन्धकार छाया हुआ है। तब तो सुरंगद्वार से ही प्रमदोद्यान में निकल चलें।

[सभी निकलने का अभिनय करते हैं]

राजा—(कर्पूरमञ्जरी का हाथ पकड़कर)

मेरे हाथ में हाथ (पाणिपल्लव) रखकर मन्द मन्द गमन (लीलापूर्वक

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

(स्पर्शसुखमभिनीय)
जे णवस्स तिउसस्स (तिमिसस्स) कंटआ जे कदंबकुसुमस्स केसरा ।

(स्पर्शसुखमभिनीय)
ये नवस्य त्रपुषस्य(तिमिषस्य) कण्टका ये कदम्बकुसुमस्य केसराः ।

व्याख्या—मम=राज्ञः, हस्ते=करे, स्थितः=धृतो निहितो वा हस्तस्थितः; पाणिरेव पल्लवः पाणिपल्लवः = करकिसलयः हस्तस्थितः पणिपल्लवः यस्याः सा हस्तस्थितपाणिपल्लवा त्वं कर्पूरमञ्जरी ईषत् संचरणेन =मन्द-मन्दगमनेन वा बन्धुरा=मनोहरा ईषत्संचरणवन्धुरा भव=भवतु। यत्=यस्मात् कारणात् तव एतादृशीं गतिमवलोक्य कलहंसानां=केलिगमने प्रसिद्धानां राजहंसानां मण्डली=समुदायः कलहंसमंडली, चिराय=चिरकालं यावत् सततं वा केलिगमने = लीलागतौ, दुर्भगा=श्रीहीना, हतभाग्या अरुचिरा वा, भवतु=भवेत्। जनाः तेषां प्रसिद्धहंसानां मत्तगतिं नाद्रियेरन् मम हस्तगृहीतायाः तव विलासगमनमेव प्रशंसेयुरित्यर्थः। रथोद्धता वृत्तम् ॥ २३ ॥

अन्वयः—जे णवस्स तिउसस्स कंटआ जे कदंबकुसुमस्स केसरा [सन्ति] तुज्झ करफंससविखणो अज्ज ते मह अंगणिज्जिदा हवंतु ॥ २४ ॥

गमन=मस्ती की चाल) से मनोहर बनो जिससे कलहंसों की मण्डली चिरकाल तक (हमेशा के लिए) लीलापूर्वक गमन करने में शोभाहीन हो जाए। ॥ २३ ॥[१]

[स्पर्श सुख का अभिनय करके]

